ASPECTS OF ECONOMIC HISTORY
OF
EASTERN UTTAR PRADESH
IN
EIGHTEENTH CENTURY

THESIS SUBMITTED FOR THE DEGREE OF DOCTOR OF PHILOSOPHY IN HISTORY

THESIS SUBMITTED BY

Smt. Anno Srivastava

SUPERVISOR

Prof. C. P. Jha

DEPARTMENT OF HISTORY
(Medieval & Modern)
University of Allahabad.

University of Allahabad.

1997

विषय-सूची

पृष्ठ

प्राक्कथन

प्राक्कथन

भारत का सास्कृतिक इतिहास अपनी विभिन्न विशिष्टताओ को सजोये हुये समन्वयवादिता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। विदेशी ग्रहणीय तत्वो को आत्मसात करने की इसमे विलक्षण क्षमता अनादि काल से विद्यमान रही है। अपनी इस विशिष्टता के कारण अत्यन्त प्राचीन होते हुये भी इसके विकास की धारा निरन्तर प्रवाहित होती रही है। सार्वजनीयता, सहिष्णुता, और बौद्धिकता इसकी मुख्य विशेषता रही है। इन गुणो से सुसज्जित यह सस्कृति विश्व मे बेजोड रही है।

भारत का पूर्वी उत्तर प्रदेशअपनी वैभवशाली सास्कृतिक परम्पराओ के लिए सदैव से विशिष्ट रहा है। ऐतिहासिक दृष्टि से यह प्रदेश कौतुकपूर्ण रहा है। इतिहास के विद्यार्थी का इसके प्रति आकर्षण स्वाभाविक है। धर्म आस्था, परम्परा और ऐतिहासिक गौरव के इस प्रदेश का सर्वाधिक आकर्षित करने वाला भाग बनारस मण्डल अद्वितीय है। पूर्वी उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र सास्कृतिक विशिष्टताओ के साथ ही साथ व्यापार और उद्योग धधो का विशिष्ट केन्द्र भी रहा है। ऐसे ही स्थल पर अपने शोध कार्य को केन्द्रित करने का उद्देश्य कम से कम क्षेत्र का अधिक से अधिक जानकारी एकत्रित कर और शोध प्रबध के रूप मे प्रस्तुत करना सेवा का एक लघु प्रयास है।

अट्ठारहवी शताब्दी का पूर्वी उत्तर प्रदेश बनारस मडल, गोरखपुर मडल और फैजाबाद मंडल के दो जिलों से मिल कर बनता है। किन्तु मैने इस विस्तृत क्षेत्र को अपने शोध मे सम्मिलित न करके मात्र बनारस

मडल को ही लिया है। मेरे शोध निदेशक महोदय ने मुझे परामर्श दिया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन्ही भू–भाग को शोध कार्य के लिए सम्मिलित किया जाय जो ठीक १७०० से १८०० के मध्य मडल की स्थिति मे थे। नि सन्देह यह परामर्श विषय के प्रति मेरे रूझान और अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने की ललक के अनुकूल था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के बनारस मण्डल पर अनेक शोध कार्य हो चुके है। इससे सम्बन्धित शोध ग्रन्थो और शोध पत्रो की एक लम्बी श्रृखला है। किन्तु उद्योग धधो से सुसज्जित इस व्यापारिक स्थली पर ऐसा कोई कार्य अलग से नही हुआ है जिससे इसके आर्थिक पहलू का स्पष्ट और उचित मूल्याकन किया जा सके। इसी अभाव को पूर्ण करने का मेरा यह प्रयास है।

हमारा शोध कार्य १८वी शताब्दी के पूर्वी उत्तर प्रदेश के बनारस मण्डल पर केन्द्रित है। मुख्य विषय तत्कालीन आर्थिक पहलू की गवेषणा है किन्तु इसी के साथ तत्कालीन बैकिग प्रणाली, कम्पनी शासन द्वारा की गई चुंगी, कर और राजस्व व्यवस्था का अध्ययन इस शोध प्रबध को महत्वपूर्ण अग है। मैने इस शोध प्रबध को छ अध्याय मे विभक्त किया है जो इस प्रकार है –

प्रथम अध्याय– भूमिका, द्वितीय अध्याय–उद्योग एव व्यवसाय, तृतीय अध्याय–कर, चुगी तथा बैकिंग प्रणाली, चतुर्थ अध्याय–भू–राजस्व व्यवस्था भाग (१), पचम अध्याय–भू– राजस्व व्यवस्था भाग (२), षष्टम् अध्याय–उपसहार,

उक्त अध्यायो के अन्तर्गत मैने क्रमश बनारस मडल का सक्षिप्त इतिहास, सम्पूर्ण मण्डल मे होने वाले उद्योग और व्यवसाय तथा उनके

प्रति ब्रिटिश नीति, कर राजस्व की व्यवस्था हेतु ब्रिटिश शासन के प्रयास और व्यवस्था, कम्पनी शासन द्वारा, पूर्वी उत्तर प्रदेशके बनारस मडल मे गुगलकालीन भू–राजस्व व्यवस्थाके परिप्रेक्ष्य मे किये गये परिवर्तन, सुधार कार्य एव विस्तृत अध्ययन के आधार पर तथ्यो का मूल्याकन और उपसहार प्रस्तुत किया गया है।

इस शोध कार्य मे विषय सम्बन्धी मूल अभिलेख, राजकीय रिपोर्ट, ट्रैवेलर्स एकाउन्ट, परिशियन स्रोत, उर्दू स्रोत, सस्कृत स्रोत, हिन्दी स्रोत, पत्र पत्रिकाये, समाचार पत्र एव आवश्यकतानुसार विशिष्ट ग्रन्थो के तथ्यो को आधार बनाकर कार्य किया गया है।

अपने शोध कार्य के सन्दर्भ मे मैने इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुस्तकालय, स्टेट लाइब्रेरी इलाहाबाद, पब्लिक लाइब्रेरी इलाहाबाद, बोर्ड ऑफ रेवेन्यू रेकार्ड रूम लखनऊ, इलाहाबाद म्युजियम, नेशनल लाइब्रेरी कलकत्ता, काशी राज विद्या मदिर ट्रस्ट वाराणसी, कारमाइकल लाइब्रेरी वाराणसी, राष्ट्रीय अभिलेखागार दिल्ली, राजकीय अभिलेखागार लखनऊ, क्षेत्रीय अभिलेखागार इलाहाबाद, सम्बन्धित जनपदो के कलेक्ट्रेट रेकार्ड आदि से प्राप्त सामग्री का अवलोकन और अध्ययन किया है तथा प्राप्त तथ्यो के आधार पर शोध ग्रन्थ की रचना किया है। अध्ययन स्थलो के सम्बन्धित अधिकारियो और कर्मचारियो द्वारा प्रदत्त सहयोग हेतु उनके प्रति अपना धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

इस शोध कार्य मे मुझे मेरे शिक्षको, सहयोगियो, मित्रो, परिवारजनो ने जो परामर्श और सहायता दिया है उससे मै निश्चित रूप से लाभान्वित हुई हूँ। स्व०डा० राधेश्याम जी के निर्देशन मे शोध कार्य के लिए मेरा

नामाकन हुआ। यद्यपि उनकी अस्वस्थता के कारण उनके निर्देशन मे मेरा कार्य पूर्ण नही हो पाया किन्तु नि सन्देह उन्हीं के विशेष आशीर्वाद के फलस्वरूप आज मै यह शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करने मे समर्थ हो सकी हूँ। पूज्य स्व० राधेश्याम जी के प्रति यह मेरी श्रद्धाजलि है।

मै विशेषरूप से अपने वर्तमान निर्देशक प्रोफेसर श्री सी०पी० झा साहब जो स्नाकोत्तर स्तर पर मेरे गुरू भी रहे है के प्रति ऋणी और कृतज्ञ हूँ जिन्होने मुझे अपना निर्देशन प्रदान करने की सहमति देकर मुझ पर महान कृपा की है। इतना ही नही इस शोध प्रबध को पूर्ण करने मे मेरा मार्गदर्शन बडी ही सहृदयता से किया है। उनके द्वारा कार्य का सूक्ष्म निरीक्षण, सुझाव और सशोधन का प्रतिफल है मेरा यह शोध प्रबध। मै पूर्ण विनम्रता के साथ बारम्बार उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करती हूँ। विभागध्यक्ष डा० श्रीमती रेखा जोशी के प्रति मै ससम्मान आभार प्रकट करती हूँ जिन्होने कार्य के मध्य आये अनेक व्यवधानो को दूर करने मे मेरी सहायता किया।

रीडर श्री विनय चन्द्र पाण्डेय जी, जो स्नाकोत्तर स्तर पर मेरे सहपाठी भी रहे हैं के द्वारा उदारतापूर्णक दिये गये बहुमूल्य परामर्श का स्मरण मेरा सुखद कर्त्तव्य है। प्रो० श्री एन० आर० फारुकी एव रीडर श्री पी० एल० विश्वकर्मा के सहयोगात्मक भाव के लिए मै अपना आभार व्यक्त करती हूँ।

कम्प्यूटर कम्पोजिग के निमित्त सलग्न श्री विनय शुक्ला, स्वामी लक्ष्मी कम्प्यूटर सेटर ४६/५ बी०१ मालवीय रोड, जार्ज टाउन, इलाहाबाद

दूरभाष – ६०६१५३, जो कि मेरे पुत्र समान है; उन्हे विशिष्ट रुप से धन्यवाद ज्ञापित करती हूॅ एव आर्शीवाद प्रदान करती हूॅ।

अन्त मे मै पुन अपने समस्त गुरुजनो, सहयोगियो और मित्रो के प्रति सादर धन्यवाद एव आभार प्रकट करती हूॅ।

22/12/97

(श्रीमती अन्नो श्रीवास्तवा)

दिसम्बर १९९७

भूमिका

भूमिका

पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले अपने प्राचीन गौरव एव गरिमा के लिए प्रसिद्ध है। जहाँ एक ओर बनारस जनपद अपनी सभ्यता और सस्कृति का एक मुक्त क्षेत्र है[1] वही जौनपुर भी अपनी प्राचीनता के लिए यमदग्नि ऋषि की पावन तपोभूमि के रूप मे सर्वविदित है।[2] गाजीपुर जनपद गाध नायक की सजीव कथाओ से परिपूर्ण है तथा मौर्य वश के शासको के कारण अपना विशेष अस्तित्व रखता है।[3] मिर्जापुर विन्ध्यवासिनी देवी के पूजन और आस्था के लिए प्रसिद्ध है।[4] पूर्वी उत्तर प्रदेश के समस्त जनपद एक समृद्ध और वैभवशाली सभ्यता एव सस्कृति अपने मे सजोये हुये है। गगा के किनारे पर स्थित भारत का प्रमुख धार्मिक नगर बनारस है जहाँ के असख्य मन्दिर और मस्जिद अपनी गौरवपूर्ण इतिहास के उदाहरण है।[5] इस पवित्र नगरी का सृजन ईश्वर ने स्वय ही वरूणा और अस्सी नदियो के निकट किया था। यह पवित्र स्थली समस्त दरिद्रताओ से मुक्त है।[6] यह भारत मे नदियो के किनारे बसे नगरो मे सर्वाधिक सुन्दर है। पवित्र गगा के किनारे स्थित प्राचीन नगर बनारस ऐतिहासिक वैभव से युक्त है। बनारस निश्चय ही भागीरथी के शीतल तथा पवित्र जल के तट पर बसे

---

1 बलदेव उपाध्याय – काशी मे पाण्डित्य परम्परा – पृष्ठ – १

2 भारत' समाचार पत्र, १३ सितम्बर १९८६

3 इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया, जिल्द – १२ पृष्ठ २२४

4 'कल्याण' पत्रिका विशेष सस्करण–पृष्ठ–१३८

5 ई० वुड– दि रिवोल्ट इन हिन्दुस्तान' - पृष्ठ--३२

6 स्कद पुराण–काशी–खण्ड–३०–पृष्ठ २०–२१

नगरो मे अद्वितीय है जो पडितो, पुजारियो तथा धर्म के प्रति आस्थावान जन सामान्य का आश्रय स्थल है। यह नगर न केवल धर्मस्थल है बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का सर्वविदित व्यापारिक स्थल भी है। बनारस नगर जहॉ विष्णु, शिव व शिवलिग पूजा के लिए अपना विशेष महत्व रखता है वही इसी नगर का सम्भाग मिर्जापुर विन्ध्वासिनी देवी के पूजन अर्चन और आस्था के लिए प्रसिद्ध है।[7]

मुगल शासक औरगजेब ने अपने सकल्प के अनूरूप वनारस के तमाम मन्दिरो को ध्वस्त एव धराशायी कर दिया। उसने नगर की मौलिकता को नष्ट करने के प्रयास मे इसका नाम परिवर्तित करके ' मुसलमानो का नगर' कर दिया किन्तु यह नया नाम मात्र उसके उत्तराधिकारियो द्वारा चलाये गये सिक्को तक ही सीमित रह गया। यह स्थिति तब तक बनी रही जब तक कि ईस्टइण्डिया कम्पनी द्वारा बनारस का अवध के नवाब से अधिग्रहण नही हो गया।[8]

१७१६ मे फर्रुखशियर का कत्ल कर दिया गया और सितम्वर माह मे मुहम्मद शाह को बनारस का दायित्व सौपा गया। किन्तु यह व्यवस्था वहुत दिन तक नही चल सकी। मुर्तजा खॉ जो एक दरबारी था, के हाथ मे बनारस, जौनपुर, गाजीपुर और चुनारगढ की जागीर दे दी गयी।[9] मुगल

---

7 डब्ल्यू ० क्रुक–दि नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज ऑफ इण्डिया, देयर हिस्ट्री इथनोलाजी एण्ड ऐडिमिनिस्ट्रेशन–पृष्ठ २४६–२४८

८ प्रयाग दयाल– कैटेलाग ऑफ क्वायन्स ऑफ किग्स ऑफ अवध पृष्ठ–२ (परिचय)

९ ए० एल० श्रीवास्तव–'दि फर्स्ट टू नवाब ऑफ अवध पृष्ठ ४२ एव डगलस डेवर–ए हेन्डबुक टू दि इग्लिश प्रीम्पूटनी रेकार्ड पृष्ठ–२५८ एव, ए० एन० सिह गाजीपुर जनपद इतिहास पृष्ठ २८

शासन के अन्तिम चरण मे बनारस प्रान्त एक राजा के अधीन था जिसे सम्राट के शासनादेश से उपाधि मिली थी।। औरगजेब की मृत्यु के तत्काल बाद मुगल राज्य की शक्ति और वैभव का क्षय प्रारम्भ हो गया। केन्द्रीय सरकार शक्तिहीन होती गई और प्रान्तीय अधिपति व्यावहारिक रूप से स्वतत्र होने लगे। मुर्तजा खा ने इन जिलो को अवध के नवाब के वजीर सआदत खॉ को सात लाख रुपया के पट्‌टे पर दे दिया। उपरोक्त पट्‌टे को समाप्त कर के ये जिले मीर रुस्तम अली को आठ लाख रुपये मे दे दिये गये।[10] मीर रूस्तम अली ने सम्पत्ति की व्यवस्था एक भूमिहार ब्राह्मण को सौप दिया जो वर्तमान बनारस के सत्तारूढ परिवार का सस्थापक. था। मनसाराम एक योग्य व्यक्ति था और शीघ्र ही इन जिलो का सस्थापक एव वास्तविक शासक बन बैठा। नबाब के मीर रूस्तम अली से असन्तुष्ट होने पर वह उनका कानूनी पट्‌टेदार हो गया।[11] इसके तुरन्त बाद १७३८ मे मनसाराम की मृत्यु हो गयी और उसके पुत्र बलवन्त सिह ने दिल्ली के सम्राट, महमूद शाह के शासनादेश से राजा की उपाधि प्राप्त की तथा बनारस, जौनपुर और चुनार का क्षेत्र सरकार के पुराने पट्‌टे पर १३ लाख वार्षिक राजस्व देकर प्राप्त किया। बलवन्त सिह महत्वाकाक्षी तथा योग्य शासक था। उसमे स्वतत्रता की भावना तीव्र थी। दस वर्षो तक उसने नये नवाब सफदरजग को नियमित रूप से राजस्व दिया किन्तु जव १७४८ मे अफगानो के उदय से उसकी शक्ति क्षीण हो गयी तो उसने राजस्व देना बन्द कर दिया और नबाव के प्रतिनिधि को भगा दिया।[१२]

---

10 खैर–उद्दीन–मोहम्मद– तोहफा–ए–ताज (बलवतनामा) पृष्ठ–२ (अनुवाद फ्रेडिंक करवेन) एव ' हिस्ट्री आफ बनारस–प्रो० ए० एस० अल्टेकर पृष्ठ–५६

11 वही–पृष्ठ–२, एव गोकुल नाथ बदीजन 'चेत चन्द्रिका' पृष्ठ–३

12 प्रो० ए० एस० अल्टेकर– हिस्ट्री आफ बनारस पृष्ठ–६० एव बलवत नामा–पृष्ट–६

अफगान अहमद शाह बगश की विकसित शक्ति ने बलवत सिह को उससे सधि करने के लिए विवश किया जिसमे उसे गगा के उत्तरी क्षेत्र का त्याग करना पडा। किसी तरह से मराठो से सहायता प्राप्त करके सफदरजग ने अहमद शाह बगश को पराजित किया और इससे उत्साहित होकर बलवत सिह ने बिना गोली चलाये अफगानो द्वारा छीना गया अपना क्षेत्र प्राप्त कर लिया।[13] अब उसे नवाब वजीर का सामना करना था जो उसे दड देने के लिए बनारस आया। बलवत सिह को उसने मिर्जापुर पहाडियो मे स्थित किले मे जाने के लिए विवश किया। लेकिन नवाब उसे पकडने या पराजित करने मे असमर्थ था। वह उसे पहाडियो मे भेजने के लिए विवश नही कर सका क्योकि इसी बीच दिल्ली के सम्राट ने उसे अहमद शाह अब्दाली के प्रकरण का निराकरण करने के लिए आमन्त्रित किया। दिल्ली प्रस्थान करने के पूर्व उसे मार्च १७५२ मे बलवत सिह के साथ सन्धि करनी पडी। सफदरजग के साथ सधि करने के पश्चात बलवत सिह को विश्राम का समय मिला जिसका उपयोग उसने अपनी स्थिति को सुदृढ बनाने के लिए किया। वजीर के साथ हाल के युद्धो ने उसे किलो के महत्व से अवगत करा दिया था और वह १७५२ मे रामनगर मे एक किले के निर्माण के लिए प्रवृत्त हुआ। १७५४ मे जब सफदर जग की मृत्यु हुई बलवन्त सिह ने एक बार फिर स्वतत्रता की घोषणा की किन्तु वह फिर असफल रहा। १७६५ मे इलाहाबाद मे अग्रेजो और शाह आलम के मध्य हुई सन्धि के अन्तर्गत बनारस अवध के नबाव को इस शर्त पर दिया गया कि बलवत सिह को पूर्ववत शासक बना रहने दिया जाय।[14]

---

13 प्रो० ए० एस० अल्टेकर– हिस्ट्री आफ बनारस पृष्ठ–६०

14 वही– पृष्ठ–६२

इस सन्धि से किसी भी प्रकार से नवाब और बलवत सिह के सम्बन्धो मे सुधार नही हुआ। उसने दो बार नबाव को हटाने का असफल प्रयत्न भी किया। एक प्रयास अग्रेजो के द्वारा भी किया गया। बाद मे नबाव ने बलवत सिह को देय धन मे दस लाख की वृद्धि करने के लिए विवश किया। १७७० मे बलवन्त सिह की मृत्यु हो गयी। उसके बाद उत्तराधिकार के लिए उसकी पुत्री के पुत्र महीपनारायण सिह तथा उसके अवैध पुत्र चेतसिह के मध्य विवाद हुआ। उत्तराधिकारी बालक था और चेतसिह ने स्वय उत्तराधिकार प्राप्त करने के लिए नवाब को तेइस लाख रूपये घूस देने की व्यवस्था की। १७७२ मे बनारस मे वारेन हैस्टिग्स तथा नवाब वजीर शुजाउद्दौला ने आपसी बातचीत मे चेतसिह को राज्य का उत्तराधिकार २२ १/२ लाख रू० वार्षिक राजस्व लेकर देना निश्चित किया। १७७५ मे शुजाउद्दौला की मृत्यु के पश्चात उसके उत्तराधिकारी आसफउद्दौला ने बनारस प्रान्त अग्रेजो को दे दिया। किसी तरह चेतसिह को अग्रेज रेजीडेन्ट के अधीन बनारस का अधिपति बने रहने की स्वीकृति मिल गई।[15] इसके तुरन्त बाद वारेन हैस्टिग्स तथा उसकी परिषद के सदस्यो मे विवाद उत्पन्न हो गया और चेतसिह ने आन्तरिक झगडो को दूर कर के अपनी स्थिति सुदृढ करना चाहा। बनारस का प्रथम रेजीडेन्ट फ्रॉसिस का मित्र था और चेतसिह ने गवर्नर जनरल के विरुद्ध उसका साथ दिया। कर्नल मौनसन की मृत्यु के बाद हैस्टिग्स का पक्ष सबल हो गया और उसने फ्रॉसिस का साथ देने के कारण चेतसिह को दण्डित करने का निश्चय किया। उसने ग्राहम को बनारस का नया रेजीडेन्ट

15 वही–पृष्ठ–६३

नियुक्त किया जिसने विभिन्न तरीको से चेतसिह को परेशान करना प्रारम्भ किया। चेतसिह अपने पिता की भॉति सामजस्य करने वाला नही था। इस लिए वह परिवर्तित स्थिति का सामना नही कर सका।[16] यहॉ तक कि ग्राहम के सहायको ने भी चेतसिह को मूर्ख बनाया और धमकाया। ग्राहम के एक समर्थक अलाउद्दीन ने एक बार चेतसिह से कहा कि रेजीडेन्ट अस्वस्थ है। हकीम ने उसके लिए लाल चीटो के सिर से बनाये गये तेल की औषधि निर्धारित की है और चार मन लाल चीटो की तत्काल आवश्यकता है। लाल चीटे दुलर्भ होने के कारण बनारस मे उपलब्ध नही थे। अत चेतसिह ने सारे जिले से उन्हे एकत्रित करने का आदेश जारी किया लेकिन वह पर्याप्त मात्रा मे एकत्र करने मे सफल न हो सका और रेजीडेन्ट के क्रोध से आतकित हो गया। चतुर एव धूर्त मुशी को औषधि ग्रहण करने का तरीका बदलना था। यह उसने बिना किसी कठिनाई के कर दिया। जबकि वास्तविकता यह थी कि हकीम ने ऐसे किसी भी तेल और औषधि के विषय मे अपनी स्वीकृति नही दी थी।[17] यह घटना चेतसिह की योग्यता और सामान्य बुद्धि की रूप रेखा प्रकट करने के लिए पर्याप्त है। चेतसिह की वास्तविक कठिनाई १७७८ मे इग्लैण्ड और फ्रान्स के मध्य युद्ध प्रारम्भ होने पर हुई।[18] पॉच लाख की एक असाधारण राशि की माग हैस्टिग्स द्वारा की गई जिसे चेतसिह ने बहुत अनिच्छापूर्वक पूरा किया। १७७६ और १७८० मे मॉग पुन दोहराई गयी। हेस्टिग्स ने किसी भी प्रकार चेतसिह को लूटने का निश्चय कर लिया था और इस उद्देश्य से

---

16 वही– पृष्ठ – ६३

17 वही – पृष्ठ ६४

18 म्यूथिएट– 'स्माइलिग बनारस' पृष्ठ–५२

उसने उस पर एक झगडा आरोपित किया। १७८० के लगभग उसने चेतसिह से २००० घुडसवार सेना की आपूर्ति करने को कहा। चेतसिह ने स्वाभाविक रूप से असीमित मॉगो के विरुद्ध प्रतिवाद किया। यही हैस्टिंग्स चाहता था। मैकाले के शब्दो मे उसकी योजना यह थी कि 'अधिक से अधिक तब तक मॉगा जाय जब तक कि (राजा) उसका विरोध न करे। फिर उसके प्रतिवाद को अपराध मानकर उसकी सारी सम्पत्ति को लेकर उसे दडित किया जाय। अत अब अवसर आ चुका था। इसलिए उसने योजना को पूर्ण करने के लिए बनारस आने का निर्णय लिया। इससे चेतसिह स्वय को शक्तिहीन समझने लगा और वह गर्वनर जनरल के स्वागत के लिए ६० मील दूर गया और व्यक्तिगत घूस के रूप मे २ १/२ लाख रु० तथा कम्पनी को अर्थ दण्ड के रूप मे २२ लाख रुपये देने के लिए कहा किन्तु कुछ परिणाम न निकल सका। हैस्टिंग्स दयाहीन था।[19] उसने ५० लाख की मॉग की। हैस्टिंग्स जुलाई १७८१ मे बनारस आया और उसने कबीर चौरा स्थित माधोबाग को अपना मुख्यालय बनाया तथा चेतसिह से उसके आचरण के लिए स्पष्टीकरण मागा। चेतसिह ने स्वाभाविक रूप से अपने ऊपर लगाये गये आरोपो से बचने की चेष्टा की। हैस्टिंग्स ने चेतसिह के उत्तरो को आधार रहित बताया और चेतसिह को बन्दी बनाने का आदेश दे दिया। चेतसिह शिवाला किले मे रहता था और दो कम्पनियॉ उसे बन्दी बनाने के लिए गई थी। उन्होने बिना किसी प्रतिरोध के अपना उद्देश्य पूरा कर लिया। किन्तु जब चेतसिह की गिरफ्तारी की सूचना रामनगर मे उसकी सेनाओ को मिली तो

---

19 वही पृष्ठ –५२

उन्होने नदी पार करके अग्रेज टुकडियो को घेर लिया। अग्रेजो को अपने हथियारो की प्रतिष्ठा मे इतना विश्वास था कि उन्होने अपने सैनिको को रसद देने की प्रारम्भिक सावधानी नही बरती।[20] मेजर पोपहम के रसद सहित पहुँचने के पहले ही रामनगर की सेना ने अग्रेज टुकडियो को विजित करने मे सफलता पायी और सभी अग्रेज अधिकारियो को मार डाला गया। प्रारम्भिक सफलता से उत्साहित चेतसिह के सैनिको ने पोपहम को भी पीछे खदेड दिया। किले के बाहर चल रहे सघर्ष की गडबडी मे चेतसिह रक्षको से नजर बचाकर किले की नदी के ओर की खिडकी से पहाडियो की सहायता से नदी मे कूद गये और नाव की सहायता से उन्होंने 'रामनगर' की ओर प्रस्थान कर दिया।[21] वहाँ से वह अपने परिवार और खजाने सहित अपने किले लतीफपुर भाग गया। यह पता चलने पर कि चेतसिह रामनगर से भाग गया है वारेन हैस्टिग्स ने उस किले पर अधिकार करने की चेष्टा की। उद्देश्य पूर्ति करने के लिए उसने दो अधिकारियो की सरक्षता मे सेना भेजी। चेतसिह की सेना के लिए यही श्रेयस्कर था कि वह अग्रेजो की सेना को पीछे खदेड दे जो उसने किया। अग्रेजो की सेना का प्रधान स्वय कायरता से भाग गया था तथा उसकी सेना को पराजय का मुँह देखना पडा। इस परिस्थिति ने बनारस मे हैस्टिग्स की स्थिति को काफी दुर्बल कर दिया। चेतसिह की सेनाओ के शक्तिशाली पडने के कारण खतरा सन्निकट था। इसलिए उसने अपने विरोधी शहर का त्याग करना उचित समझा और वर्षापूर्ण

---

20 प्रो० ए० एस० आल्टेकर –'हिस्ट्री ऑफ बनारस' पृष्ठ–६४

21 वही– पृष्ठ–६४

रात्रि के अधेरे मे भाग गया।[22] वह और उसके सहयोगी रातभर तीव्र गति से चलने के कारण प्रात काल चुनार पहुँच गये। जब अगले दिन उसके जाने का समाचार फैला तो चेतसिह की सेनाओ ने वारेन हैस्टिंग्स का मुख्यालय लूट लिया और उसके सहयोगी और सहायको को बन्दी बना लिया। किन्तु सेनाओ की विजय से उद्देश्य की पूर्ति नही हो सकी। अग्रेजो का विरोध करने से कुछ नही होगा—यह समझ कर उसने अन्तत अग्रेजो के विरुद्ध शरण प्राप्त करने के लिए महादजी सिधिया के पास जाना निश्चित किया। शीघ्र ही सैनिक रसद मिल जाने से अग्रेजो ने बिना किसी कठिनाई के रामनगर और लतीफपुर के किलो पर अधिकार कर लिया जब कि चेतसिह जा चुका था। हैस्टिंग्स के बनारस निवास काल मे महीप नारायण सिह ने हैस्टिंग्स से गुप्त याचना की थी और तदनुसार हैस्टिंग्स ने ४० लाख रु० वार्षिक राजस्व लेकर उसे चेतसिह का उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया। इस प्रकार मागा गया राजस्व १७८२ मे ४० लाख हो गया।[23] गर्वनर जनरल वारेन हैस्टिंग्स का व्यवहार राजा चेतसिह के साथ वास्तव मे निर्दयतापूर्ण एव उत्पीडक था। इस ऐतिहासिक झलक की पृष्ठभूमि से परिचित होने के साथ ही उस सूक्ष्मता से अवगत हर व्यक्ति को यह समझने मे जरा भी देर न लगेगी कि वास्तव मे इस सन्देहास्पद बात की वास्तविकता क्या है।[24] इन्ही तथ्यो को देखते हुए ग्रे का कथन था कि "हैस्टिंग्स द्वारा किसी क्षण प्रकट की गयी राय उस क्षण विशेष के बाद ही महत्वहीन हो जाया करती थी।[25] यह प्रश्न अत्यन्त

---

22 वही – पृष्ठ–६५

23 वही– पृष्ठ –६५

24 ट्रॉटर जे० एल० – वारेन हैस्टिंग्स ए बायोग्राफी'– पृष्ठ–६

25 हिस्ट्री ऑफ ट्रायल आफ वारेन हैस्टिंग्स भाग (१) पृष्ठ ३२०–३२१

विचारणीय है तथा इस बात का प्रत्युत्तर प्राप्त करने के लिए तीन मुख्य बातो का मनन आवश्यक है कि (अ) राजा चेतसिह एक जमीदार की स्थिति रखता था अथवा राजा की। (ब) क्या वह अग्रेजो के विरुद्ध विद्रोही था, (स) हैस्टिग्स द्वारा अत्यधिक कर लगाना क्या न्याय सगत था।[26]

यद्यपि चेतसिह एक जमीदार की हैसियत रखता था किन्तु उसे राजा से कम सम्मान प्राप्त नही था। यह भी सत्य है कि कम्पनी से उसकी मित्रता थी, साथ ही साथ उसे कम्पनी का सरक्षण भी प्राप्त था।[२७] जहॉ तक राजा और जमीदार शब्द के सम्बोधन और उसके पद तथा प्रतिष्ठा की बात है यह बात हैस्टिग्स की बातो से स्पष्ट है कि हैस्टिग्स चेतसिह को राजा के रूप मे ही स्वीकार करता था। एक स्थल पर वारेन हैस्टिग्स ने कहा था कि, " बनारस प्रान्त अवध और बिहार का सीमान्त प्रान्त है, इसलिए बनारस के राजा और कम्पनी के बीच मैत्रीपूर्ण व्यवहार अथवा मित्रवत् सम्बन्ध का विशेष महत्व है। ऐसी परिस्थिति मे बनारस के राजा और कम्पनी को स्थिर सम्बन्ध रखना चाहिए।[२८] अग्रेजी शब्द (ally) जो बनारस के राजा और कम्पनी के सम्बन्ध की गहरायी पर प्रकाश डालता है, तथा जो इस सन्दर्भ मे प्रयुक्त हुआ है– यह शब्द विशेष किसी राष्ट्र या किसी जागीरदार जमीदार या साधारण लोगो के लिए नही प्रयुक्त होता है। १७७५ के कौसिल के वक्तव्य मे हैस्टिग्स ने सकेत किया था कि

---

26 करसपान्डेन्स ऑफ दी एजेन्ट टू दी गर्वनर जनरल ऐट बनारस अप्रैल १२, १३, (१८१४) पृष्ठ– १५७ – १५८

27 हिस्ट्री आफ ट्रायल' भाग (१) पृष्ठ – १८

28 होम पब्लिक कन्सलटेशन लेटर फ्राम कोर्ट, २८ अगस्त १७८२ भाग २, पैरा–४७ पृष्ठ–१४६

चेतसिह को स्वतन्त्र रखने की मेरी इच्छा है क्योकि भारत मे पराधीनता के साथ हजारो बुराइयो जुडी हुई है।[29] वारेन हैस्टिंग्स ने यह भी कहा था कि यदि राजा अपने देय के प्रति स्वामिभक्त सिद्ध होगा, अपनी सरकार के प्रति आज्ञापालक सिद्ध होगा, तो उससे अतिरिक्त मॉग नही की जायेगी। उसके साथ ही साथ व्यक्तिगत रूप से उसके अधिकारो मे कोई हस्तक्षेप नही किया जायेगा।[30] हैस्टिंग्स ने इस बात पर भी जोर दिया था कि चेतसिह कम्पनी को किराया देता था, प्रतिज्ञाबद्ध धनराशि नही–अत उसकी स्थिति एक जमीदार की है किन्तु कही–कही उसे उसने स्वय राजा की स्थिति मे ~~को~~ स्वीकार किया । दृष्टान्त के रूप मे १७७५ मे हैस्टिंग्स ने यह प्रस्ताव रखा कि चेतसिह अपना राजस्व कलकत्ता मे देगा, बनारस मे नही क्योकि यह प्रस्ताव राजा की स्वतन्त्र स्थिति पर प्रभावहीन होगा।[31] इससे यह स्पष्ट होता है कि चेतसिह को एक राजा के रूप मे माना जाता था और जमीदार के पद का प्रयोग केवल वैधानिक था। चेतसिह वास्तव मे अग्रेज शासको के विरुद्ध क्रान्तिकारी था– यह प्रश्न भी चेतसिह और वारेन हैस्टिंग्स के बीच उत्पन्न हुए सम्बन्धो की दोषयुक्त व्याख्या है। यद्यपि हैस्टिंग्स ने अपने कलापो के निमित्त राजा को दोषी एव क्रान्तिकारी लक्ष्यो से युक्त माना है। उसका स्पष्ट कथन यह है कि राजा ने अमुक धृष्टता स्वय अपनी इच्छा से की है। उसने क्रान्ति को पूर्व नियोजित भी माना है।[32] समय की गति को प्रतिकूलता प्रदान करने का

---

29 स्पीचेज ऑफ एडवर्ड वर्क ऑन वारेन हैस्टिंग्स जिल्द २, भाग २ पृष्ठ २२२ ४७ पृष्ठ – १४६

30 होम पब्लिक लेटर्स फ्राम कोर्ट, अगस्त २८, १७८२, पैरा ४७ पृष्ठ १४६

31 कॉमन्स कमेटी रिपोर्ट ऑफ ईस्ट इन्डिया कम्पनी जिल्द--५, पृष्ठ–६१८, ६१६

32 वर्क– पूर्व उद्धृत, पृष्ठ २५८, २५६

कार्य कुछ सूचनाओ एव अफवाहो ने किया। जब हैस्टिग्स तक भ्रम युक्त यह सूचना पहुँची कि राजा चेतसिह मराठो से गुप्त वार्तालाप कर रहा है तो उसके विश्वास को और दृढता प्राप्त हुई।[33] कोलब्रुक कोमेक्स ने राजा की निन्दा इस आधार पर की कि उसने शर्त का उल्लघन किया है। उसने यह भी स्प्ष्ट किया कि राजा अपनी सीमा के अन्तर्गत कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए उत्तरदायी था, साथ ही साथ उससे बचनबद्ध धनराशि की आशा की जाती थी। किन्तु वास्तव मे राजा ने यह दोनो कार्य नही सम्पन्न किया था। यह भी कहा गया हे कि बनारस मे होने वाले प्रतिदिन के कत्ल, डकैती तथा खुले अपराधो का एकमात्र कारण स्वय राजा ही है। उसके ही कारण अग्रेजी सरकार पर तरह–तरह के आक्षेप किये जा रहे है। व्यक्तिगत रूप से राजा के ऊपर यह भी आरोप लगाया गया कि उसने मैत्री एव स्वामिभक्ति दोनो के विरुद्ध व्यवहार किया है।[34] जब राजा के बन्दी बनाये जाने की सूचना उसके महल रामनगर मे उसकी सेना को मिली तो सेना क्रुद्ध हो गई और एक बडी सख्या मे सेना के जवानो ने शस्त्रो से लैस होकर नदी को पार किया और अचानक ब्रिटिश सेना की टुकडियो पर आक्रमण कर दिया। चूँकि कम्पनी के सैनिक शस्त्रो से लैस नही थे इसलिए कोई प्रतिरोध न कर सके।[35]

जहॉ एक ओर इस प्रकार की घटनाये घटित हुई, वही दूसरी ओर चेतसिह ने हैस्टिग्स के सम्मान को रखने के लिए १२ अगस्त को उसके

---

[33] वारेन हैस्टिग्स–पूर्व उदधृत पृष्ठ–६

[34] सीक्रेट सेलेक्टेड कमेटी रिपोर्ट, सितम्बर ४, १७८१ जिल्द–३ पृष्ठ ७८३

[35] महादजी सिन्डे हैकी केज्ड पैट्रेन न०–१२७ पैरा–२ न०–११५

बक्सर सीमा क्षेत्र मे पहुँचने पर उसका भव्य स्वागत किया और उसकी गोद मे अपनी पगडी तक उतार कर इस आशा से रख दिया कि उसका आक्रोश कुछ कम हो जाय किन्तु राजा का सरल स्वभाव भी हैस्टिग्स को सन्तुष्ट एव प्रसन्न न कर सका।[36]

उपरोक्त तथ्यो से यह स्पष्ट है कि प्रारम्भ मे वारेन हैस्टिग्स के प्रति चेतसिह बहुत ही स्वामिभक्त, वफादार और सहृदय था, लेकिन हैस्टिग्स के कपटपूर्ण और द्वेषपूर्ण व्यवहार के कारण अपने सम्मान की रक्षा के लिए उसे विद्रोही बनना पडा। लेकिन वह स्वदेशी शासको से समर्थन न प्राप्त कर सका था। अत वह अपने प्रयास मे असफल रहा।

हैस्टिग्स द्वारा राजा पर असीमित कर लगाना न्यायसगत था अथवा नही? इस प्रश्न पर ग्रे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए दो बातो को स्पष्ट किया है। प्रथम, हैस्टिग्स द्वारा चेतसिह से की गई माग उस मौलिक सधि के प्रतिकूल थी, जो राजा और कम्पनी के बीच हुई थी। द्वितीय यह द्वेष एव भ्रष्टाचार का प्रभाव था।[37] इन बातो की पुष्टि मैकाले के भी विचारो से होती है। उसने स्पष्ट रूप से यह कहा है कि इस प्रकार का निर्णय मात्र अपमानित करने के उद्देश्य से ही हैस्टिग्स ने लिया था। " चेतसिह को लूटने एव उसे युद्ध मे बॉधने के लिए वह दृढ प्रतिज्ञ था।[38] चेतसिह और वारेन हैस्टिग्स के बीच किसी भी प्रकार का गठबन्धन क्यो था तथा राजा

---

३६ ट्राटर–पूर्व उद्धृत, पृष्ठ–२५६

३७ वर्क–पूर्व उद्धृत, पृष्ठ–२५६

३८ फॉरेस्ट– 'सेलेक्शन फ्राम लेटर्स डिस्पेचेज ऐण्ड अदर स्टेट पेपर्स इन दी फॉरेन डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेन्ट ऑफ इन्डिया। जिल्द I (पृष्ठ–२२०)

चेतसिह पर वारेन हैस्टिग्स ने एक सीमित कृपा क्यो की थी– इसको वारेन हैस्टिग्स ने स्वय ही व्यक्त करते हुए कहा है कि उसका देश हमारी कम्पनी के लिए एक प्रबल आड है तथा उसके लिए हमे कुछ व्यय नही करना पडता, साथ ही साथ मुझे यह विश्वास रहता है कि जव कभी आवश्यकता पडी मुझे सहायता प्राप्त होगी। हैस्टिग्स एक ऐसे सरक्षण एव मध्यस्थता का आकाक्षी था जो उसे चेतसिह के माध्यम से ही प्राप्त हो सकता था क्योकि अवध के नवाब और राजा मे पैतृक बैर के बीज सदैव से पनपे हुए थे। वारेन हैस्टिग्स यह अच्छी तरह जानता था कि चेतसिह नवाब के लिए अदम्य है।[39]

हैस्टिग्स द्वारा लगाया गया असीमित कर उपरोक्त तथ्यो के आधार पर न्यायसगत प्रतीत नही होता। क्योकि राजस्व एकत्रित करने का कार्य महीपनारायण सिह को सौप देने पर भी अग्रेजो ने बनारस मे न्यायाधीश नियुक्त करने का अधिकार अपने पास रखा। महीप नारायण सिह अल्पवयस्क था। यह तर्क देकर कि राजस्व–सग्रह का कार्य सतोषप्रद नही हो रहा है, लार्ड कार्नवालिस की सरकार ने उसे यह कार्य अग्रेजो को सौप देने के लिए विवश कर दिया।[40] महीप नारायण ने इस प्रस्ताव का विरोध करनेका प्रयास किया किन्तु अन्तत उसे स्वीकार करने के लिए बाध्य होना पडा। १७६४ मे उसने राजस्व और न्याय प्रशासन अग्रेजो को समर्पित कर दिया और इस प्रकार राजकुमार का स्तर उसने खो दिया। १७६४ जुलाई मे डकन ने सूचना दी की राजा बनारस अग्रेजी प्रशासनिक

---

39 सम्पूर्णानन्द– चेतसिह और काशी का विद्रोह--पृष्ठ–२३

40 प्रो० ए० एस० अल्टेकर–'हिस्ट्री ऑफ बनारस' पृण्ठ -६६

ढग लागू करने के लिए सहमत है, किन्तु शर्त यह है कि उसके पारिवारिक जिले और सम्पत्ति पूर्ववत् व्यवस्था मे रहे। अक्टूबर माह मे स्वीकार पत्र पर हस्ताक्षर हो गये और बगाल, बिहार तथा उडीसा के ढग का नया प्रशासन प्रारम्भ हुआ।[41] इस प्रकार १७७५ मे बनारस राज्य का प्रशासन बगाल की तरह हो गया। एक न्यायाधीश और परीक्षक बनारस, मिर्जापुर, गाजीपुर, जौनपुर मे नियुक्त किये गये और एक जिलाधीश पूरे प्रान्त के लिए नियुक्त किया गया। प्रथम जिलाधीश श्री एलेक्जेण्डर डकन थे जिन्होने डकन रेजीडेन्ट के अनुसार कार्य प्रारम्भ किया। १७६६ तक यही व्यवस्था बनी रही और कार्य होता रहा। सैमुअल डेविस बनारस का प्रथम न्यायाधीश और मैजिस्ट्रेट, कोलब्रुक मिर्जापुर के, जानरैली जौनपुर और जैकब राइटर गाजीपुर के थे। रैली एक कनिष्ठ अधिकारी थे, इसलिए उन्होने अल्पकाल तक ही कार्य किया उनका स्थान ए० वेलेन्ड ने लिया। १८०० मे गाजीपुर मे जज का पद समाप्त कर दिया गया और यह क्षेत्र जौनपुर, एव मिर्जापुर के जजो मे विभक्त कर दिया गया।[42] इस प्रकार क्रमश ब्रिटिश शासन द्वारा बनारस मडल के निकट के जनपदो को भी अधिकृत कर लेने का प्रयास होने लगा। उनके प्रभाव मे १८०० मे सर्वप्रथम जौनपुर, तत्पश्चात गाजीपुर और फिर मिर्जापुर भी आ गया।[43]

---

41 डेवर डगलस–'ए हैन्डबुक ऑफ दी इगलिश प्रीम्यूटनी रेकार्ड्स पृष्ठ–२६०

42 वही– पृष्ठ २६१

43 डिस्ट्रिक्ट गजेटियर जौनपुर पृष्ठ–३०३, एव इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इन्डिया जिल्द १४, पृष्ठ ७५

उद्योग एवं व्यवसाय

उद्योग एवं व्यवसाय

किसी भी शासन की आधारशिला उसके राजनीतिक स्थायित्व एव आर्थिक सुदृढता पर आधारित होती है। किन्तु इन मूल लक्षणो से परे मुगल शासन काल मे शासनात्मक सकट और आर्थिक अस्थिरता ने भारत मे उनके पतन का मार्ग प्रशस्त किया।[1] मुख्यरूप से यह कहना अनुचित न होगा कि मध्यकालीन समाज एव उसकी सम्पूर्ण उत्पन्न होने वाली परिस्थितिया ही इसके उत्तरदायित्व के कारण के मूल मे थी। इस सन्दर्भ मे समस्या के समाधान हेतु मात्र शहशाह अकबर और शाहजहा द्वारा ही प्रयास किया गया। औरगजेब के शासनकाल मे जटिलताए उत्तरोत्तर बढती ही गईं।[2]

उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र मे जिन लोकप्रिय वस्तुओ को मुगलशासन मे प्रश्रय दिया गया था उन्ही को ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भी न्यूनाधिक रूप मे अपनाकर अपने उद्योग और व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त किया।[3]

पूर्वी उत्तर प्रदेश मे अधिकाश शहरी उद्योग ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादित कच्चे माल पर आधारित थे। अत यहा के उद्योग और व्यवसाय को शहरी एव ग्रामीण स्तर पर विभाजित करना उचित प्रतीत होता है।

---

1 सतीशचन्द्र–उत्तर मध्यकालीन भारत का इतिहास पृष्ठ–२३

2 मोरलैण्ड–मुस्लिम भारत की ग्रामीण व्यवस्था पृष्ठ २०३–२०७

3 वही–पृष्ठ २०३–२०७

पूर्वी उत्तर प्रदेश के उद्योग और व्यवसाय को हम दो रूप मे विभाजित कर सकते है– (१) कृषि पर आधारित उद्योग (२) सामान्य उद्योग।

पूर्वी उत्तर प्रदेश मे उक्त दोनो प्रकार के उद्योग का प्रचलन था। पूर्वी उत्तर प्रदेश मे मुख्यरूप से नील, अफीम, नमक, शोरा, रेशमी, तथा सूतीवस्त्र के उद्योग के अतिरिक्त धातु उद्योग, सोने चॉदी के तार खीचना, चादी के हौदे, कुर्सिया, पालकी, मूर्तिया, फूलदान, थाल तथा अन्य घरेलू कार्य के निमित्त उपयोग मे आने वाले बर्तनो का निर्माण तथा छोटे उद्योग मे इत्र, केवडाजल, गुलाबजल, आदि प्रचलित थे। कालीन आदि के व्यापार भी प्रचलन मे थे।[4]

नील

नील की खेती भारत वर्ष मे प्राचीनकाल से ही होती आयी है। १७वी शताब्दी तक नील ही निर्यात के लिए ईस्ट इण्डिया कम्पनी की प्रमुख वस्तु थी। किन्तु बाद मे वेस्ट इण्डीज मे नील का उत्पादन होने से भारत मे नील का उत्पादन कम हो गया और १६२४ मे ब्रिटिश बाजारो मे इसकी माग बिल्कुल बन्द हो गई। १८वी शताब्दी के मध्य मे वेस्ट इण्डीज मे भी नील का उत्पादन बन्द हो जाने के कारण इग्लैण्ड अमरीका से नील मगाने लगा। स्वतन्त्रता सग्राम छिड जाने के कारण अमरीका ने नील की आपूर्ति बन्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप भारत मे नील की खेती पुन बृहद पैमाने पर होने लगी। योरप के लोगो ने यहा के रैयत से 'खेती

---

4 के० के० दत्ता–सर्वे आफ इण्डियन सोशल लाइफ एण्ड एकोनामिक कन्डीशन इन एट्टीन सेन्चुरी (१७०७–१८०३)। पृष्ठ–६०

समझौता' कर लिया जिसका प्रमुख ठेकेदार जे० टी० फ्रिकशाप १७८४ तक रहा।[5]

नील के उत्पादको ने धीरे-धीरे नील की महत्ता को अनुभव किया। १७८७ मे सर्जन गिल्क्रिस्ट जो कम्पनी की नौकरी मे थे तथा चार्ट्स ने अपने पदो से त्यागपत्र देकर गाजीपुर के निकट स्वय नील की खेती करना प्रारम्भ कर दिया। इससे पूर्व अग्रेज अपने उपयोग के लिए अल्पमात्रा मे ही नील का उत्पादन करते थे। उपयोग के उपरान्त बचे हुए नील को सवा दो रुपये या तीन रुपये तक प्रति सेर की दर से बेच दिया करते थे। गिल्क्रिस्ट ने नील बनाने की कला वेस्ट इण्डीज से सीखा था।[6] शीघ्र ही नील उत्पादको के मध्य झगडा व्याप्त हो गया। १७८६ मे गाजीपुर के कासिम ने डकन से इस आशय की शिकायत किया कि गिल्क्रिस्ट और चार्ट्स उन्हे नील के उत्पादन हेतु अधिकाधिक भूमि देने के लिए बाध्य कर रहे है। स्थानीय नील उत्पादको के मध्य व्याप्त झगडे को देखते हुए डकन ने कासिम को उसकी भूमि लौटा दिये जाने का आदेश जारी किया। किन्तु गिल्क्रिस्ट और चार्टस ने भूमि लौटाने से होने वाली क्षति की ओर डकन का ध्यान आकर्षित करते हुए यह शिकायत किया कि कासिम ने जमीदार

---

5 के० के० दत्ता- सर्वे आफ इण्डियाज सोशल लाइफ एण्ड एकोनामिक कन्डीशन इन एट्टीन सेन्चुरी (१७०७-१८१३)। पृष्ठ-६०

एव एस०एन०सिन्हा 'सूबा आफ इलाहाबाद अण्डर दी ग्रेट मुगल्स' (शोध ग्रन्थ) पृष्ठ-१४४ मनूची खड (२) पृष्ठ ४२४,

6 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स-१४ सितम्बर १७८६

'विशेष सदर्भ यह है कि इस क्षेत्र के लाभप्रद उद्योग को देखते हुए ब्रिटिश अधिकारी भी अत्यधिक लाभ लेने के दृष्टिकोण से स्वय भी व्यापार से जुड गये। उदाहरणार्थ गिल्क्रिस्ट, चार्ट्स, फ्रान्सिस फोक्स, थामस, ग्राहम (१७७०-८०) विलियम मारव्म (१७८१-८३) जेम्स ग्रान्ट (१७८६-८७) (के०पी०मिश्रा-१०४) बनारस अफेयर्स-(१७८८-१६१०) द्वारा जी० एन० सालीटोर जिल्द (१) पृष्ठ-१५२-१५३

को अधिक जमा पर पट्टा लिखा है जिससे उन्हे ४५५२/— का घाटा होने की सम्भावना थी। कासिम का कहना था कि जमीदार ने स्वेच्छा से भूमि लिया है। डकन द्वारा निरीक्षण किये जाने पर यह ज्ञात हुआ कि कासिम ने नील की खेती के लगान की दर नही अदा किया है। उसने हिसाब लगाया कि लगान की औसत दर चार रुपये बारह आना होना चाहिए।[7] गिल्प्रिस्ट और चार्ट्स डकन के इस फैसले से सन्तुष्ट नही थे। उन्होने फैसले पर पुन विचार किये जाने हेतु आवेदन किया जिसे सरकार के पास अग्रसारित कर दिया गया। उन्हे आदेश दिया गया कि यदि ताल्लुका उनके पास अब भी हो तो उन्हे वे छोड दे। बनारस मण्डल मे नील के उत्पादन को बढाने तथा उससे कम्पनी तथा देश को लाभ पहुचाने के लिए कुछ नियमो की आवश्यकता हुई। २७ जनवरी १७६० को योरोपियन उत्पादको को यहा रखने का आदेश हुआ। ऐसे रैयतो को अग्रिम राशि दिये जाने का आदेश हुआ जो नील के उत्पादन और उसकी आपूर्ति के लिए तैयार थे। इसकी दर बिहार मे प्रचलित दर के अनुसार रखी गई। सरकारी आदेश की एक प्रति गिल्प्रिस्ट और चार्ट्स के पास भेज दी गई जिसे दोनो ने ही स्वीकार किया।[८] बाद मे अन्य योरोपियन भी मण्डल मे नील उत्पादक के रूप मे बस गये। अनेक ने अपनी बुद्धि और चाल से कार्य प्रारम्भ भी कर दिया। गाजीपुर जिले मे उनसे कुछ झगडा हो गया। उदाहरणार्थ मिस्टर पुघ लेखनासार परगना की सरहद पर बस गये और सेनगढ के जमीदार से उनका तनाव हो गया। उत्पादन के लिए उन्होने

---

7 बनारस रेजीडेन्सी करसपाडेन्स—१४ सितम्बर १७८६—पृष्ठ—३६५—३६६

८ वही— पृष्ठ—४४२—४४३

एक बडी भूमि प्राप्त कर लिया। इस प्रकार के अनेक झगडे गाजीपुर मे होते रहे।[9]

विभिन्न झगडो को दृष्टि मे रखते हुए गर्वनर द्वारा योरोपियनो को यह आदेश दिया गया कि मार्च १७६४ मे वे कोई भूमि सम्पत्ति स्वरूप ले सकते है। यह भूमि मात्र नील उत्पादन हेतु पर्याप्त होनी चाहिए। आवश्यकता से अधिक भूमि वे लीज पर नही ले सकते। चूॅकि इस आदेश का नील उत्पादको पर अच्छा प्रभव नही पडा अत उन्होने डकन को एक प्रार्थनापत्र प्रेषित किया जिसे अपनी टिप्पणी सहित डकन ने गवर्नर को प्रेषित कर दिया।[10]

शीघ्र निरीक्षण की दृष्टि से डकन ने कानूनगो के नाम एक आदेशपत्र जारी किया जिसके अनुसार दस दिन के अन्दर वर्तमान तथा भविष्य की दशाओ की लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करना था। रिपोर्ट के आधार पर डकन ने १० मई १७६४ को लिखे गये अपने पत्र मे सरकार से कई प्रस्तावो को अध्यादेश की धारा मे सम्मिलित कर लिये जाने की सिफारिश किया। डकन की राय मे नील की खेती देश की उन्नति के लिए तो आवश्यक थी ही, इसके साथ ही साथ बेकार पडी भूमि का उपयोग कृषि कार्य मे हो सकता था। गरीब, मजदूर हरवाहे तथा घसियारे इस कार्य मे लगाये जा सकते थे।[11]

---

9 वही–पृष्ठ५१७–५१८ एव ५१६

10 वही– पृष्ठ–५१६

11 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स, मई १७६४–पृष्ठ–६७–१२६

डकन ने यह अनुभव किया कि नील की खेती कुछ मामलो मे कुछ लोगो के लिए लाभप्रद थी। यह निश्चितरूप से सत्य है कि तत्कालीन जमीदार और किसान अपनी हक की भूमि देने को बाध्य ही नही हुए वरन अग्रेजो द्वारा लिए जाने वाले लगान को भी स्वीकार कर लिया।[12]

डकन नील उत्पादन की बुराइयो से भी सतर्क था। इससे सस्था को भी काफी क्षति पहुँची और उसने सुधार करना स्वीकार किया। डकन के अनुसार निम्नलिखित बुराइया प्रमुख थी–

(१) उनके मकानो को हटाने के लिए, दूसरा स्थान ढूँढने के लिए और समय–समय पर योरोपियन नील उत्पादको के नौकरो द्वारा जबरन उन्हे दबाये जाने के लिए था। भूसा देना भी रोक दिया गया था क्योकि यह बाजार से लाया जाता था।

(२) मालिक की आज्ञा के बिना पेड काट लिये जाते थे और उनको काटे गये पेड का उचित मूल्य भी नही दिया जाता था।

उक्त कठिनाइयो को दूर करने के उद्देश्य से डकन ने कुछ नियम बनाकर स्वीकृति हेतु सरकार के पास प्रेषित किया। नियमानुसार कोई भी भूमि आमिल, जमीदार या किसान द्वारा जिसे रेजीडेन्ट की स्वीकृति न प्राप्त होगी, नील की खेती के लिए देना उचित न होगा। रेजीडेन्ट को सख्त आदेश था कि वह स्वीकृति तभी प्रदान करे जबकि

---

12 वही–पृष्ठ १७६–१८१

जमीदार स्वय कास्त से और खेतवाले का वसीयतनामा लाकर सतुष्ट कर दे कि सम्बन्धितभूमि पर नील की खेती होती है।[13]

योरोपीय नील उत्पादको के नौकर यदि किसानो से भूसा छीनते थे तो उन्हे फौजदारी अदालत मे जाना पडता था। यदि वे अपने मालिक के लिए किसी कारीगर मजदूर को जबरन ले जाते थे तो उन्हे दण्ड का भागी होना पडता था। जिले के आमील द्वारा स्वीकृति मिलने और मूल्य निर्धारित होने पर ही कोई योरोपीय नील उत्पादक पेड खरीद सकता था।[14]

डकन ने यह सिफारिश किया कि रेजीडेन्ट की आदालत मे विभिन्न शिकायतो से सम्बन्धित प्रश्नो का उत्तर दने के लिए उत्पादक अच्छे और योग्य वकीलो को ही रखे।

योरोपीय उत्पादको के आवेदन तथा डकन के सुझाओ पर विचारोपरान्त गर्वनर जनरल ने २३ मई १७६४ को नील की खेती के बाबत कुछ अध्यादेश निकाले जिसके अनुसार रेजीडेन्ट को निर्देश दिया गया कि नील उत्पादको को हर प्रकार का प्रोत्साहन प्रदान किया जाये जिससे वे रैयत से बीघा के आधार पर ठेका कर सके। मेहदी अली खॉ को सूचित किया गया कि वे आमिल के रूप मे किसी रैयत को न तो मजबूर करेगे और न ही कोई अनुचित अधिकार जमायेगे। यह भी सूचित किया गया कि कि यदि रैयत नील की खेती करे और उत्पादको को दे दे (जैसा बगाल मे हो रहा था।) तो सरकार सतुष्ट रहेगी। योरोपियन उत्पादको को प्रारम्भ

---

13 वही–पृष्ठ–१८२–१८३

14 वही– पृष्ठ–१८४–१८५

मे खर्च के लिए अग्रिम धनराशि देना पडता था।[15] उन्हे यह भी स्पष्ट किया गया कि रैयत से ठेका द्वारा फसल लेने मे जो विलम्ब होता है उसके लिए सरकार का उत्तरादाइत्व न होगा।

डकन के सुझाओ के अतिरिक्त सरकार ने अध्यादेश निकाला जिसके अनुसार –

(१) वर्तमान मे नील उत्पादन की ऐसी समस्त भूमि जो योरोपीयन उत्पादको द्वारा मार्च १७६४ के पहले ले ली गई है उनके अधिकार मे उनकी मृत्यु तक रहेगी।

(२) लीज पर योरोपियनो द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ली गई भूमि ७ मार्च १७६४ से व्यर्थ समझी जायेगी और ऐसी लीज का विक्रय कर दिया जायेगा।

(३) विगत वर्ष का समझौता समाप्त होने पर कोई भी योरोपियन न तो अपने नाम से और न ही दूसरे के नाम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष किसी भी रूप मे भूमि अपने पास रख सकता है। यह नियम ५० बीघा से अधिक के लिए नही लागू था।

उक्त बातो से ऐसा स्पष्ट होता है कि सरकार योरोपियन उत्पादको द्वारा नील के उत्पादन के विरोध मे नही थी। किन्तु वह ठेके की प्रथा को कम करने के पक्ष मे थी जिससे नील उत्पादक किसान एव कर्मचारी के बीच झगडा न हो।[16] प्रत्येक योरोपियन को इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर

---

15 वही–पृष्ठ–१८६, १८७, २३६

16 वही–२३ मई १७६४–पृष्ठ–३२५ (जून १७६४ के प्रोसीडिग मे उपलबध है।)

करके इसका पालन करना पडता था। इस अध्यादेश का उल्लघन करने वाले को प्रथम बार ५००/– जुर्माना स्वरूप देना पडता था और यदि वह दूबारा उल्लघन करता था तो उसे कलकत्ता भेज दिया जाता था।[17]

१२ जुलाई १७६४ को रेजीडेन्ट ने एक नोटिस निकाल कर यह घोषित किया कि एक शर्त पर योरोपियन सरकार के पट्टेदारो से नील बनाने के काम का ठेका कर सकता है। इस नोटिस मे मुख्यरूप से यह दर्शाया गया था कि मात्र सरकार के पट्टेदार ही इस प्रकार का ठेका करने के लिए योग्य है। पट्टेदार रैयत की भूमि को बिना उसकी स्वीकृति के सरकार को नही दे सकते थे। इस प्रकार एक कठोर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। चूँकि इसमे अधिक कठिनाई थी अत डकन को शर्तो मे सशोधन करना पडा। डकन ने २६ जुलाई १७६४ को सरकार को लिखा कि मैने उत्पादको को आदेश दिया है कि वे पट्टेदार की स्वीकृति के बिना ही अपने ठेको को समाप्त करे।[18]

२१ जून १७६५ को रेजीडेन्ट ने कुछ और धाराए जो १७६५ के ३३वे अध्यादेश मे सम्मिलित की गई थी, सरकार को भेजा। उसने परामर्श दिया कि कोई भी योरोपियन एक दूसरे के बहुत निकट काम न शुरू करे और न ही झगडे की भूमि पर दूसरे के साथ नील का उत्पादन करे।[19] १२ जुलाई १७६५ मे रेजीडेन्ट ने यह भी परामर्श दिया कि योरोपियन को ऋण के रूप मे अग्रिम राशि रैयत के लिए मागने की मनाही हो क्योकि इससे जमीदार पट्टेदार लालच मे आ जाते है और उन्हे अपनी भूमि से वचित

17 वही।

18 वही।

19 वही–जून १७६६ पृष्ठ–३३३

होना पडता है। एक ही पट्टा रखने वाले पट्टेदारो के बीच होड लग जाती है और झगडा शुरू हो जाता है। इसके अनेक उदाहरण प्रस्तुत किये गये।[20]

उक्त परामर्श और सुझाव पर अपनी स्वीकृति देते हुए रेजीडेन्ट ने उन्हे अध्यादेशो मे सम्मिलित कर लिया। इस प्रकार नील की धारा से सम्बन्धित डकन की चिन्ता दूर हुई।[21]

नवाब वजीर के देश से आने वाली सम्पूर्ण नील पर १७६७ मे १५ प्रतिशत कर लगा दिया गया। बनारस के टैक्स कलेक्टर को प्रति माह अपनी लिखित सूचना बनारस मण्डल मे भेजनी पडती थी। कुछ कार्यवाही जो कम्पनी सरकार ने नील उत्पादको के लिए किया वह व्यर्थ और प्रभावहीन सिद्ध हुए। नील उत्पादको के कुछ भारतीय नौकरो ने बहुत साधन एकत्रित कर लिया। नील उद्योग किसी भी प्रकार से साधारण लोगो के हितार्थ नही था। किन्तु इग्लैड के लिए एक आर्थिक लाभ का स्रोत अवश्य था।[22]

अवध सूबा मे नील का उद्योग बडी मात्रा मे होता था। सरकार लखनऊ ने नील उत्पादन मे ख्याति अर्जित किया था। तडक भडक पसद और सफेद कपडे पहनने वाले परिवार के लोग नील का विशेष उपयोग करते थे। खैराबाद से भी नील विदेशो को निर्यात किया जाता था। प्राय अवध सूबा से खरीदा हुआ नील अहमदाबाद ले जाया जाता था। इसी क्रम

---

20 वही–पृष्ठ–३३३–३३४

21 वही–जुलाई १७६४–पृष्ठ३३७, १२१,१२२

22 बगाल रेग्यूलेशन–(१) एपेन्डिक्स–पृष्ठ–३७२

मे यह सन्दर्भ भी आवश्यक है कि प्राकृतिक विपदा के कारण वियना मे नील की खेती क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके कारण अग्रेज व्यापारियो को नील के लिए अवध पर आश्रित होना पडा।[23]

प्राचीन पीढी की समाप्ति ज्यो–ज्यो होती गई नील की खेती की कला और तकनीकि से लोग अनभिज्ञ होते गये। १८वी शताब्दी के उत्तरार्ध मे मात्र रगरेज लोग ही इसके जानकार रह गये थे। किन्तु बाद मे पुन एक बार नील उद्योग मे वृद्धि हुई।[24]

अफीम

ऐसा विश्वास किया जाता है कि चीन और भारत मे अफीम का प्रचलन अरब वालो द्वारा चलाया गया। भारतवर्ष मे अफीम उद्योग पर वाराणसी मण्डल का पूर्ण आधिपत्य था। यही से छोटे–छोटे कारखानो को अग्रिम धनराशि के आधार पर व्यक्तिगत ठेका प्रदान किया जाता था। मुगल साम्राज्य की अवनति के पश्चात ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अन्तर्गत पटना के कार्यकर्त्ताओ एव अनेक पडोस के लोग भी अच्छे प्रकार के अफीम का उत्पादन करने लगे थे तथा व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से इन्होने अपना अफीम का व्यापार भी प्रारम्भ कर दिया था। अठारहवी शताब्दी के मध्यकाल मे छोटे कारखानो और योरोपीय कारखानो मे अफीम के व्यापार को लेकर स्पर्धा की भावना व्याप्त हो गई। स्पर्धा की इस

---

23 दी इगलिश फैक्टरीज (१६५१–५४) पृष्ठ–२२२ इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया–पृष्ठ–२०–३०४ एव आर्शीवादी लाल "अवध के प्रथम दो नवाब"– पृष्ठ–२७६ (हिन्दी रुपान्तर)।

24 वही।

भावना के फलस्वरूप अफीम का मूल्य १००/– प्रति मन की दर से बढकर १५०/– प्रति मन हो गया।[25] वर्ष १७७३ मे वारेन हेस्टिग्स ने अफीम सम्बन्धी सम्पूर्ण, आधिपत्य अपनी सरकार को सौप दिया। बिहार का सम्पूर्ण उत्पादन कलकत्ता को ३२०/– प्रति पेटी की दर से देने के लिए मीर मुनीर की नियुक्ति की गई। यही मूल्य गाजीपुर मे भी प्रति पेटी की दर से निर्धारित किया गया। इतने ही वजन के अफीम की आपूर्ति डचवालो को टैक्स सहित किया जाने लगा।[26] वर्ष १७८५ मे स्थिति बदल गई और नीलामी के आधार पर सर्वाधिक बोली लगाने वालो का अफीम उद्योग पर आधिपत्य स्थापित हो गया। ६ अप्रैल १७८८ को गर्वनर जनरल की कौसिल ने मण्डल के सभी कलेक्टरो के पास एक अध्यादेश प्रेषित किया जिसके प्रत्युत्तर मे उनसे निम्नलिखित[27] बिन्दुओ पर सूचनाओ की अपेक्षा की गई –

(१) ठेके की नीति कृषको के लिए सुविधाजनक है अथवा नही? यदि रैयत को स्वय उत्पादन की छूट दे दी जाय तो क्या अफीम उत्पादन वाली भूमि द्वारा बढोत्तरी लगान प्राप्त करना सम्भव होगा और इस प्राप्त रकम से प्रत्येक परगना मे जमा धनराशि मे कितनी वृद्धि हो सकेगी?

(२) क्या रैयत को अफीम उत्पादन की छूट थी? यदि उन्हे अपनी स्वेच्छा से उत्पादन करने की छूट दे दी जाय तो अफीम के गुण और परिणाम पर अध्यादेश का क्या प्रभाव पडेगा? अफीम उत्पादन की शर्तो से क्या रैयत दूसरे मण्डल के रैयत की तुलना मे सुखी रह सकेगे। यदि

---

25 'रिपोर्ट आफ दी रायल कमेटी आन ओपियम–१८६४–६५ जिल्द III पृष्ठ ३६

26 वही–पृष्ठ–३७ पॉचवा रिपोर्ट जिल्द–I–पृष्ठ ४०

27 सेक्सपियर–पूर्व उदधृत–जिल्द II–पृष्ठ १५७–१५८ एव गिन्च– अरली ट्रवेल्स–पृष्ठ–१४२

उन्हे स्वेच्छा पूर्वक विक्रय की छूट दे दी जाय तो उत्पादन और परिणाम पर क्या प्रभाव पडेगा? एजेन्सी के अन्तर्गत उन्हे ठेके से क्या आपत्ति या असुविधा हो सकती है?

(३) यदि ठेके की नीति जारी रही तो रैयत के सुख ओर बचाव के लिए क्या किसी अन्य अध्यादेश को जारी करने की आवश्यकता होगी ? यदि अफीम का व्यापार सर्वथा खुला छोड दिया जाये तो उत्तरी एव पश्चिमी प्रान्तो को बिहार द्वारा कितनी मात्रा मे अफीम की आपूर्ति सम्भव हो सकेगी? देश मे ऐसे साधन उपलब्ध होने मे कमी या बढोत्तरी की आशका तो नही की जा सकती? यदि कम्पनी प्रारम्भिक नीलामी पर अपना अधिकार हटा लेती है तो क्या छोटी सस्थाए जिन्हे आधिपत्य प्राप्त है, असुविधा का अनुभव नही करेगी?[२४]

डकन ने रामचन्द्र पडित को अफीम के क्षेत्र मे अनुभवी व्यक्ति समझा और उनके आवश्यक परामर्श से सतुष्ट भी हुए। रामचन्द्र पडित के परामर्श से यह स्पष्ट हो गया था कि कम्पनी के द्वारा अफीम सम्बन्धी व्यवस्था सुचारू रूप से न चल सकेगी। उन्होने यह सुझाव दिया था कि अफीम उत्पादको के लाभ को दृष्टि मे रखते हुए बनारस मण्डल मे 'प्रतिनिधि' की व्यवस्था की जाय। डकन ने रामचन्द्र पडित के परामर्श और सुझाव को एक रिपोर्ट के रूप मे तैयार करके सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया। रामचन्द्र पडित को ही प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उन्होने उत्पादको से पट्टा लिखवाया और उत्पादन हेतु उत्पादको को अग्रिम

---

२४ वही–पृष्ठ १५७'१५८ तक

धनराशि प्रदान किये जाने की व्यवस्था भी करायी।[29] पट्टे द्वारा यह निश्चय किया गया की उत्पादित अफीम ठेकेदार को न देकर सीधे सरकार को दिया जायेगा। जमीदार वर्ग ठेकेदारी व्यवस्था के विरुद्ध था अत उन्होने रैयतो को आगाह किया कि यदि अफीम के अतिरिक्त अन्य प्रकार की उपज पर प्रतिबन्ध है तो कृषि कार्य ही न हो। अन्तत सरकार और रैयत दोनो को ही हॉनि उठानी पडी। सरकार और ठेकेदारो के बीच अफीम देने की व्यवस्था थी अन्यथा ठेकेदारो द्वारा सरकार को जुर्माना देना पडता था जिन्हे वे रैयतो को क्षति पहुँचा कर पूर्ण किया करते थे। तौलने वालो की धोकाधडी से भी रैयतो को क्षति पहुॅचती थी।

इन अनेकानेक कठिनाइयो को दृष्टिगत रखते हुए रामचन्द्र पडित ने व्यवस्था मे व्याप्त त्रुटियो को दूर करने के उद्देश्य से रैयतो का बचाव करते हुए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किया।[30]

(१) कोटेशन के कम मूल्य से सचालित न होकर ठेकेदारो को दिये जाने वाले मूल्य के बराबर ही रैयतो को भी मूल्य दिया जाय।

(२) रैयतो पर पोशते की खेती के लिए किसी प्रकार का दबाव न डाला जाय।

(३) रैयत को व्यक्तिगत रूप से किसी व्यक्ति को अफीम बेचने पर रोक लगा दी गई जिससे अफीम की अच्छाई और परिणाम मे कमी न आने पाये।

---

29 वही–१६ जुलाई, पृष्ठ–२५८–२६६–रामचन्द्र पडित और सरकार के बीच हुई वार्ता जो प्रश्न और विरोध के सदर्भ मेथी उसी का हिन्दी रुपान्तर।

30 वही–पृष्ठ २६६–२६१

रामचन्द्र पडित ने अफीम की खेती को बढाने के लिए सरकार से एक लाख रूपये अग्रिम धनराशि देने का भी प्रस्ताव किया। रैयतो को यह बता दिया गया कि किसी प्रकार की मिलावट होने पर वे दण्ड के भागी होगे। तराजू को हाथ से उठाकर तौलने की प्रथा समाप्त करके तराजू को जमीन मे गाड देने का सुझाव देते हुए तौल की प्रणाली मे परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया। रैयतो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अफीम का मूल्य १८०/– प्रति पेटी से बढा कर १६०/– प्रति पेटी कर दिया गया। गाजीपुर से अफीम का कारखाना हटा कर बनारस मे स्थापित करने का विचार भी प्रस्तावित किया गया। उक्त समस्त सुझावो एव प्रस्तावो को सरकार द्वारा २१ जनवरी १७८६ मे स्वीकार किया गया[31]

प्रतिनिधि प्रथा को लागू करते हुए भी सरकार ने ठेकेदारी की प्रथा को जारी रखा। यह कार्य मात्र इसलिए किया गया जिससे बनारस मण्डल को अन्य मण्डलो की बराबरी मे लाया जा सके। जे० विलियम को ठेके का कार्य सौपा गया और उन्हे यह निर्देश दिया गया कि वे बनारस मे ५०० पेटिया प्रतिवर्ष तैयार कराये। रैयतो को ठेकेदारो द्वारा रुपये को सिक्को मे अग्रिम धनराशि स्वरूप देने को कहा। डकन का विचार था कि यदि रैयतो को और अधिक अफीम उत्पादन करने को कहा जायेगा तो बगाल और बिहार की भाति बनारस मण्डल मे भी मिलावट का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। ठेकेदारो को ५०/– प्रति पेटी अधिक की धनराशि देने को कहा गया जिससे उनके माध्यम से उत्पादन बढाया जा सके।[32] ६

---

31 वही पृष्ठ–१४३–१४४

32 वही पृष्ठ–७२

नवम्बर १७८६ को एक अध्यादेश जारी किया गया जिसके द्वारा २ १/२ प्रतिशत कर लेकर नवाब वजीर के राज्य से माल बाहर भेजने की व्यवस्था की गई।

ठेकेदारी प्रथा से सम्बन्धित २६ जुलाई १७८६ की २०वी धारा के शर्त मे यह उल्लखित था कि बगाल ओर बिहार मे यदि कोई रैयत अफीम बेचते हुए पकडा गया तो उसे ४/– प्रति सेर की दर से जुर्माना देना होगा तथा उसका सम्पूर्ण अफीम यदि सरकार जब्त नही करती तो रैयत को १४/– प्रति सेर की दर से जुर्माना का भुगतान करना होता था। १६ फरवरी १७६० को अफीम के ठेकेदारो ने अपनी कुछ सुविधाओ को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से गर्वनर को एक प्रत्यावेदन दिया। एक अध्यादेश इस विषय का पारित किया गया कि यदि कोई अग्रेज नियम के विरुद्ध कार्य करता हुआ पाया गया तो उसे योरप भेज दिया जायेगा‡ और यदि कोइ भारतवासी दोषी पाया गया तो उसे ३७५/– प्रति मन की दर से जुर्माने की धनराशि का भुगतान करना पडेगा। रैयतो को इस बात की सुविधा प्रदान की गई कि वे गत वर्ष मे बचे हुये अतिरिक्त अफीम का क्रय–विक्रय कर सकते है।[33]

चूँकि उक्त धाराए सरकार की नियमावली मे सम्मिलित नही थीं अत रेजीडेन्ट ने निम्नाकित नियम बनाये और गर्वनर द्वारा उनकी स्वीकृति प्राप्त कर लिया–

33 वही–सितम्बर १६, १७८६ पृष्ठ ४४३–४४४

(१) निर्धारित सीमा से अधिक अफीम का विक्रय करने वाले को ४/– प्रति सेर की दर से जुर्माना देना होगा।

(२) यदि रैयत पहले वर्ष के उत्पादन का विक्रय करता था तो उसे ८७५/– प्रति मन की दर से जुर्माना देना पडता था।

उक्त नियमो को कार्यान्वित करने का मात्र इतना ही उद्देश्य था कि अफीम की तस्करी को प्रोत्साहन न मिल सके।

बनारस मण्डल के अफीम के ठेकेदार जे० एल० विलियम ने १३ जून १७६१ को गर्वनर से इस आशय का अनुरोध किया कि बनारस मण्डल मे देश के अन्य हिस्सो की भाति एक स्थाई नियम बनाया जाय और एक अधिकारी की नियुक्ति की जाय जिससे ठेकेदार और रैयत के मध्य सुविधा और सुरक्षा सम्बन्धी कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। रैयतो को इसका आभास भी कराये जाने की अपील की गई थी कि वे सरकारी नियमो और आदेशो का उल्लघन न करे। रेजीडेन्ट ने कई अदालतो के न्यायाधीशो से परस्पर बातचीत के दौरान गवर्नर के उक्त सुझाव का भी सदर्भ दिया। इस सुझाव या घोषणा के विरुद्ध अफीम खरीदने और बेचने वालो को दण्डित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा अदालत मे ऐसी स्थिति मे दुगना दण्ड भुगतने का फैसला हुआ[34]

रेजीडेन्ट ने बगाल और बिहार की भॉति इन नियमो को बनारस मण्डल मे लागू करने का आदेश दिया जिसे सरकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गई। चूॅकी आगामी ३१ अगस्त १७६३को बगाल, बिहार और बनारस

[34] वही–१४जून १७६१, पृष्ठ ८६–६१

मण्डल मे लागू पुरानी शर्ते समाप्त होने लगी थी[35] अत २८ जनवरी १७६३ को सरकार द्वारा भविष्य मे अफीम की आपूर्ति के लिए नये प्रस्ताव की मॉग की गई जिसमे निम्नलिखित[36] शर्ते रखी गई –

(१) यदि डायरेक्टर ठेके की शर्त को स्वीकार करते है या परिवर्तन करते है तो आवश्यकतानुसार गर्वनर उसे रद्द करने के लिए अधिकार सम्पन्न होगा।

(२) ठेका चार वर्ष के लिए दिया जायेगा जो १ सितम्बर १७६३ से प्रारम्भ होगा।

(३) २ मन से भरी हुई प्रति पेटी की दर से ६०० पेटिया प्रतिवर्ष ठेकेदारो द्वारा देय होगी।

(४) ठेके का रुपया सिक्को मे दिया जायेगा। यद्यपि सरकार द्वारा ठेकेदारो को अग्रिम धन दिया जायेगा किन्तु ठेकेदार को रैयत को अग्रिम धन देने का अधिकार नही होगा।

(५) प्रथम वर्ष दिये जाने वाली अफीम की पेटी बनारस मे स्वीकृत किये गये अफीम की ही भाति होगी।

(६) निर्धारित मात्रा के अनुसार पेटी मे अफीम होना चाहिए था और यदि किसी की पेटी मे अफीम की मात्रा कम होती थी तो ठीकेदारो को ३००/– प्रति पेटी की दर से जुर्माना देना होता था और सरकार द्वारा

---

[35] वही– १६ जून १७६२–पृष्ठ ५४६–५५०

[36] वही– पृष्ठ ५५०–५५१

प्रदत्त अग्रिम धनराशि भी लौटा देनी पडती थी। यदि दुर्भाग्यवश दैवी प्रकोप के कारण कभी फसल नष्ट हो जाती थी तो ठेकेदार को कुछ रियायत दे दी जाती थी।

(७) रैयत द्वारा प्रदत्त अफीम पूर्णत ठेकेदार कम्पनी या उसके एजेन्ट को देता था। यदि कभी वह किसी अन्य व्यक्ति को अफीम का कुछ हिस्सा बेच देता था या किसी वस्तु के बदले मे दे देता था तो ऐसे कार्य के लिए दोषी पाये जाने पर उसे ७५०/— की धनराशि जुर्माना स्वरूप देनी पडती थी।

(८) कलकत्ता मे स्थित व्यापार परिषद् को अफीम अपने खर्चे से ठेकेदार भेजता था।

(९) ठेकेदार वजीर के राज्य से बाहर जितनी अफीम भेजता था उसपर २ १/२ प्रतिशत कर स्वरूप बनारस के राजा को देना पडता था।

(१०) बगाल और बिहार मे उत्पादित अफीम को ठेकेदार न तो स्वय ले सकता था, न किसी को दे सकता था और न ही बाहर भेज सकता था।

(११) शुद्ध अफीम के प्रति एक सेर पर ढाई रुपये ठेकेदारो को कर देना पडता था और प्रति एक मन पर ढाई सेर वजन की अफीम अधिक देनी पडती थी जिससे सुखाने के बाद अफीम का वजन पूर्णत एक मन बना रहे।

(१२) अफीम की खेती के लिए निश्चित बीघा जमीन के आधार पर ठेकेदार अफीम देने का वचन देता था न कि उससे उत्पादित सम्पूर्ण अफीम।

(१३) किसी प्रकार के दैवी प्रकोपवश यदि खेती को क्षति होती थी तो ठेकेदार द्वारा खर्च वहन करने पर रेजीडेन्ट एक अमीन की नियुक्ति करता था जो हुई क्षति का अनुमान लगा कर बताता था।

(१४) रेजीडेन्ट या उसके प्रतिनिधि द्वारा प्रतिवर्ष तराजू का निरीक्षण हुआ करता था।

(१५) निर्धारित मात्रा मे अफीम रैयत द्वारा न दिये जाने पर निम्नलिखित परिणामो को भुगतना पडता था–

(अ) यदि रैयत दोषी नही पाया जाता था तो उसे प्राप्त धनराशि (अग्रिम रूप मे) के कुछ भाग पर २ प्रतिशत की दर से वार्षिक ब्याज का भुगतान करना पडता था।

(ब) यदि ठेकेदार को इसका सन्देह होता था कि रैयत की लापरवाही से ऐसा हुआ है तो अदालत या रेजीडेन्ट उससे अग्रिम धनराशि का साढे बारह प्रतिशत ब्याज वसूल करता था।

(स) यदि रैयत कभी अपनी जिद के कारण कच्चा माल किसी अन्य को बेच देता था तो इसकी शिकायत ठेकेदार रेजीडेन्ट से या अदालत मे करता था। ऐसा मात्र रैयत के सुधार हेतु किया जाता था।

(१६) यदि वजन बढाने के उद्देश्य से रैयत कच्चे माल मे पानी मिलाता था तो उसकी धर्म परीक्षा के लिए अफीम उत्पादन करने वाले दो सम्मानित व्यक्तियो की नियुक्ति ठेकेदार द्वारा की जाती थी।

(१७) यदि रैयत कच्चा माल तैयार करने वालो को मिलावट करके अफीम देता था तो उसका सम्पूर्ण माल जब्त कर लिया जाता था।

(१८) ठेकेदार द्वारा रैयत से किसी प्रकार का शुल्क अथवा दस्तूर लेने की प्रथा नही थी। यदि कोई इस का उल्लघन करता था तो उसे दस्तूर मे लिए गये धन का तीनगुना देना पडता था।

(१६) ठेकेदार या अफीम उत्पादक अपनी शिकायतो को मुफलिस अदालत के भारतीय न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत कर सकता था। अदालत के निर्णय का दावा रेजीडेन्ट के पास होता था। ऐसा तभी होता था जबकि मुकदमे का धन धारा के निश्चित धन से कम नही होता था।

उक्त अध्यादेश से यह स्पष्ट है कि डकन ने कृषको और सरकार की उन्नति हेतु प्रयत्न किया। उन्होने बनारस मे शुद्ध अफीम के उत्पादन पर बल दिया जिससे सरकार को अत्यधिक लाभ हुआ और कृषको को भी क्षति नही पहुँची।[37]

किन्तु १७६६ के अध्यादेश से अफीम के व्यापार मे गिरावट आ गई। सर जॉन शोर ने डकन को लिखा कि आमदनी मे यह कमी इस वर्ष छूट

37 होल्डन फर्बर–रिपोर्ट ऑफ इण्डियन गर्वनर जनरलशिप–पृष्ठ–८८

से अधिक हो गयी। जब यह पत्र डाइरेक्टर की अदालत मे प्रस्तुत किया गया तो उसका विपरीत प्रभाव पडा।

बगाल, बिहार तथा बनारस से चार हजार सात सौ तिहत्तर पेटियो का मूल्य ७ लाख ४२ हजार ५ सौ ४२ रुपये आये। इस कमी का कारण गत वर्ष बाजार में अफीम का अधिक माल निर्यात होना था। अफीम के व्यापार मे गिरावट आ जाने से डाइरेक्टर की अदालत परेशान थी। विदेशी बाजारो मे माल खराब होने से कीमत मे कमी हो गयी।

अफीम व्यापार के लिए ठेकेदारी और एजेन्सी मे से कौन सी नीति लाभप्रद होगी इस विषय पर विचार करने हेतु बगाल सरकार को लिखा गया। १५ मई १७६६ मे डाइरेक्टर की अदालत ने सरकार को एक पत्र द्वारा अफीम का परिमाण बनाये रखने हेतु बाध्य किया।[३४] फिर भी बजारो मे इसकी प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए कहा गया। उन लोगो ने बगाल की अफीम का नियम गवर्नर की इच्छा से समाप्त करना स्वीकार कर लिया।

गत वर्षों मे अफीम के व्यापार मे आई गिरावट को सुधारने तथा व्यापार को बढाने की दृष्टि से ११ जुलाई १७६६ मे ठेकेदारी के स्थान पर एजेन्सी का नियम लागू किया गया। एजेन्टो को अफीम उत्पादक किसानो को परेशान करने की बिल्कुल मनाही कर दी गयी।[३७]

---

३४ वही–पृष्ठ– ११३

३७ सेपरेट रेवेन्यू पत्र कोर्ट के नाम ६, ७ मार्च १७६६ पैरा–२

पोस्ते की खेती करने के लिए सरकार की स्वीकृति लेनी पडती थी। एजेन्ट कृषको को अग्रिम राशि देने से पूर्व भाव, वजन आदि निश्चित कर लेते थे। इस निश्चय की एक प्रति व्यापार परिषद के पास विचारार्थ भेज दी जाती थी। व्यापार परिषद् द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो जाने पर कृषको को अग्रिम राशि दे दी जाती थी। इस समझौते की एक प्रति उस क्षेत्र के न्यायधीश के कक्ष मे भी लगा दी जाती थी।

प्रत्येक परगना के मूल्य का निर्धारण एजेन्टो द्वारा होता था। पोस्ता बोनेंके समय एजेन्ट कृषको से बीघा निश्चित कर लेता था। निश्चित बीघे से कम मे खेती करने वाले किसान को अग्रिम धनराशि का तीनगुना जुर्माना स्वरूप देना पडता था। खेत मे उत्पन्न सम्पूर्ण पोस्ता किसान को देना पडता था। एजेन्सी की नीति काफी लाभदायक सिद्ध हुई। गत वर्ष से विक्रय मूल्य मे वृद्धि हुई। बनारस की अफीम २५ प्रतिशत प्रति पेटी अधिक हो गई। दूसरा विक्रय जो १६ फरवरी, १७६६ मे हुआ अपेक्षाकृत अच्छा था। ११ जून १८०० मे डाइरेक्टर की अदालत के पत्र द्वारा इस विक्रय की प्रशसा करते हुए एजेन्सी नीति को श्रेष्ठ बताया गया। अफीम की गुणवत्ता मे भी सुधार हुआ। गवर्नर ने कहा कि एजेन्सी द्वारा यदि अधिक आय न भी होगी तब भी बराबर तो अवश्य ही रहेगी।[40]

अब कम्पनी सीधे अपने कर्मचारियो द्वारा अफीम बनाने वालो से सम्बन्ध स्थापित करने लगी। धीरे–धीरे एजेन्सी नीति मे भी त्रुटि आने लगी। कम्पनी के लोगो द्वारा अफीम उत्पादक त्रस्त किये जाने लगे।

---

40 बगाल रेग्युलेशन, जिल्द – प्रथम पृष्ठ –४०२–४०४

१७६६ के अध्यादेश मे १८०७ मे कुछ परिवर्तन हुआ। परिवर्तन द्वारा बिहार तथा बनारस के बाहर अफीम का उत्पादन नही होना था। फलत तस्करी और छिपे रीति से व्यापार प्रारम्भ होने लगा। इसे रोकना कम्पनी के लिए कठिन था।

१८०७ मे बनारस के लिए एक पृथक एजेन्सी स्थापित की गई। अफीम का उत्पादन सीमित करते हुए यह घोषणा कर दी गई थी कि प्रति वर्ष १५०० मन से अधिक उत्पादन नही होना चाहिए।[41]

इस प्रकार १८वी शताब्दी के अन्तिम दशक मे अफीम के निर्यात मे २०० प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि हुई। सम्भवत अवध से इस क्षेत्र मे आयातित अफीम भी इस वृद्धि का एक मुख्य कारण थी।[42]

नमक

बनारस मे नमक का जो उद्योग होता था वह साम्भर, उदयनगर और जोधपुर से आता था। बनारस मे इसका मूल्य ४ ५० रु० प्रतिमन था। इसका उपयोग मध्यमवर्ग तक ही सीमित था। गरीब जनता द्वारा प्रयोग किये जाने वाले नमक को बबेहा कहते थे।[43] गरवारा, रारी, सिगरामउ, जफराबाद तथा गोपालपुर मे नमक बनाया जाता था। नमक की वार्षिक उपज ७०,००० मन तक था जिसमे ४०,००० मन नमक का

---

41 सेपरेट रेवेन्यू लेटर–कोर्ट को लिखित सितम्बर, १८०० से जून १८०० तक क्रमश पृष्ठ ८, पैरा ३,८,११,१२, एव एच० आर० घोसाल–एकोनामिक ट्रान्जिशन इन बगाल प्रेसीडेन्सी–पृष्ठ–१२५

42 ए० शेक्सपियर्श–सेलेक्शन फ्राम दी डकन रेकार्ड, जिल्द– द्वितीय, पृष्ठ १७६–१७७

43 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स–अगस्त १७८७ पृष्ठ–१६३ एव मार्टिन हिस्ट्री ऑफ एन्टीक्वेट टोपोग्राफी एण्ड स्टैटिस्टिकल सर्वे आफ इस्टर्न इण्डिया पृष्ठ ५४६–५०

उत्पादन केवल मुगरा ही करता था। अच्छा और उत्तम माल २/५० प्रति मन, द्वितीय श्रेणी का १–२५ प्रति मन से १–१५ तक तथा तृतीय श्रेणी का माल १/– प्रति मन की दर से बेचा जाता था।

१७६० मे जौनपुर मे साल्ट महल बनाया गया। एक अन्य महल बनाकर १८०००/– प्रति वर्ष की दर से शिवराज दुबे को पाच वर्ष के लिए लीज पर दे दिया गया।[44]

यह भी प्रासगिक है कि अच्छा माल जौनपुर और बनारस जिलो मे पाया जाता था। दूसरी श्रेणी का माल वजीर नवाब के राज्य मे भेज दिया जाता था।

अध्यादेश ६ धारा ४ के अनुसार बनारस मण्डल को बालम्बा, काशी, नेला, नमिट, जूलिया, ऊटसोचाल और लाहौर नामक नमक के आयात का आदेश था। इस अध्यादेश के अनुसार १–०० प्रति मन की दर से टैक्स लगता था। सोलम्बा और बालम्बा नामक नमक पर सवा दो रुपये प्रति मन की दर से टैक्स लगता था जिसका परिणाम यह हुआ कि इनका आयात ही बन्द हो गया। साम्भर नमक की गुणवत्ता भी कम हो गई। इन नमको का मूल्य बाजार मे ८० प्रतिशत बढ गया।[45]

१८०१ अध्यादेश की धारा ६ के अनुसार सरकार की अनुमति के बिना नमक बनाना मना था। इस अध्यादेश का उल्लघन करने वालो को

---

44 गाजीपुर करसपान्डेस–२५ नवम्बर, १७६६ जिल्द ११८ पृष्ठ– ७८–७६ एव मीरात–उल–आमल फुटनोट ३६ ८१, आलमगीरनामा पृष्ठ – २२२ एव बचनान–ए जर्नीफ्राम मद्रास थ्रू मैसूर केनरा एण्ड मालावार।

45 बगाल रेग्यूलेशन –(१)– अपेन्डिक्स, पृष्ठ– ४८७

५०००/– जुर्माना स्वरूप देना पडता था। इस कडे अध्यादेश के परिणाम स्वरूप नमक व्यापार को क्षति पहुँची। नमक व्यापार मे लगे हुए अधिकाश लोग बेकार हो गये। कुछ नमक व्यापारी बेलहरा परगना मे और कुछ नवाब वजीर के प्रान्त मे जाकर बस गये। ऐसे लोग अवैध रूप से नमक का व्यापार करने लगे। बेलहरा और बिलकौर से बनारस मण्डल मे लगातार तस्करी होने लगी।[46]

नमक के अवैध व्यापार को रोकने के लिए नमक के आयात और विक्रय का उत्तरदाइत्व मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियो का हो गया। भूमि टैक्ट वसूलने वाले कलेक्टर को अध्यादेश १८०१, के अध्यादेश ६ की धारा ६ के अन्तर्गत नमक के अवैध व्यापार को रोकने के लिए लोगो से सहायता प्रदान करने का आदेश दिया गया। उक्त अध्यादेश के अन्तर्गत नमक की चौकियो के अधीक्षक और एजेन्ट नमक के मूल्य के ३५ प्रतिशत के बराबर पुरस्कार के अधिकारी होते थे। नमक का मूल्य उस जिले या क्षेत्र के निर्धारित मूल्य के अनुसार ही आका जाता था।[47] १८०१ के अध्यादेश ६ की धारा २७वी के अन्तर्गत नमक चौकियो के लिए दरोगा नियुक्त किये गये। उन्हे अपना पद ग्रहण करने से पूर्व १०००/– की जमानत देना होता था। यदि तस्करी के मामले मे उनका सहयोग किसी प्रकार से सिद्ध हो जाता था तो वे दण्ड के भागी होते थे और उनकी जमानत जब्त कर ली जाती थी।[48]

---

46 वही पृष्ठ–४८८ एव खुलासात तवारीख पृष्ठ ५८

47 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स–१६ नवम्बर १८०२, पृष्ठ २०३

48 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स–१२ अक्टूबर, १८०२, पृष्ठ १६६ एव बगाल रेग्यूलेशन (१) अपेन्डिक्स पृष्ठ–४८८

शोरा

शोरा का उत्पादन बनारस से लगभग दस मील की दूरी पर बारा परगना के निकट चवसा केवली ग्राम मे और गाजीपुर जिले के खेतीपुर ग्राम मे होता था। वार्षिक उपज २०,००० मन की थी। यह पौने तीन रुपये मन की दर से बिकता था और ढाई प्रतिशत कर लगता था। यद्यपि यह दर पहले की अपेक्षा कम थी किन्तु फिर भी इसे पहले की व्यापारिक सन्धि के अनुसार समझा जाता था। शोरा अधिकाशत बारूद बनाने के काम आता था। १८वी शताब्दी मे योरोपीय जाति द्वारा युद्ध मे इसकी माग अधिक हो गई थी। वजीर नवाब के राज्य से शोरा का बनारस मण्डल मे आयात होने लगा था।[49]

रेशम

प्राचीन काल से ही बनारस नगर अपने सुन्दर जरी बूटी के रेशमी वस्त्रो के लिए प्रसिद्ध रहा है। मुगलकाल मे कमरबन्द, पगडी और स्त्रियो के वस्त्रो के लिए बनारस को विशेष ख्याति प्राप्त थी।[50] एक फ्रासीसी डाक्टर जो शाहजहॉ के शासनकाल के अन्तिम चरण मे भारत आया था और कई वर्षो तक भारत मे रहा उसने बनारस के विषय मे लिखा है कि , " बडे–बडे कमरे जो कारखाने कहे जाते थे अनेक स्थानो पर देखने को मिले जिसमे कारीगर काम करते थे। एक कक्ष मे दरी बनाने वाले कारीगर

---

49 वही–पृष्ठ ४६३ तथा वी आर सी २४ अगस्त १७८७ पृष्ठ १७१ एव आइने अकबरी जिल्द–१ पृष्ठ ५८ एव बगाल सेलेक्ट्रेड कमीटी प्रोसीडिग्स –११ जून १७६१ पृष्ठ १०७, एव पी० मुन्डी ट्रेवेल्स पृष्ट ७६–७७

50 एफ० बर्नियर, ट्रेवेल्स इन द मुगल इम्पायर (१६५६–१६६८) पृष्ठ २५८–२५६

नियुक्त थे जो एक मालिक के निरीक्षण मे कार्य करते थे। दूसरे कक्ष मे सुनार तीसरे कक्ष मे चित्रकार, चौथे मे पीतल और वार्निश चढाने वाले, पॉचवे मे बढई, दर्जी, मोची कार्य करते थे। छठे कक्ष मे रेशमी जरी के कपडे बनाने वाले और पगडी जिस पर सुनहरे फूल बने होते थे तथा स्त्रियो के लिए रेशमी वस्त्र बनाने वाले कारीगर कार्य करते थे।[51]

मुगलो के पतन के साथ ही ये कारखाने भी धीरे–धीरे समाप्त हो गये। अब बुनकरो द्वारा नकद मूल्य पर वस्तुओ का विक्रय प्रचलित हुआ। सरकार को बिना असुविधा पहुँचाये यह व्यापार व्यापारियो द्वारा किया जाता था। इसका दर माल के सिद्धान्तो के ऊपर निर्धारित किया जाता था और उन दलालो के माध्यम से खरीदा जाता था जो बुनकर और विक्रेता के बीच बिचौलिये का काम करते थे। इन बिचौलियो को विक्रेता से कमीशन प्राप्त होता था।[52] दलाल वस्तुओ के निर्माता और व्यापारियो को एक दूसरे के निकट लाकर व्यापार मे उन्नति करते थे जिससे अधिक लाभ होता था। १७८६ मे इन दलालो को कारखानो के एजेन्ट से बुनकरो और सौदागरो को देने के लिए माल प्राप्त होता था।[53]

---

51 गाजीपुर करसपॉन्डेन्स २७ अगस्त १७८७, जिल्द–८६, पृष्ठ १५ एव फिज अर्ली ट्रवेल्स इन इण्डिया पृष्ठ–२८, ट्रेवर्नियर भाग–२ पृष्ठ २०

यदुनाथ सरकार–औरगजेब (खण्ड–५) पृष्ठ –३४१, एव ट्रेवनियर–अर्ली ट्रेवेल्स इन इडिया–पृष्ठ–२

52 वही–पृष्ठ–११ एव एम एम खान–पृष्ठ २०७ अप्रकाशित शोध ग्रन्थ।

५३ ई० थर्सटन–हिस्ट्री ऑफ ईस्ट इण्डिया कम्पनी क्वायनेज (जर्नल आफ ऐसीयाटिक सोसाइटी आफ बगाल) जिल्द [illegible] खण्ड [illegible] १८६३ पृष्ठ–५५ एव हेनरी एडवर्ड फेने फाइब इयर्स इन इण्डिया– जिल्द–१ पृष्ठ–४७, मनूची ट्रवेल्स जिल्द–२ पृष्ठ ६२८ एव एरिश–ए रहीस–ए– महफिल–पृष्ठ १०१

बनारस का मिन्ट सोना चॉदी का तार एव सूत बनाने वालो का माध्यम था और कीमती वस्त्र जरीदार वस्त्र बनाने वाले एव बुनकरो का भी इसमे साथ था। जी० एल० बार्लो ने अपनी पुस्तक मे बनारस मण्डल के सिक्का निर्माण रीति का वर्णन किया है कि सोना चॉदी का तार व सूत बनाने वाले तथा मिन्ट के मध्य परस्पर सम्बन्ध था और इन वस्तुओ का निर्माण इनके व्यापार की उन्नति पर निर्भर करता था। मिन्ट के समाप्त हो जाने पर उन वस्तुओ के निर्माताओ ने दूसरी वस्तु की माग किया। सिल्क उद्योग का केन्द्र बनारस जिले मे कई स्थानो पर था। किमखाब, जरीदार कपडा, चादी, सोने के तार, साटिन एव कई अन्य प्रकार के कपडे जो गुलदान और चारखाना के नाम से प्रसिद्ध थे बनाये जाते थे। मैकाले ने लिखा है कि " यह अतिशयोक्ति नही है कि बनारस मे तैयार किया गया बारीक रेशम सेन्टजेम के बाल को सुशोभित करता था।" बनारस अपने मुख्य उद्योग कलाबत्तू के लिए प्रसिद्ध था जिसकी माग किमखाब बनाने के लिए बहुत अधिक थी। बनारस मे बना हुआ सलमा भारत के दूसरी श्रेणी मे आता था।[54]

छींट (बढ़िया कपड़ा)

बनारस मण्डल मे उच्चकोटि की छीट का कपडा बनाया जाता था। जैसा कि वार्ड ने लिखा है, "भारत की यह मूल कला भी, छीट का बनाना,

५४ वही– ५५–५६, एव टी० बी० मैकाले–एशेआन वारेन हैस्टिंग्स– पृष्ठ–५५ एव हाप्सन जाप्सन–पृष्ठ ३८४

अपनी अधिक सुन्दरता और अच्छाई के कारण योरप मे बिना किसी सशोधन के उसी रूप मे प्रयोग होता था।[55]

सूत

खासा, काशिमाबाद, रगोली, हबेली, गाजीपुर और रसडा मे सूती कपडे का निर्माण होता था। बलिया मे गारा, मोहम्मदाबाद मे मारसे और जौनपुर मे मलमल बनता था। अच्छे किस्म का सादा और धारीदार तन्जेब बनारस मे बनाया जाता था। सूती कपडो की रगाई और छपाई अधिकाशत लोहता मे होती थी। बनारस मे प्रति वर्ष लगभग ६ लाख रुपये का कपडा बनता था जिसकी अधिकाश खपत बनारस मे ही हो जाती थी। शेष माल को कलकत्ता भेज दिया जाता था। बुनकरो को सरकार अग्रिम राशि देकर सारा माल देश के लगान के रूपये से खरीद लेती थी। वस्तुओ के मूल्य की सूची जो कलकत्ता भेजी जाती थी। निम्नवत है—

कपडा	प्रतिथान	चार्ज	योग
बबता 36'x2'	87-8 आना	8-00	96-8 आना
घरहा 36'x2'	67-8 आना	7-00	79-8 आना
इमरतिस 8'x3/4'	60-00 रु	6-00	66-80 रु
लखौरी 28'x2'	46-8 आना	5-00	52-8 आना

---

55 डब्ल्यू ० वर्ड० —व्यू ऑफ हिस्ट्री लिट्रेचर एण्ड रेलीजन ऑफ हिन्दूज, जिल्द प्रथम—पृष्ठ—६६

कम्पनी द्वारा बनारस के बने वस्त्रो का निर्यात भी प्रारम्भ हुआ। व्यापारियो को इसके मूल्य की जानकारी कराने के लिए बनारस, गाजीपुर, जौनपुर और मिर्जापुर के चुगीघरो मे कपडो के नमूने दर सहित रख दिये जाते थे। व्यापारी अपना माल व्यक्तिगत रूप से न बेचकर कम्पनी को देने के लिए अधिक उत्सुक रहने लगे। सरकार कम मूल्य पर उनका सारा माल क्रय कर लेती थी। इससे व्यापारी को अपनी बिक्री का मूल्य तुरन्त प्राप्त हो जाता था। प्रथम बाजार मे जहॉ कपडे बेचे जाते थे ५ प्रतिशत टैक्स लगाया गया और उनपर उस स्थान की मुहर लगा दी जाती थी जिससे अन्य स्थानो पर उनसे टैक्स न लिया जाये।

बनारस मण्डल मे सूती कपडा बनाने के लिए जो कपास प्रयुक्त होता था वह जमुना नदी के दक्षिणी किनारे के राज्यो से आता था। इन राज्यो मे कपास की पैदावार बहुतायत मे होती थी। दक्षिण से भी कपास, मगाया जाता था। एक लाख नब्बे हजार पॉच सौ छिहत्तर मन पौने दो सेर कपास का मूल्य एक लाख सोलह हजार छ सौ उन्चास रुपये आठ आना (रु० ११६ ६४९–८ आना) होता था। जालौन और अहमद नगर के कपास की अपेक्षा नागपुर का कपास अधिक अच्छा होता था।[56]

धातु

कीमती धातु का कार्य केवल सोना चॉदी के तार बनाने तक ही सीमित नही था/बनारस नगर मे ऐसे बहुत से स्वर्णकार थे जो जवाहरात

---

56 बनारस रेजीडेन्सी करसपॉडेन्स– २७ अगस्त १७८७ पृष्ठ – ४१, ४२, ४३, एव आइने अकबरी जिल्द–२ पृष्ठ १६६

के साथ ही साथ सोने चॉदी के बर्तन भी बनाते थे। चॉदी के हौदे, कुर्सियॉ, पालकी आदि बनाकर जरीदार कपडो से ढकने का कार्य भी होता था। सौदागर भारी मात्रा मे इनका व्यापार नेपाल से करते थे और इसके बदले मे सोने की ईंट प्रति वर्ष ४ से ५ लाख रुपये तक का वहॉ से लाते थे। इस सोने पर टैक्स लगता था। टैक्सो को वसूल करने वाले कार्यालय को सोना महल कहा जाता था‡ जिसकी स्थापना राजा बलवन्त सिह द्वारा की गई थी।[57]

पीतल

बनारस और मिर्जापुर पीतल उद्योग के मुख्य केन्द्र थे। इस उद्योग के मालिक बनिया या कसेरे होते थे। ये मजदूरो को पीतल का औजार देते थे। कच्चा पीतल प्राय बाहर से मगाकर बनारस मे नक्काशीदार बर्तन निर्मित किये जाते थे। पीतल की मूर्तिया, रूप तथा थालो मे चित्रकारी का कार्य मुख्य था। थालो तथा अन्य फैन्सी वस्तुओ पर उभार का कार्य होता था। बडी–बडी तश्तरिया, थाल गगा–जमुना ट्रे, कटोरे, फूलदान, सुराही, लोटा, मोर, पन्तास, तसला तथा अन्य दूसरी वस्तुओ का निर्माण भी होता था।[58]

---

57 वही– पृष्ठ ४१, ४२, ४३ एव बगाल पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट (जर्नल) पृष्ठ–७

58 जी० बी० डैमपियर–ए मोनाग्राफी ऑन ब्रास एण्ड कापर वायर्स ऑफ (एन० डब्ल्यू० पी०) एण्ड अवध पृष्ठ–३२–३३

मिर्जापुर के पीतल, कासा जिसमे जस्ता और ताबा मिला रहता है, का भी उद्योग प्रसिद्ध था। बडे सम्पन्न घरो मे प्रयोग होने वाले प्राय सभी बर्तन यहा बनते थे। सफेद धातु का कार्य यहॉ नही होता था।[59]

इत्र एवं केवड़ाजल

गाजीपुर इत्र बनाने का प्रमुख केन्द्र था। यहॉ भारी मात्रा मे गुलाब जल बनता था। गुलाब की खेती साधारण किसानो द्वारा नगर के आसपास होती थी‡ जिन्हे इत्र निर्माताओ से अग्रिम राशि मिल जाती थी। मार्च और अप्रैल माह के मध्य मे गुलाब एकत्र किया जाता था जिसका विक्रय सख्या के अनुसार होता था। यहॉ पर उच्चकोटि का सस्ता गुलाब जल तैयार होता था। गुलाबजल को बडे–बडे बर्तनो मे रात्रि से प्रात तक खुली हवा मे रखा जाता था। प्रात काल गुलाब जल पर एक हल्की तेल की पर्त जम जाती थी जिसे समेट कर इत्र बनाया जाता था। इस प्रकार इत्र सस्ता होता था। एक रुपयॉ भर इत्र के लिए दो हजार गुलाब के अच्छे फूल की आवश्यकता होती थी।[60]

केवडा जल जौनपुर मे बनाया जाता था। बी० एच० ओलपर का कहना है कि "इस इत्र की अधिकतम माग योरप के तेल कारखानो मे होती थी।" जौनपुर सुगन्धित तेल उद्योग के लिए प्रसिद्ध था। गुलाब की भॉति चमेली और बेला की भी खेती होती थी। इत्र का बनाना फारस से शर्की सुल्तान के जमाने से प्रारम्भ हुआ। खस घास की जड से बनता

---

59 वही पृष्ठ–३२–३३

60 पी० हेबर– ए नरेटिब ऑफ जर्नी थ्रू दी' अपर प्राविन्सेज ऑफ इण्डियन–जिल्द– प्रथम पृष्ठ २६६

था। जौनपुर शहर के आस पास चमेली और बेला की खेती अधिक मात्रा मे होती थी। गुलाब गाजीपुर से आता था। गाजीपुर और जौनपुर का माल अधिकतर बगाल और बिहार मे तथा कुछ राजस्थान और पजाब मे बेचा जाता था।[61]

लकड़ी के खिलौने

लकडी के खिलौने का प्रमुख उद्योग अलईपुर, तेलियानाला, रामापुरा, भेलूपुरा, कुबरवापुरा, और खोजवा मे था। इन खिलौनो के लिए कोरया नामक सफेद और मुलायम लकडी का प्रयोग किया जाता था। जो हअरौरा, पालामउ, धनूपुर, भगवा से आता था। रगाई के लिए लाख और रग के मिश्रण का प्रयोग होता था।[62]

ईट उद्योग

पूर्वी उत्तर प्रदेश मे ईट उद्योग अपनी उत्कृष्टता की चरमसीमा पर था। ईट की पथाई, भराई एव पकाई के पश्चात् उसकी निकासी की जाती थी। तैयार ईट की बिक्री की जाती थी। बडे भवनो, हर प्रकार के मकानो के निर्माण मे इसका प्रयोग किया जाता था।[63]

---

61 डुप्लेन, पेपर ऑफ इण्डियन एसेन्सियल आयल प्रोसीडिग आफ इण्डियन हिस्ट्री काग्रेस–१९०६ एव मनूची ट्रेवेल्स खण्ड (२) पृष्ठ ४२८ एव हेबर–नरेटिव ऑफ जर्नी थ्रू दी अपर प्राब्सिेज इण्डिया जिल्द–१ पृष्ठ ३५०, एव ए रहीसे महफिल पृष्ठ–१०६

62 एच० सी० चटर्जी –नोट्स आन इन्डस्ट्रीज इन यू० पी० पृष्ठ–३८–३९, एव मनूची–मनूची ट्रेवेल्स खड (२) पृष्ठ ४२८

63 जे० एन० सरकार० इन्डस्ट्रीज इन मुगल इण्डिया पृष्ठ–२१८,

पान

बनारस का पान उद्योग प्राचीनकाल से ही अपनी उन्नति की पराकाष्ठा पर रहा है। अठारहवी शताब्दी मे 'बनारसी पान' विश्वस्तर पर प्रसिद्ध था और हर छोटी बडी महफिलो,, उत्सवो की शान था। पान का सेवन प्राय सभी वर्ग के लोग करते थे। पान की खेती, कत्था, सुपारी, और विभिन्न प्रकार के तम्बाकुओ का निर्माण और विक्रय बनारस के व्यापार का मुख्य स्रोत था। तम्बाकू की अनेक श्रेणिया होती थीं‡ जिनका मूल्य उनकी गुणवत्ता और सुगन्ध पर आधारित होता था।[64]

---

६४ आईने अकबरी जिल्द एक पृष्ठ–७७, (जैरेट) अनुवाद, मनूची, जिल्द (१) पृष्ठ ६३, ट्रेवेनियर ट्रेवेल्स जिल्द (१) पृष्ठ–२६४, गुलबदन बेगम, हुमायूनामा–पृष्ठ–३३, एम० पी० श्रीवास्तव 'सोसायटी एण्ड कल्चर इन मेडिवल इन्डिया पृष्ठ १०८ वर्नियर ट्रेवेल्स– पृष्ठ–१३

उधर सुरग जनु खाए तबोला
अब ही जानु चाहे हॅसि बोला।
(हिन्दी) चित्रावली–पृष्ठ ६४–७२

कर, चुंगी
एवं
बैकिंग प्रणाली

कर चुँगी और बैंकिंग प्रणाली

प्राय सम्पूर्ण प्रशासन मे कर की व्यवस्था एक प्रकार की होती थी। यद्यपि इसकी एकरूपता बनाये रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता था किन्तु कही–कही क्षेत्र विशेष मे कर के स्वरूप मे अन्तर भी पाया जाता था।

मुगलकाल मे हिन्दुओ से 'जजिया' कर और मुसलमानो से 'जकात' कर लिया जाता था। जकात से प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग मस्जिदो, मदरसो एव धार्मिक कृत्यो मे किया जाता था। इन करो को वसूलने के लिए कर्मचारी नियुक्त किये जाते थे।[1] कुछ शासको ने इन धार्मिक करो मे अपने शासन काल मे छूट भी दिया किन्तु औरगजेब ने अपने राज्य काल मे इस हेतु कोई छूट नही दिया।[2]

कुछ मुगलकालीन शासको ने 'तम्बाकू' पर विक्रय कर लगाया था किन्तु औरगजेब ने तम्बाकू, अफीम, गॉजा, भाग, मद्य आदि नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगा दिया और इनके निमित्त सारे लाइसेन्स रद्द

---

1 हरिशकर श्रीवास्तव–'मुगल प्रशासन' पृष्ठ १२६–१३० एव ह्यूम्स टी०पी०–डिक्शनरी ऑफ इस्लाम पृष्ठ ६६६–६०० एव अथनाइड्स, एन० पी०–मुहम्डन थ्योरीज आफ फाइनेन्स पृष्ठ २०७, २६७, ३१८ एव त्रिपाठी राम प्रसाद– सम आसपेक्ट आफ मुस्लिम ऐडमिनिस्ट्रेशन पृष्ठ–२४५

2 कुरैशी–दि ऐडमिनिस्ट्रेशन आफ दि मुगल इम्पायर पृष्ठ १४७, जहीरुद्दीन फारुकी–ओरगजेव एण्ड हिज टाइम्स–पृष्ठ–१६४, १७०, ४७६

कर दिया।[3] मुगलकाल मे सूतीवस्त्र निर्माण मे लगे कारीगरो अथवा व्यवसायियो को तैयार माल पर कर देना पडता था। इसके अतिरिक्त वृक्षो, फल के बाग तथा भवन निर्माण पर २$\frac{३}{४}$ प्रतिशत राजस्व लगाया गया था।[4]

ऐसे भी अनेक दृष्टान्त आये है जिनसे यह ज्ञात होता है कि सरकारी क्षति की परवाह किये बिना व्यापारिक सुविधा को ध्यान मे रखकर राजस्व मे भारी छूट दी गयी। मिर्जापुर और बुन्देलखण्ड के सौदागर को कपास पर अपेक्षाकृत अधिक कर देना पडता था जिसे अन्य की बराबरी पर लाने के उद्देश्य से डकन ने प्रत्येक मन पर १५ प्रतिशत से १० प्रतिशत और २ प्रतिशत कम कर दिया। यद्यपि इससे शासन को हॉनि हुई किन्तु मिर्जापुर से बिहार और बगाल को अधिक कपास जाने लगा। यह नवाब के फूलपुर के बाजार की अपेक्षा अधिक था।[5] दक्षिण के व्यापारियो की सुरक्षा के लिए डकन ने जमीदारी चौकियो की व्यवस्था किया। पश्चिमी सीमा से लेकर मिर्जापुर तक पहरेदारी की व्यवस्था की गई। यह

---

3 डी० पन्त–दि कामर्शियल पालिसी आफ मुगल पृष्ठ–२३१–२३२, एव ए० एल० श्रीवास्तव–'मुगलकालीन भारत' पृष्ठ ३७२ मोरलैण्ड 'इडिया ऐट दी डेथ आफ अकबर' पृष्ठ १५८, प्ले सर्ट 'इडिया' पृष्ठ ३५, तजुक–ए– जहॉगीरी भाग (१) पृष्ठ ३१० (रोजर्स अनुवाद)

4 सरकार– फरमान आफ औरगजेब, कमेन्ट्री पृ० १२२–१८४

तम्बाकू का पौधा सर्व प्रथम गुजरात मे लगाया गया १६१३ ई० मे जहॉ से इसकी पत्तियॉ उपलब्ध हुई। १६०५ मे पुर्तगालियो ने इसका प्रचलन शुरू किया। जहॉगीर ने भॉग के सेवन पर प्रतिबध लगा दिया क्योकि निर्धन लोग इसका सेवन करते थे। उसका कथन था कि यह स्वास्थ्य के लिए हॉनिकारक है। किन्तु कुछ शासको ने गॉजा, अफीम, भाग पर से प्रतिबन्ध हटा दिया क्योकि वे स्वय उसमे रुचि रखते थे एव उसके सेवन के आदी थे। हुमायू एव बाबर गॉंजा, भॉग का सेवन करते थे। अकबर भी इसका सेवन करता था। इस काल मे गॉजा बुरहानपुर से आता था।'

विशेष विवरण के लिए देखिये– (१) मोरलैण्ड 'इडिया ऐट दी डेथ आफ अकबर 'पृष्ठ–१५८, (२) प्ले सर्ट 'इडिया' पृष्ठ–३५, (३) तजुक–ए–जहॉगीरी भाग (१) पृष्ठ–३१० (रोजर्स० अनुवाद)

5 ओल्ढम–हिस्टारिकल एण्ड स्टैटिस्टिकल मेम्यार ऑफ गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट–पृष्ठ–२११

व्यवस्था गगा नदी के दूसरी ओर तक भी थी। चुनार मे राजापुर तारा, अनन्तपुर तथा चादीपुर सीमा क्षेत्र के गावो मे सिपाही रखने की सिफारिश की गयी थी। डकैती और चोरी के लिए सम्बन्धित चौकिया जिम्मेदार होती थी। जिनपर १५८ रु० १ आना ०० पाई का अतिरिक्त व्यय होता था।[6] मिर्जापुर के विस्तृत बाजार को देखते हुये डकन ने वहॉ टैक्स मालिक के कार्यालय मे बढोत्तरी किया। इसका उद्देश्य उचित व्यवस्था स्थापित करना था।[7]

---

6 वही–१३ मार्च १७९०– पृष्ठ १६४–१६६

7 वही– पृष्ठ १६६–१६७

गंज की स्थापना

सौदागरो की सुविधा के लिए गज की स्थापना की गई थी जहॉ वे अपना माल लाकर जनता को बेचते थे। इनकी स्थापना चौकियो के निकट होती थी जिससे इनकी देख रेख होती रहे। प्रत्येक गज मे चौधरी होता था जिसे योग्य और कुशल होना आवश्यक होता था। चौधरी दो प्रकार के होते थे। एक भूमि के लगान वसूली का कार्य देखता था। दूसरा टैक्स सम्बन्धी कार्य देखता था। चौधरी का कार्य झगडा रोकना, व्यापारियो के कार्य की देखभाल करना और उन्हे मिलाकर रखना था। उसे वस्तुओ के मूल्य के बारे मे भी कोतवाली और चुगीघरो को सूचना देना होता था। निर्धारित मूल्य मे मनमानी अन्तर न आये उसे इसका भी ध्यान रखना पडता था। उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष गज से सम्बन्धित सही सूचना प्रस्तुत करना पडता था।[८] पूर्वी उत्तर प्रदेश के बनारस जनपद मे राजा और जनता के वार्षिक आय के लाभ के लिए चूना महल की स्थापना की गई थी जो चूने के क्रय–विक्रय पर स्वतत्र अधिकार रखती थी। राजा बलवन्त सिह के पहले और मीर रुस्तम खॉ के समय मे किसी को चूना बनारस मे बेचने की मनाही नही थी। व्यापारी लोग खुले बाजार मे माल बनाते और बेचते थे। चूना एक प्रकार के कडे चट्टान के पत्थर से बनता था और वह २५/– रु० मे १०० मन की दर से बिकता था। राजा बलवन्त सिह के समय मे मराठा लोगो ने बनारस मे बडी–बडी, इमारतो का निर्माण करना प्रारम्भ किया तथा मन्दिरो और घाटो का भी निर्माण किया जिसके परिणाम

---

८ वही– दिसम्बर १७८८–पृष्ठ–३७५–३८१

स्वरूप चूने की मॉग काफी बढने लगी। बढती हुई मॉग से व्यापारियो मे प्रतिस्पर्धा बढने लगी और धीरे–धीरे इस प्रतिस्पर्धा ने भयकर दगे का रूप ग्रहण कर लिया।[9]

दगे और इर्ष्या को समाप्त करने के उद्देश्य से मामले को राजा के समक्ष लाया गया। राजा ने घोषणा किया कि १०००/–रु० महल मे वार्षिक जमा करने पर ही कोई चूना बना सकता है। अगले वर्ष इस धन--राशि को २०००/–रु० वार्षिक कर दिया। इस वृद्धि के कारण किसानो ने बाजार मे चूने का भाव बढा दिया जिससे चेतसिह के राज्यकाल तक दर और जमा दोनो ही बढ गये। अब चूना ४०/–रु० प्रति १०० मन बिकने लगा।

किसानो द्वारा तैयार किया गया गुरखी ३११/–रु० प्रति १०० मन पर बिकने लगा। २८ अक्टूबर १७८६ के सरकारी आदेश द्वारा चूने का स्वतत्र अधिकार समाप्त हो गया और सरकार को २०,०००/–रु० सालाना का घाटा हुआ। इस क्षति की पूर्ति कम्पनी के भविष्य के दूसरे लाभो से की गई।[10]

रेह – गाजीपुर जिले के ऊसर मे और प्रान्त के अन्य भागो मे इस प्रकार की नूनखार वस्तु बनायी जाती थी जिसे रेह कहते थे। इसमे अशुद्ध सोडा होता था‡ जिसे उबाल कर चमकीली रेह बनती थी। इस व्यापार का मुख्य केन्द्र रसडा था। सरजू नदी के किनारे यह एक उन्नतिशील गॉव था। रसडा के अनेक व्यापारियो की शाखा कलकत्ता मे थी।

---

९ बनारस रेजीडेन्सी रिकार्ड– २५, नवम्बर १७८८–पृष्ठ ६४

10 वही– २३ अक्टूबर १७८६–पृष्ठ–२५

बनारस के राजाओ के समय मे २०००/— वार्षिक देने वाले किसान को स्वतत्र लीज पर उसके उत्पादन का कार्य दिया जाता था। डकन ने इस व्यापार को हॉनिकारक समझ कर १० अक्टूबर १७८८ मे समाप्त कर दिया जिस पर १७ जून १७७६ को सरकार ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दिया।[11]

लकड़ी और पत्थर

लकडी और पत्थरके स्वतत्र व्यापार का लाभ बनारस के राजा तथा नबाव वजीर के अधीनस्थ चुनार कोर्ट के किलादार के बीच बट जाता था।। बलवन्त सिह के समय मे गगा प्रसाद ने लकडी और पत्थर के दो महल बनवाये। ६५००/— राजा को उनका हिस्सा दोनो महलो के लिए दिया गया और आधा भाग चुनार के किलेदार सैदी जौहर को दिया गया। पॉच वर्ष की लीज समाप्त हो जाने पर उन्होने परगना की जिम्मेदारी छोड दिया।[12]

लकडी पर जो दरे वसूल होती थी वह २०० गुटवाटा पर रुपये मे ७ था। प्रत्येक गुटवाटा एक लकडी का टुकडा था जो वजन मे २ सेर होता था। यह आमदनी का एक मुख्य स्रोत था। जलाने वाली लकडी पर २/— या ४/— प्रति १०० मन पर टैक्स लगता था। जलाने वाली लकडी दो प्रकार की होती थी— कुन्द और ओहिला जिन पर टैक्स की दर १०० मन पर क्रमश ३/— और ४/— था।

---

11 बनारस रेजीडेन्सी रेकार्ड २३ अम्टूबर १७८६ पृष्ठ २५ एव वही— १७ जून १७८७—पृष्ठ ३८६

12 वही— पृष्ठ ६२—६६ (अम्टूबर १७८६)

चेतसिह के समय मे पत्थर और लकडी महल पर किराया अत्यधिक बढ गया। यह १६,०००/–रु० से ६४,०००/–रु० हो गया।

जहॉ तक पत्थर के ऊपर टैक्स लगाने का प्रश्न है वह स्थानीय खदानो को पहाडी स्थानो के पास होने पर सम्भव नही था। किले के पास से जल मार्ग द्वारा जाने वाले पत्थरो पर टैक्स लगता था। बनारस पहुॅचने पर बेचने पर दूसरा टैक्स अदा करना पडता था। यह टैक्स राहदरी के रूप मे वसूल होता था।यदि पत्थर पटना तक भेजा जाता था तो पहले इस पर चुनार के किलेदार द्वारा टैक्स लगाया जाता था और तत्पश्चात् बनारस के सेयर अधिकारी द्वारा टैक्स लगाया जाता था। बनारस मे टैक्स लेने वाली एजेन्सियॉ थी। किलेदार नवाब सुजाउद्दौला की जगह पर था और बनारस पर बलवन्त सिह का अधिकार था।

लेकिन जो पत्थर किले के पास से नही जाता था किलेदार को उस पर कोई टैक्स वसूल करने का हक नही था। इमारत बनाने वाले पत्थरो पर टैक्स नही लिया जाता था। किन्तु कारखानो वाले तथा छोटे बडे गोल पत्थरो पर चुनार मे किले के टैक्स से सम्बन्धित टैक्स लिया जाता था।[13]

चुनार के किले पर अग्रेजी आधिपत्य हो जाने के पश्चात् किलेदार का हिस्सा किले की सैनिक राशि मे जुड गया था। सेना के लिए टैक्स वसूलने वाले सैनिको का काम किले के आस–पास खानो से निकाले गये पत्थरो के ऊपर टैक्स लगाने तक ही सीमित नही था बल्कि वे बन्दूक लेकर दूर–दूर तक घूमते और अत्याचार करते थे। नवम्बर १७७६ मे

---

13 वही पृष्ठ ६२–६६

इसकी सूचना डकन द्वारा सरकार को दी गई। एक वर्ष के पश्चात् सरकार द्वारा आदेश मिला कि पत्थर महल का लाभ सैनिक राशि मे मिलाया जाय। किसानो को चेतावनी दी गई कि चेतसिह को निकाले जाने से पूर्व की कीमत से अधिक कीमत की मॉग क्रे पत्थर के लिए न करे। घरो मे प्रयोग होने वाले पत्थर पर पहले वाला दर ही लागू रहेगा। जलाने वाली लकडी और लकडी महल पर टैक्स समाप्त हो गया। १ नवम्बर १७८८ से अन्य प्रकार की लकडियो पर जो प्रान्त मे एक भाग से दूसरे भाग को भेजा जाता था उस पर टैक्स लिया जाता था।

मई १७६३ मे किसान ने पत्थर महल के ५० प्रतिशत नये निकाले गये खान के पत्थर पर टैक्स का दावा किया और ३३ प्रतिशत उस पत्थर का जो प्रान्त के किसी भाग मे खडहर से निकाला जाता था।[14]

कॉंच पर एकाधिकार

कॉच की बिक्री का अधिकार प्रान्त मे पूर्णरूपेण सिक्का ढालने वाले बनारस के मालिक को दे दिया गया। इस महल की कीमत प्रान्त मे बहुत अधिक हो गयी। ११ अगस्त १७८६ की अपनी रिपोर्ट मे डकन ने इसे समाप्त करने की सिफारिश किया जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया[15]

सोना एकाधिकार

14 वही – पृष्ठ ६२–६६

15 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स–११ अगस्त १७८६ पृष्ठ– ७७–७८

सर्व प्रथम सोना एकाधिकार राजा बलवन्त सिह द्वारा उनके एक निकटतम व्यक्ति को दिया गया, जिसके अनुसार सोना पर जो सौदागर धार्मिक संस्थाओ द्वारा इस व्यापार मे लगे थे उन पर टैक्स लेना निश्चित हुआ था। बाद मे यह लाइसेन्स मोनोपली के रूप मे बदल दी गई। जब सन्यासी सौदागरो ने नेपाल मे अपना व्यापार बन्द किया तो किसान को राजा से अलग सुविधाओ पर अधिकार का आदेश मिला। बार्लो की सिफारिश पर २६ दिसम्बर १७८७ को सरकार को भेजे अन्य मॉगो के साथ सोना पर एकाधिकार समाप्त कर दिया गया।[16]

पूर्वी उत्तर प्रदेश में चुंगी व्यवस्था

पूर्वी उत्तर प्रदेश का बनारस जनपद देश के विभिन्न व्यापारिक केन्द्र के बीच बसे होने के कारण सर्वाधिक सम्पन्न एव महत्वपूर्ण था। अधिकाश व्यापार बनारस और उससे सम्बद्ध जिलो द्वारा ही किया जाता था। अन्य व्यापारिक केन्द्रो मे बगाल, बिहार, पश्चिम प्रदेश, दक्षिण, उत्तरी प्रदेश मुख्य था। एक समय ऐसा भी था जब कि मिर्जापुर शहर मे दक्षिण और पश्चिमी प्रदेशो के व्यापारी अपना सामान लाकर बेचते थे और नेपाल तथा तिब्बत देश की सामग्रिया खरीदते थे।[17] कपास, नमक तथा सस्ती भारी वस्तुओ का मुख्य रूप से आयात होता था। रेशम, चौडे कपडे और मसालो का निर्यात होता था। इस व्यापार का लाभ सम्बन्धित स्थान के अतिरिक्त बगाल को भी होता था जो इन वस्तुओ की आपूर्ति करता था।

---

16 ओल्ढम्– पूर्ब उद्धृत – पृष्ठ २११

17 राजकीय अभिलेखागार यू०पी०–रेजिडेन्स करसपॉन्डेन्स २४ अगस्त १७८७, पृष्ठ ३३–३५

बलवन्त सिह ने पूर्णरूप से इस व्यापार की महत्ता को समझा और यह व्यापार उनके समय मे उन्नति के शिखर पर था। बलवन्त सिह के बाद उसके पुत्र चेतसिह की उदासीनता के कारण १७८१ में मिर्जापुर के व्यापार मे काफी गिरावट आयी।[18]

१७७३ के पूर्व आयात और निर्यात पर जो टैक्स लगता था वह माल के वजन पर लगता था। १७७२ मे हैस्टिग्स ने कुछ वस्तुओ को इस टैक्स से मुक्त कर दिया किन्तु इसकी व्यवस्था मात्र २ नवम्बर १७८१ तक ही थी। तत्पश्चात् बनारस, गाजीपुर और मिर्जापुर मे ही चुगीघर स्थापित करने का आदेश हुआ। जहॉ पर टैक्स पुस्तिका मे निर्धारित ५ प्रतिशत मूल्य की दर से टैक्स वसूलने का निर्णय लिया गया।[19] किन्तु यह नियम कुछ ही मालो पर लागू हुआ। व्यापारी प्रदेश के प्रत्येक भाग मे चुगीघर खुल जाने से अत्यधिक नाराज थे।[20] ८ अप्रैल १७८२ के आदेशानुसार आयात की जाने वाली विभिन्न वस्तुओ पर टैक्स घटा कर ढाई प्रतिशत कर दिया गया। २१ अक्टूबर १७८१ मे सरकार द्वारा टैक्स नियम मे हुए परिवर्तन के अनुसार यह आदेश रेशम और रेशम से बने दूसरे माल पर भी लागू कर दिया गया। खाली नावो पर टैक्स बन्द करने का भी आदेश हुआ।[21]

१७८१ की भॉति १७८४ के नियम का भी उचित ढग से पालन नही होता था। देश के भीतरी भागो मे चुगी भूमि मालिको और किसानो द्वारा

---

18 सीक्रेट सेलेक्ट कमेटी रिपोर्ट, नवम्बर २३, १७८४ पृष्ठ–१११७

19 वही–पूर्व उद्धृत

20 बगाल रेग्यूलेशन–ऐपेन्डिक्स (१) पृष्ठ २१७

21 वही– पृष्ठ २१८

अपने आश्रित चुगीघरो से पूरे देश मे लिया जाता था। मिर्जापुर मे भी खाली नावो पर टैक्स वसूलने की मनाही कर दी गई। रेशम पर निर्धारित सवा दो प्रतिशत टैक्स वसूलने की अवहेलना की जाती थी। फलत नये टैक्स के कारण व्यापार पर बोझ बढ गया। बनारस के रास्ते माल आना बन्द हो गया।[22]

उक्त परिस्थितियो पर विचारोपरान्त गर्वनर जनरल जी० आर० बार्लो ने व्यापार मे गिरावट के कारणो की जॉच कराने का आदेश दिया तथा सुझाव प्रस्तुत करने को कहा जिससे बनारस और कम्पनी के बीच व्यापार करने वाले व्यापारियो को अधिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। बार्लो ने विस्तृत रूप से परिस्थितियो का निरीक्षण करके व्यापार को पुन प्रारम्भ करने की अनेक सिफारिश की।[23] बार्लो ने अपनी सिफारिश मे लिखा कि चेतसिह के समय मे बैल पर लदे बोझो पर १७७३ की व्यवस्था के अनुसार टैक्स लगता था। दर निश्चित करने मे वस्तुओ के मूल्य से अधिक वजन पर ध्यान दिया जाता था। इस लिए अधिक कीमती सामानो से घटिया माल पर टैक्स के अनुसार ही अधिक टैक्स ले लिया जाता था।[24] १७८१ के अध्यादेश से बगाल की कीमती वस्तु पर बनारस के टैक्स रजिस्टर मे दर्ज टैक्स की दरो से ५ प्रतिशत अधिक लिया जाता था। इस प्रकार सौदागरो के प्रति बैल भार सौ के बजाय २०/–रु० या २५/–रू० जो वे पहले देते थे, लिया जाता था। कच्चा रेशम और रेशम के सामान निर्यात करने वालो को अधिक नुकसान था। उन लोगो ने इन चीजो को बाहर

---

22 वही–

23 वही–२४ अगस्त, १७८७ पृष्ठ ३५ (जी०एच०बार्लोरिपोर्ट)

२४ वही–पृष्ठ

भेजना बन्द कर दिया था। अधिक खर्च करके और खतरा मोल लेकर वे बिहार के दक्षिणी पहाडियो मे ले जाते थे जिससे निर्यात अत्यधिक कम हो गया और टैक्स का नुकसान हो गया।

सौदागरो के आवेदन पर बनारस के रेजीडेन्ट मारखम को कच्चे रेशम पर लगे टैक्स को ५ प्रतिशत के स्थान पर ढाई प्रतिशत करने पर बाध्य होना पडा। इस परिवर्तन को २० मार्च, १७८२ मे सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो गई। परिषद् ने वारेन हैस्टिंग्स की सिफारिश पर यह सुविधा अक्टूबर १७८४ को बगाल की रेशम की वस्तुओ के सदर्भ मे भी दिया।[25] ऐसा लगता है कि जिन सिद्धान्तो के ऊपर यह छूट स्वीकृत की गई थी वह सबसे अच्छी व्यापारिक नीति थी। इस नीति से प्रान्त को अपने कच्चे माल तथा स्वनिर्मित माल के निर्यात हेतु प्रोत्साहन मिलता था।[26] किन्तु चुगी घरो की रसीदो को देखने से ज्ञात होता है कि टैक्स सम्बन्धी आदेशो की अवहेलना करते हुए ५ प्रतिशत टैक्स रेशम माल पर पूर्ववत लिया जाता था।

प्रधान सौदागर जो बगाल से दक्षिण तक व्यापार करते थे सन्यासी कहलाते थे। यह लोग बनारस तथा कम्पनी राज्य मे रहते थे। सन्यासी सौदागरो को बगाल से सामान खरीदकर मिर्जापुर भेजते थे जहॉ से उस माल को या तो अपनी जाति के सौदागरो को, जो दक्षिण से आते थे दे देते थे या फिर बेच देते थे।[27] १७८१ मे चुगी घरो के स्थापित हो जाने से

---

25 वही पृष्ठ ३६

26 साइनासिस, ऐ रिलिजस सेक्ट फेमस फार देयर वेल्थ एन्ड इन्टिग्रिटी इन कामर्शियल ट्रन्जिक्सन,

27 बोर्ड ऑफ रेवेन्यू करसपान्डेन्स,–२४ अगस्त १७८६ पृष्ठ–३६

सन्यासी सौदागरो ने यह कहकर बनारस मे व्यापार करना छोड दिया कि ५प्रतिशत टैक्स पुस्तक मे दर्ज दर से अधिक है जिससे उन्हे नुकसान होता है। अधिक नुकसान और असुविधा के कारण वे अपने माल को पहाडियो के रास्ते भेजने लगे। राजा के नायक जगत देव सिह को प्रार्थना पत्र देकर उन्होने टैक्स मे कमी करने के लिए आवेदन किया। इस पर विचारोपरान्त कच्चे रेशम पर ढाई प्रतिशत टैक्स का निश्चय किया गया। टैक्स की इस कमी का प्रभाव सन्यासी सौदागरो के लिए लाभप्रद सिद्ध हुआ। अन्ततोगत्वा उनके व्यापार मे वृद्धि होनी प्रारम्भ हो गई।[28]

इन करो के अतिरिक्त अन्य अनियमितताओ एव अनुचित मॉगो के कारण व्यापारी असन्तुष्ट थे। टैक्स मिर्जापुर मे दिये जाने के कारण दक्षिण और बगाल के सौदागर प्राय मिर्जापुर मे ही अपने माल को बेच कर अपने प्रान्त लौट जाते थे। १७८८ के अध्यादेश की धारा–४ के अनुसार जो ख़न्ना एक बार बनारस, गाजीपुर, या मिर्जापुर के चुगीघरो मे मजूर हो जाता था वह प्रान्त के एक छोर से दूसरे छोर तक स्थल या जल मार्ग से माल ले जाने के काम आता था। टैक्स अधिकारी उस पर केवल अपना हस्ताक्षर कर देते थे और किसी प्रकार का टैक्स नही लेते थे।[29] किन्तु इसके विपरीत मिर्जापुर मे प्रत्येक बैल पर जो व्यापारी दक्षिण से आते थे और जो बगाल और बनारस आकर माल खरीदते थे उनसे ५ प्रतिशत टैक्स लिया जाता था।[30] उसी प्रकार बगाल से बाहर जाने वाले कच्चे माल और रेशम तथा उससे निर्मित कपडे पर जो बनारस, गाजीपुर और अब

---

28 वही– पृष्ठ ३६ (ए) एव जे० एम० घोष, 'सन्यासी एण्ड फकीर रेडर्स इन बगाल' पृष्ठ १६

29 वही–पृष्ठ ३७

30 वही–पृष्ठ ३८

दक्षिण मे बिकता था उस पर पुन मिर्जापुर मे प्रत्येक लदे बैल पर टैक्स देना पडता था।

ऐसा प्रतीत होता था कि २१ अक्टूबर १७८४ का पत्र जो वारेन हैस्टिग्स ने लिखा था वह पुराना हो गया और ग्यारहवी धारा के अनुसार टैक्स मात्र खाली नावो पर बन्द था किन्तु फिर भी अन्य प्रकार के शुल्क चलते रहे। ऐसी अनियमितताओ से सभी सौदागरो पर बुरा प्रभाव पडा। इस सम्बन्ध मे कोई उचित कदम नही उठाया गया। माल के माप हेतु कोई वैज्ञानिक स्तर न होने के कारण कर लगाना चुगी अधिकारियो पर निर्भर था। टैक्स वसूलने के अनेक तरीके थे। कुछ मामलो मे व्यापारियो के सामान के मूल्य के लिए सौगन्ध लेना पडता था और अन्य मामलो मे प्रचलित मूल्य के ऊपर टैक्स लिया जाता था। कुछ पर तौल के अनुसार भी टैक्स लगता था। सबसे साधारण तरीका दर वाली पुस्तक से ही निर्धारित किया जाता था।[31] टैक्स का पहला नियम आपत्तिजनक था क्योकि सौगन्ध लेने मात्र से सामान का उपयुक्त मूल्य नही जाना जा सकता था। दूसरा टैक्स अधिकारियो के ऊपर निर्भर था जो बेईमानी और अन्याय भी कर सकते थे। तीसरे तरीके से सौदागरो को आपत्ति होती थी। कीमती वस्तुओ पर बढा हुआ टैक्स अधिकारियो के मन मे लालच पैदा कर सकता था। तौलने की फीस, दूकान टैक्स तथा चौकियो द्वारा छोटी छोटी क्रय–विक्रय की वस्तुओ पर लगने वाले टैक्स से व्यापारी असन्तुष्ट एव परेशान थे।[32] यद्यपि देश के भीतरी भागो मे टैक्स कम था

---

31 वही–

32 वही–

किन्तु वास्तविकता यह थी कि व्यापारियो को अपना सामान इच्छित स्थान पर पहुँचाने के लिए काफी भार सहना पडता था।[33]

सरकार द्वारा प्रतिबन्धित होने के बाद भी जमीदारी टैक्स, प्रत्येक जिले मे बराबर वसूल होता रहा। यदि सौदागर टैक्स देने से मना कर देता था तो जमीदार उसके माल को जबरदस्ती ले लेता था। उदाहरणार्थ सैदपुर के एक व्यापारी द्वारा जमीदारी टैक्स न दिये जाने पर वहाँ के जमीदार ने उसके पीतल के बर्तन छीन लिये।[34]

सन्यासी सौदागरो के सामान केएक बडे भाग पर जो, दक्षिण और दूसरे देशो से लौटते थे, टैक्स लगता था। यह बनारस से मुर्शिदाबाद तक चुकाया जाता था। कोशल चन्द्र नाम के एक दलाल को ६००/—रू० तक के बिल पर राजा की ओर से बातचीत करने का अधिकार प्राप्त था।

सोना महल के नाम पर सोना टैक्स वसूल होता था। इस टैक्स की वसूली के लिए प्रभावी दलाल कार्य करते थे। किन्तु कुछ समय बाद ये दलाल किसान बना दिये गये। नेपाल निवासियो ने काठमान्डू के राजा को गद्दी से उतारने के लिए गोरखा के राजा पृथ्वीनारायण को बुलवाया। कुछ मुख्य सन्यासी सौदागरो के माल को राज मे लौटा लिया। फलत उन्होने इस देश मे व्यापार करना छोड दिया। यद्यपि सोने का निर्यात बन्द हो गया किन्तु फिर भी बनारस के बैक मे सन्यासियो से सभी माल पर टैक्स लिया जाता था। टैक्स लगाने की यह प्रणाली बडी कष्टकर थी। बैक के लोगो को व्यापारियो का बिल स्वीकार करने की मनाही थी।

---

33 शेक्सपीयर्स— पूर्व उद्धृत जिल्द (दो) पृष्ठ— ४६

34 बोर्ड ऑफ रेवेन्यू करसपान्डेन्स—२४ अगस्त १७८७—पृष्ठ २५

ऐसा सोना महल के माध्यम से न आने पर होता था। यदि सन्यासी सौदागर को बिल मुर्शिदाबाद ले जाना होता था तो वह पहले किसान को प्रार्थना पत्र देता था जो उसे बदलने के लिए निश्चय करता था और फिर स्वय टैक्स लेता था। सौदागरो ने इस टैक्स का विरोध करते हुए बन्द करने का आग्रह किया। उन्होने प्रार्थना किया।[35]

(१) सोना महल द्वारा टैक्स की वसूली बन्द कर दी जाय तथा अन्य सौदागरो की भॉति उन्हे भी अपने बिल के लिए आज्ञा दी जाय।

(२) परिषद् की आज्ञा से रेशम पर ढाई प्रतिशत टैक्स घटा दिया जाय।

(३) सामान जो बगाल से बेचने के लिए लाया जाय और एक बार उस पर टैक्स दे दिया जाय तो फिर जब दक्षिण मे वह सामान बेचा जाय तो मिर्जापुर मे उस पर पुन टैक्स न देना पडे और टैक्स अधिकारी ख़न्ना पर लिख दे तथा दूसरे किसी प्रकार के शुल्क की मॉग न करे।

(४) १७८४ के धारा ४ के अनुसार प्रत्येक नाव पर जो उनके सामान को मिर्जापुर से बगाल ले जाने के लिए भाडे पर ली जाती थी सवा छ प्रतिशत का अनिवार्य टैक्स बन्द कर दिया जाय।

(५) बरार और नागपुर के द्वारा माल भेजने पर मिर्जापुर मे प्रत्येक बैल पर छ आने का जो टैक्स लगता था उसे बन्द कर दिया जाय।

---

35 वही पृष्ठ–४०–४१, एव जे० एम० घोष, –सन्यासी एण्ड फकीर रेडर्स' इन बगाल (कलकत्ता १९३०) पृष्ठ–१६
"कोशल एक मध्यस्थ (दलाल) था जो राजा की ओर से अधिकृत किया गया था पूर्ण वार्ता के उपरान्त उचित निर्णय लेने के लिए।" (देखिये– वी० आर० सी० पृष्ठ–४०–४१)

(६) रेशमी माल की तौल करने मे प्रत्येक बैल पर टैक्स अधिकारी को जो शुल्क देना पडता था उसे बन्द किया जाय।

(७) नाव की तलाशी लेने वालो को जो सवा रूपया अतिरिक्त शुल्क दिया जाता है उसे बन्द किया जाय।

(८) डाकुओ से माल की रक्षा के लिए मिर्जापुर के कोतवाल को आदेश दिया जाय।

(६) कश्मीर से खरीदे गये रेशमी शाल के माल पर जिस पर दलाल की मुहर लगी होती थी, टैक्स न लगाया जाय।

उक्त आवेदन के प्रथम आठ माग को सरकार ने पहले ही मान लिया था। अन्तिम नवे मॉग के सम्बन्ध मे डकन ने सिफारिश किया कि यह घटा कर ढाई प्रतिशत कर दिया जाय। किन्तु उस सामान का मूल्य विदेशी सामान की ही भॉति ऑका जाय। कश्मीर के व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसा किया गया था। पिछले कई वर्षो से अधिक टैक्स और अन्याय के कारण कश्मीर का व्यापार गिरता जा रहा था।

टैक्स मे कठोरता बरतने के कारण बगाल के व्यापार पर बुरा प्रभाव पडा। बगाल के बने जो सामान योरप जाते थे उसकी मॉग कम होने लगी। देश के भीतरी भागो मे सामान पहुँचते–पहुँचते उस पर इतना अधिक टैक्स लग जाता था कि जनता उसे खरीद नही पाती थी। फलस्वरूप व्यापारियो ने सामान बेचना बन्द कर दिया। व्यापार मे आई गिरावट का प्रभाव कृषि और सामान उत्पादको पर पडा और लोग बेकार

हो गये। अदालत के प्रभाव मे व्यापारियो और अधिकारियो के बीच उत्पन्न झगडे का निपटारा करना कठिन हो गया।[36]

उक्त बुराइयो को दूर करने की दृष्टि से बार्लो ने ऐसे परामर्श दिये जो टैक्स निर्धारित करने और सरकारी आदेश के पालन करने मे सहायक थे। उन्होने सिफारिश किया कि बनारस मे उपयोग के लिए बिहार और बगाल से जो माल आता है उस पर ढाई प्रतिशत टैक्स कर दिया जाय और देश के भीतर व्यापार पर ५ प्रतिशत ही जारी रखा जाय। इस सिफारिश का मुख्य ध्येय कम्पनी के निर्यात को पूर्णत सुरक्षित रखना था। इसी प्रकार की सुविधा बनारस मे रवन्ना मे भी की गई। इसका उद्देश्य पहले के व्यापार को प्रोत्साहित करना भी था।

अवध के नवाब वजीर को भी इस प्रबन्ध को मान लेने की सिफारिश की गई थी जिससे तीन देशो को एक ही प्रकार का व्यापारिक लाभ प्राप्त हो सके।[37]

बार्लो ने यह भी सिफारिश किया कि अपने देश मे निर्यात का मूल्य निर्धारित करने के लिए राजा द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को यह अनिवार्य रूप से आदेश दिया जाय कि वे रवन्ना के लिए प्रार्थनापत्र देने केलिए सामान का बीजक प्रस्तुत करे जिसके आधार पर उनके माल पर टैक्स निर्धारित किया जा सके। बीजक (चालान) राजा की मुहर लग जाने पर वापस हो जाता था। सिफारिश मे यह भी कहा गया कि दकन से आयात होने वाले सामान पर बनारस के निर्यात की ही भॉति मूल्य आका जाय। मिर्जापुर

---

36 वही–

37 वही–२६ मार्च १७८८–पृष्ठ ८६

पहुँचने पर व्यापारी अपने सामान के मूल्य का विवरण दे और उसी आधार पर टैक्स निर्धारित किया जाय।[38]

उपरोक्त नियमो की पुष्टि के लिए तथा व्यापारियो के जान—माल की रक्षा के लिए मिर्जापुर मे रेजीडेन्ट के सहायक की नियुक्ति हेतु बार्लो ने सिफारिश किया। जमीदारी के अन्दर व्यापार सम्बन्धी सम्पूर्ण सूचना प्राप्त करने के लिए बनारस मे नियमित न्यायालय की स्थापना हेतु भी निवेदन किया गया।[39]

२६ जून १७८७ को बार्लो की सिफारिशे परिषद् द्वारा स्वीकार कर ली गई और उन्हे लागू करने के लिए डकन को आदेश दिया गया। किन्तु डकन ने इससे पूर्व ही सन्यासी सौदागरो के हित एव अहित सम्बन्धी निर्णय ले लिया था। उन्होने पहले ही कच्चे रेशम तथा बिहार और बगाल के सूती माल पर टैक्स घटाने की आज्ञा दे दी थी।[40]

डकन ने मिर्जापुर के खेतो की जुताई पर लिये जाने वाले दुगने टैक्स, नावो के किराये पर लेने पर लगने वाले टैक्स को समाप्त करने का प्रयत्न किया। इसके अतिरिक्त सौदागरो के सम्पत्ति की डाकुओ द्वारा रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाये गये।[41] डकन ने हाउस टैक्स और देश के भीतर व्यापार पर लगने वाले टैक्स को सीमित करने का प्रयत्न किया। उन वस्तुओ पर जो बनारस जिले से होकर आयात निर्यात होता था, मिर्जापुर मे व्यापार पर लगने वाले दुगने टैक्स को बन्द करने का भी

---

38 वही पृष्ठ—८८

39 वही— पृष्ठ—८८

40 वही—पृष्ठ—८८

41 वही पृष्ठ—९०

प्रयास हुआ। दकन के सौदागरो की प्रर्थना पर तौल की फीस 'खजाना रसूल' भी बन्द करने की सिफारिश की गई।[42]

माराठा तीर्थयात्रियो की बराबरी पर लाने के उद्देश्य से बगाल के तीर्थयात्रियो पर लगाये जाने वाले टैक्स को समाप्त कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि माराठा तीर्थ यात्रियो को वारेन हैस्टिग्स के समय मे ही टैक्स से मुक्त कर दिया गया था।[43] १८ मार्च १७८८ को रेजीडेन्ट ने सरकार के आदेश को कार्यरूप प्रदान करने की सूचना दिया। इस आशय के आदेश भी जारी किये गये कि रवन्ना अन्य प्रान्तो के सरकारी टैक्स कलेक्टरो की ही भॉति दिया जाय। इस कार्य के लिए उन्हे रवन्ना के प्रपत्र तथा मुहरो के नये सेट दिये गये। मुख्य अध्यक्ष होने के नाते राजा की मुहर भी बगाल एव बिहार मे कम्पनी दीवानी की भाति लगानी पडती थी। दूसरे प्रान्तो के सरकारी टैक्स कलेक्टरो की तरह राजा के अधिकारियो को भी रजिस्टर रखना पडता था।

कम्पनी सीमा के निर्यात पर जो माल बनारस से गुजरता थाऔर दकन या पश्चिम जाता था या उपभोग के लिए इस जिले मे निर्यात होता था उस पर ढाई प्रतिशत टैक्स कम लगता था। बगाल, बिहार और उडीसा को छोड कर पश्चिम, दकन तथा अन्य बाजारो से होकर यहॉ उपयोग के लिए होने वाले निर्यात पर जो टैक्स यहॉ के लिए निर्धारित था वही देना पडता था।[44]

---

42 वही–पृष्ठ–६१

43 वही–पृष्ठ ६३, ६५, ६७

44 बनारस रेजीडेन्सी करसपान्डेन्स, २७ सितम्बर १७८७ पृष्ठ–२६६

रेजीडेन्ट ने सरकार को विश्वास दिलाया कि वह देश के आन्तरिक टैक्स को समाप्त करने का प्रयत्न करेगा। इससे होने वाली क्षति की पूर्ति राजा को सालाना लगान से काट कर करने का आदेश दिया गया।

५ प्रतिशत भारी टैक्स आन्तरिक व्यापार पर बडा भार था जिससे कम्पनी तथा राजा बनारस को भारी हॉनि थी। अत डकन ने निर्यात के ऊपर ५ प्रतिशत से ढाई प्रतिशत टैक्स बनारस मे बने माल पर कर दिये जाने की सरकार को परामर्श दिया जिससे बनारस के उद्योग को प्रोत्साहन मिले।[45]

उक्त सभी प्रस्ताव सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार के इस आदेश के अनुसार १ अप्रैल १७८८ को जो धारा सम्पूर्ण प्रान्त मे लागू होने वाली थी उसको समाप्त कर दिया गया। फलत बनारस के टैक्सघरो का टैक्स जो रू० ३२, ६०३–४–६ था वह समाप्त हो गया। इसमे ४ या ५ हजार रुपये जोड दिये गये जिसे राजा राहदरी और गनी के रूप मे[46] एकत्रित करते थे। आन्तरिक टैक्स की समाप्ति के कारण राजा के धन से जो कटौती प्रारम्भ हुई उसके सम्बन्ध मे विवाद उत्पन्न हो गया। राजा ने अपने अधिकार के लिए दावा करते हुए रेजीडेन्ट से प्रार्थना किया कि उसे कुछ धन भत्ता के रूप मे देकर उसके साथ न्याय किया जाय। २२ नवम्बर १७८१ की धारा के अनुसार वास्तव मे राजा को अपने अधिकार से वचित होना पडा था/उक्त धारा के अनुसार वह गाजीपुर, मिर्जापुर, और बनारस मे टैक्स वसूली हेतु चौकियॉ बना सकता था जबकि उसने देश मे

45 वही–
46 वही पृष्ठ–५६

अनेक छोटी–छोटी टैक्स चौकिया बना ली थी। किन्तु फिर भी राजा को आन्तरिक अनाज के ले जाने पर दो वर्ष तक के लिए १२, ७०७ रू० की छूट दी गई।[47] राजा और सरकार की क्षति मे कमी लाने के उद्देश्य से डकन ने चुगी घरो के कार्यालय के खर्च पर व्यक्तिगत नियत्रण स्थापित किया। कर्मचारियो की सख्या १२१२ से घटाकर ३६५ कर दी गई। फलत खर्च रू० ५७, २२०–११–६ से घट कर रू० ३१४८६–०० मात्र रह गया। सन्यासी, इराकी और पजाबी सौदागरो के लिए अलग–अलग स्थापित चुगीघर समाप्त कर दिये गये।[48]

डकन ने व्यापारिक न्याय के लिए सरकार से अदालत की स्थापना हेतु प्रार्थना किया। आन्तरिक टैक्स की वसूली के सन्दर्भ मे धारा का जो उल्लघन होता था – उसके लिए विशेष रूप से डकन सरकार से यह जानकारी प्राप्त करना चाहता था कि बनारस सहित चारो अदालतो के न्यायधीशो को कौन–कौन से अधिकार प्राप्त है। डकन ने यह भी सकेत किया कि व्यापारिक न्याय के लिए दूर के अदालत मे जाने की अपेक्षा पडोस के अदालत मे जाना व्यापारी के लिए अधिक सुविधाजनक होगा। अदालतो की अपील व्यापारिक न्यायालय के अध्यक्ष रेजीडेन्ट के यहॉ होती थी।[49]

धारा के सन्दर्भ मे ११ जून १७८८ को परिषद् ने डकन के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दिया। परिषद् इस बात पर सहमत हो गया कि कम्पनी प्रान्त से जो माल बनारस होता हुआ वजीर के प्रमुख राज्य दकन

---

47 वही– पृष्ठ ५६

48 वही–पृष्ठ–५६–५७

49 वही पृष्ठ– २०६

या दूसरे देशो को भेजा जाये उस पर तुरन्त कम्पनी के रवन्ना मूल्य ढाई प्रतिशत की कमी कर दी जाय। अन्य योजना तथा व्यापार न्यायालय और उसकी धारा को भी सरकार ने स्वीकृत कर लिया। कामो मे लापरवाही, चुगीघर के अधिकारियो के दुर्व्यवहार, राहदरी, गनी तथा चुगी विभाग से सम्बन्धित अन्य धारा के विरुद्ध की गई शिकायतो को अदालत सुनती थी।[५०]

गाजीपुर के चुगीघर के मालिक की प्रार्थना पर जो माल बनारस मे कम्पनी की रवन्ना पर आयात होता था वह प्राय तौल और सख्या मे अधिक होता था जो उस पर दर्ज होता था। रेजीडेन्ट ने १७ जून १७८८ को सरकार को इस सन्दर्भ मे रिपोर्ट किया कि ६ जून १७८८ का अधिनियम स्पष्ट नही है। अत सरकार का अगला आदेश आने तक उन्होने बचे हुए सभी आयात माल पर दोगुना टैक्स वसूली का आदेश दे दिया जो बगाल एव बिहार से आये थे और सब पर रवन्ना देने का भी आदेश दिया। यह देखा गया कि बहुत से मालो पर रवन्ना नही लगा था। चुगीघर के अधिकारियो को ये जानने मे कठिनाई हुई कि बगाल और बिहार से आयात किये गये माल पर चुगी लेना है अथवा नही। चुगी मे व्याप्त अनियमितताओ और अन्तर को रोकने के लिए चुगीदर की सूची मे उन्होने परिषद् को सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए जिसमे बगाल, बिहार, और बनारस आता था, एक पृथक चुगीघर बनाने की सम्मति दी। उन्होने यह भी सम्मति दी कि जब रवन्ना मे दर्ज से अधिक माल आयात हो तो पूरा भेजा हुआ माल ले लिया जाय। इसके विपरीत बनारस तथा बिहार क्षेत्र से

50 वही– ११ जून १७८८, पृष्ठ–६२–६३

आयात किये हुए माल मे जो अधिक होता था ले लिया जाता था। किन्तु उनकी अलग चुगीघर बनाने पर परिषद् ने सहमति नही दिया।[51]

बनारस और बगाल के तौल के मन मे अन्तर पाया गया। अत यह आवश्यक समझा गया कि बगाल और बिहार से आदर्श मन के अनुसार जहॉ से नाव का रवन्ना लिया गया था टैक्स वसूल किया जाय। यह नियम उस माल के लिए जो बनारस से रवन्ना सहित बगाल और बिहारके लिए जाता था आपसी सम्बन्ध के रूप मे हो गया।

डकन ने घरदेवारी तथा खानाशुमारी को समाप्त करने की सिफारिश किया किन्तु कृषको द्वारा भूमि के लगान मे छूट न देने की भी बात किया। उन्होने इस आदेश के लिए एक प्रस्ताव भेजा कि चालू वर्ष मे यह वसूली जारी रहे तथा अगले वर्ष मे इसकी समाप्ति के लिए किसानो को बाध्य किया जाय।[52]

घरदेवारी से सम्बन्धित भूमि के लगान को डकन ने समाप्त कर दिया। १३ जून १७८८ की अपनी रिपोर्ट मे उन्होने लिखा कि वास्तव मे देश मे जो भूमि घर के लिए दिये गये उन पर बनारस शहर को छोड कर कही लगान मे छूट नही थी। कुछ भागो मे उन पर उतना ही लगान लिया जाता था जितना राज्य मे राजा के अधिकारियो को खेती वाली भूमि के लिए दिया जाता था। किन्तु बनारस शहर मे अधिकाश घर खरीद वाली

---

51 वही–

52 वही– १३ जून १७८८, पृष्ठ–७४

जमीन पर बनाये जाते थे जिन पर किसी प्रकार का कोई टैक्स नही देना पडता था।[53]

१२ अगस्त १७६० मे अमानत महल के मूल्य मे वृद्धि हुई।

65 वही जून १७, १७८६– पृष्ठ–३६६

66 वही पृष्ठ ३६४–३६५

राजा महीप नारायण सिह इस आदेश से सहमत थे क्योकि उन्होने सोचा कि जमीदारो को स्थायीरूप से नही बल्कि सालाना कृषको के नाम से कई गॉवो को लगान पर देने से लाभ है। ये जमीदार परगना के आश्रित थे। वे खजाने मे धन जमा करते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि उनकी दशा दयनीय हो गयी किन्तु इतना निश्चित था कि कुछ समय के बाद वे गॉव के स्थायी लगान देने वाले बन जायेगे।[67]

डकन के बनारस प्रान्त मे बिहार प्रान्त की तरह दस वर्ष मे एक बार समझौता करने का आदेश हुआ। इससे लोगो को निरन्तर अपने श्रम मे आनन्द और शान्ति का अनुभव होगा।[68] लगान रबी की फसल के आने के पहले ही निश्चित की जाती थी। जमीदारो और किसानो के बीच एक वर्ष की कबूलियत होने लगी। जब आमिलो को यह ज्ञात होता था कि छोटे किसान लगान नही दे सकते तो वे भूमि निश्चित लगान प्राप्त करने के हेतु दूसरे किसानो को उनसे वापस लेकर दे देते थे। इससे छोटे किसानो मे निराशा व्याप्त हुई।[69] बोर्ड ने इस आदेश की एक प्रति डकन के पास भेज दिया। उससे अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार से बिहार प्रान्त की भाति बनारस मे भी स्थाई समझौते के लिए आग्रह करने को कहा गया। डकन से इस योजना हेतु राजा को बाध्य करने के लिए कहा गया। डकन ने राजा को भली–भाति समझाया कि यह स्थाई समझौता देश और राजा दोनो के लिए लाभप्रद है।[70]

---

67 वही पृष्ठ–३२०–३२७ (जून १४, १७८७)

68 वही जून–१७, १७८६, पृष्ठ–४०७

69 वही पृष्ठ–४०८

70 वही अक्टूबर–२१, १७८६ पृष्ठ–४२३ (६ जुलाई १७८६ के पत्र के एक सलग्नक से उद्धृत)।

राजा की सहमति से डकन ने दसवर्षीय नियम उन जिलो मे लागू करने का निश्चय किया जो पॉच वर्षीय पट्टे के अन्तर्गत नही थे। इस कार्य के लिए अति विश्विसनीय आमील नियुक्त किये गये।[71]

एक स्थाई अमीन भी रखा गया जिसे यह आदेश दिया गया कि–

(१) यदि गॉव के तीन चौथाई भाग मे कृषि होती है तो उसमे दस वर्ष तक लगान एक समान रहेगा और कोई परिवर्तन नही किया जायेगा।

(२) यदि भूमि इसी क्षेत्रफल मे बजर पडी है तो समझौता पॉच या छ वर्ष के लिए किया जायेगा।

(३) स्प्रिट की दूकान तथा जूलाहो आदि जिनके कार्य अभी शुरू हुये है उन्हे जमीदारो द्वारा स्वीकृत पट्टे से अलग ही रखा जाय।

(४) जो जमीदार उचित लगान जमा करने को राजी न हो उनसे गॉव लेकर दूसरे जमीदार को दे दिया जाय और ऐसे जमीदारो की जीविका के लिए कोई अन्य साधन उपलब्ध कराया जाय।

(५) स्त्रियो और नाबालिगो के गॉवो को लेकर उनके परिवार के किसी सदस्य या किसी मित्र को दे दिया जाय और उनके लिए १० प्रतिशत भत्ता मजूर कर दिया जाय।

कानूनगो के पास एक विज्ञापन इस आशय का भेजा गया कि वे नगदी भूमि का लगान चौधरी काजी और परगना के किसी मुखिया के

---

71 वही पृष्ठ–४१६ एव वही– पृष्ठ ४१०–४११ (२७ जुलाई १७८६ के एक सलग्नक से उद्धृत)।

समक्ष ११९६ फस्ली के समझौते के आधार पर निश्चित करे। नकदी और 'मुशखासी' भूमि का लगान रैयत पूरे वर्ष भर बिना किसी अबवाब के जमा करे। बटाई भूमि के लिए लट्ठे की लम्बाई निश्चित कर दी गई।[72] देश के विभिन्न भागो मे लट्ठे की लम्बाई बराबर न होने से नाप मे कठिनाई उत्पन्न हुई। आमिलो के सहायक बीघा का नाप करते समय रस्सी के दोनो छोरों पर गाठ लगा देते थे जिसके कारण बीघे की लम्बाई कम होती जाती थी।[73] पूरे प्रान्त मे बीघा तीन श्रेणियो मे बटा था–

(१) डकन द्वारा निश्चित ५६ वर्गगज का

(२) मूलस्थानीय परगना बीघा

(३) स्थानीय बीघा जो गॉठ लगा कर छोटा कर दिया गया था।[74]

डकन ने विभिन्न कठिनाईयो और धूर्तता आदि से बचने के लिए १०८७ फस्ली मे प्रचलित प्रमाणिक बीघा प्रणाली लागू किया और इसे कार्यान्वित करने का आदेश दिया। कानूनगो के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए डकन ने धूस परगना मे ८००० बीघा और जौनपुर की सीमा पर ५००० बीघा बेकार पडी भूमि को कृषि कार्य मे उपयोग करने का आदेश दिया।[75] २५ जून १७८८ के आदेश के आधार पर डकन ने ११८६ फस्ली पट्टो मे कुछ नयी धाराए जोड दीं। अब डकन का ध्यान चार वर्षीय पट्टो को दस

---

72 वही–जुलाई १७८६ पृष्ठ ८–६

73 वही पृष्ठ–६

74 ओल्ढम्–पूर्व उद्धृत पृष्ठ–१३१–१३२

75 बोर्ड आफ रेवन्यू करसपान्डेन्स अक्टूबर २१, १७८६ पृष्ठ ३३६–३४१

वर्षीय पट्टो मे बदलने से पूर्व भूमि पर कर लगाने की ओर आकर्षित हुआ।

प्रत्येक परगना के मुफस्सिल कानूनगो को वर्तमान भूमालिको के लिए दस या चार वर्ष के औसत पर कर निर्धारित करने तथा दस वर्ष का हिसाब चुकाने का आदेश हुआ। उनसे घोषणा पत्र पर शपथपूर्वक हस्ताक्षर कराया जाता था‡ जिसमे यह लिखा होता था कि उन्होने पट्टे मे कोई तथ्य छुपाया नही है और न ही कोई गलत बयान दिया है। उन्हे २५ जून १७८८ के नियमो के अनुसार लगान वसूलने का आदेश दिया गया।[76]

आमिलो को भी अपनी ईमानदारी पूर्ण कार्य के लिए शपथ घोषणा पत्र प्रस्तुत करना पडता था। उन्हे भी २५ जून १७८८ के नियमानुसार लगान वसूलने का आदेश दिया गया। बटाई लगान वाली भूमि भी उसी लट्ठे से नापी जाती थी और उनकी पैदावार का निर्णय पचो या कानूनगो के द्वारा 'कुनकूट' के आधार होता था जिसका विभाजन बडे ही न्यायिक ढग से होता था।

जनवरी फरवरी माह मे खरीफ के अन्न का मूल्य निर्धारित होता था और रबी के फसल का मई जून मे। कूननगो को शपथ लेनी पडती थी कि वे अब्रवाब के साथ रैयत से सही–सही लगान वसूल करेगे और नाप जोख मे किसी अन्य लट्ठे का प्रयोग नही करेगे।[77]

---

76 वही–अक्टूबर २ १७८६, पृष्ठ १५३–१५४

77 वही– नवम्बर २७, १७८६ पृष्ठ ३६६–३८४

२२ अक्टूबर १७८६ मे डकन गवर्नर जनरल से मुफस्सिल के एक मुख्य विषय पर परामर्श के लिए कलकत्ता गया हुआ था। वहॉ से लौटने के तुरन्त बाद ६ नवम्बर १७८६ को राजा से स्वीकृति प्राप्त करके उसने पूरे प्रान्त का दौरा किया। जाढ़ूपुर मे आवश्यकता से बहुत कम जमीदार थे। बनारस मे ५००० गाव थे जिनमे लगभग ३००० के पास लगल–अलग जिलो मे जमीन थी। शेष जमीदारो को बलवन्त सिह ने अपने शासनकाल मे निकाल दिया था। यह कार्य २१ मई १७७५ मे बनारस राज्य कम्पनी को सौपने से पूर्व किया था।[78] डकन द्वारा दौरा करने का उद्देश्य मुफस्सिल मे दस वर्षीय समझौते का निरीक्षण करना, दरो मे सशोधन करना और आमिल तथा कानूनगो के द्वारा प्रस्तावित समझौतो तथा अन्य त्रुटियो मे सशोधन तथा सुधार करना था।

जिन गावो मे कृषि कार्य के बिना अधिकाश भूमि बेकार पडी थी वहा पर धीरे–धीरे लगान मे उचित बढोत्तरी की गई जिससे लगान देने वाले इस भूमि पर कृषि कार्य प्रारम्भ कर दे और उन्हे कुछ लाभ प्राप्त हो।[79]

आगे की धारा के अनुसार शराब आदि के दूकानदारो तथा जुलाहो के ऊपर आमिलो द्वारा कर वसूली मे से जो आबकारी की सज्ञा के अन्तर्गत आते थे उनमे से 'घुरदेवारी' तथा 'खरगुई' से पृथक कर दिया जाता था जो रैयत से लिया जाता था।

---

78 वही नवम्बर २५, १७८६ पृष्ठ ३६६–३८४

79 वही पृष्ठ १४६–१५२

भू-राजस्व व्यवस्था
भाग (२)

भू-राजस्व व्यवस्था (भाग-२)

राजस्व वसूलने वालो को १७८७ की दर के अन्तर्गत अपने एकत्रित किये हुए राशि को सीमित करना था। उन्हे नये और पुराने लट्ठे के अन्तर को प्रत्येक पट्टे मे दर्ज करना पडता था। वसीयतनामे मे भी लगान वसूली के नियम दर्ज होते थे। लगान चुकाने वाले किसान या जमीदार ११६५ फसली तक परती पडी जमीन पर कृषि नही कर सकते थे। जमीदार अपने सीमाक्षेत्र मे यात्रियो तथा व्यापारियो की चोरी डकैती आदि के लिए उत्तरदायी होते थे। यदि वे चोरी या डकैती मे लूटी गई सम्पत्ति का पता नही लगा पाते थे तो उन्ही को उनका मूल्य अदा करना पडता था।[1]

सभी गाव और परगना मे सही लगान निर्धारण की ओर डकन ने अपना ध्यान केन्द्रित किया। प्रत्येक जिले का नाम, जमीदारो और नदियो की सख्या, व्यापार और कारखानो मे उत्पादित वस्तुओ की मात्रा की जानकारी प्राप्त किया। प्रत्येक परगना मे समझौते का हिसाब–किताब ठीक हो जाने के बाद उनमे अगले छ वर्षो के लिए चार वर्षीय पट्टा स्थायी कर दिये जाने का आदेश हुआ।[2]

जब तक पट्टा मालिक पट्टे मे दर्ज निर्धारित लगान चुकाते रहते थे तब तक उनसे कोई अन्य राशि वसूल नही की जाती थी। इस प्रकार

1 बोड ऑफ रेवन्यू करसापान्डेन्स, नवम्बर २५, १७८० पृष्ठ १५२–१५४

2 वही–पृष्ठ १५५–१५८

समझौता पूरे बनारस प्रान्त मे कर लिया गया[3] जिसके कारण १७८६–९० की सम्पूर्ण राशि जो८५ हजार रु० से अधिक थी वसूल हो गयी। १७७२ मे लार्ड कार्नवालिस ने डकन को मालाबार (जिसे टीपू सुल्तान ने छोड दिया था) कमिश्नर बना कर भेजा। डकन के चले जाने से बनारस प्रान्त मे स्थायी समझौता करने मे विलम्ब हो रहा था क्योकि कार्नवालिस इसे डकन की अनुपस्थिति मे नही करना चाहता था। पीट्रियेस ने लगभग डेढ वर्ष तक डकन के पद पर कार्यकिया। लर्डकार्नवालिस के बाद सर जॉनशोर आये और उन्होने बनारस मे अधूरे कार्य को पूर्ण करने का प्रयास किया। इस हेतु राजा बनारस की स्वीकृति बडी मुश्किल से प्राप्त हुई।[4]

डकन प्राचीन समझौते मे व्याप्त कुछ त्रुटि को समाप्त करना चाहता था। ४७०० पट्टो मे से ७०० पट्टो का समय समाप्त हो चुका था। उनके प्रभावहीन हो जाने से उन्होने उसे छोड दिया।[5] वह न्यायविरुद्ध तलबाना की माग को सीमित करन की व्यवस्था का प्रयत्न कर रहा था। अपने आमिलो के लिए एक दण्ड विधान इस आशय से बनाना चाहता था कि कानूनगो से बिना प्रमाणित कराये तलबाचिट्ठी किसी को न दी जाय। इसके लिए उन्हे एक रजिस्टर रखना पडता था जिसमे तलबाना की राशि एव दर दर्ज करना पडता था और उसे वर्ष के अन्त मे मुल्की खजाना मे जमा करना पडता था।[6]

---

3 वही फरवरी ११, १७६१ पृष्ठ ३२१

4 ओल्ढम–पूर्व उद्धृत पृष्ठ–१६८

5 बोर्ड ऑफ रेवन्यू कररापान्डेन्स जुलाई २२ १७६४ पृष्ठ ३७८

6 वही पृष्ठ–३८१

डकन ने यह बात राजा की जानकारी मे रखी कि सग्रह की अतिरिक्त राशि लगातार उसी को मिले जिसका एक अश हिन्दू कालेज की रक्षा के लिए सडक, पुल बनवाने एव जमीदारी की प्रजा की उन्नति के लिए, न्यायालय सस्थापन के लिए निकाल कर शेष राशि राजा को दे दी जाये।[7]

अब डकन मुफस्सिल के सुधार मे व्यस्त हो गया। बोर्ड ने कुछ पत्र डकन के विचार के लिए भेजे। वह राजा को इस बात से अवगत कराना चाहता था कि वह उसके अधिकारियो के हिसाब के नकल की एक प्रति अपने पास रखे। पट्टो पर राजा का हस्ताक्षर पूर्ववत् होता रहे।[8]

चूँकि इस प्रणाली का यह अभी प्रारम्भ ही था अत बोर्ड ने सोचा कि सभी व्यवहारिक मामलो मे भूमि मालिक और किसानो का भूमि लगान सदैव के लिए निश्चित कर दिया जाय। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत अधिकारो की रक्षा करना था। कृषिकार्य से लगे लोगो पर इसे अनिवार्य रूप से लागू करने के वह पक्ष मे था। बोर्ड की सिफारिश यह थी कि समझौता उन्ही के साथ हो जो अधिकार सम्पन्न और कबूलियत हो। अयोग्य और दुराचारी जमीदारो के समझौतो को रेजीडेन्ट समाप्त करके भूमि किसी दूसरे को देने के पक्ष मे था। पट्टेदारो को व्यवसाय मे आने वाली कठिनाई से बचाने के लिए उन्हे एक मैनेजर रखने को कहा गया किन्तु डकन के विचार से यह उचित नही था। वह प्रत्येक व्यक्ति को पट्टा देना चाहता था। जिन जिलो मे स्थायी जमीदार नही थे वहाँ गाव

7 वही—सितम्बर १६, १७६४ पृष्ठ ११०—१११

8 वही—

के प्रधान व्यक्ति के साथ स्थायी सकझौता करने का सुझाव वोर्ड ने दिया और उसका लगान भी निर्धारित कर दिया।[9]

इस सिद्धान्त के आधार पर लगान सीधे बनारस के सरकारी खजाने मे जमा होता था। बोर्ड ने सोचा कि कलेक्टरो को निर्धारित लगान वसूलने का समय भी निर्धारित हो।[10] उन्हे न्यायिक अधिकार से वचित रखा गया। बोर्ड का विचार था कि जो कलेक्टर नियत लगान की राशि से अधिक की माग करते थे उन्हे दण्डित किया जाय। आमिलो को तहसीलदार या स्थानीय कलेक्टर की सज्ञा दी गयी। उन्हे दीवानी के सभी मामलो जो व्यक्तिगत सम्पत्ति के लिए या १००/– से अधिक के होते थे निपटारा करने का अधिकार दिया गया।[11] बोर्ड ने कानूनगो के पद को उसी भत्ते पर स्थानीय रजिस्ट्रार के पद मे बदल देने का विचार किया तथा उन्हे कलेक्टर के सस्थापन के अग के रूप मे माना। चूँकि पैदावार मे लगातार हेर फेर होता रहता था अत यह उचित समझा गया कि कुछ ऐसे अधिकारी नियुक्त किये जाये जो लगान वसूलने वाले अधिकारी को समय–समय पर पैदावार सम्बन्धी सूचना देते रहे। भूमि और जामा का हिसाब रखने वाले को पटवारी कहा गया।[12]

डकन ने बोर्ड को अपनी टिप्पणी के साथ इन आदेशो के आधार पर कुछ नियम बना कर भेज दिये। उसने १३ अक्टूबर १७८४ को प्रान्त का अतिरिक्त लगान जो लगभग १,४०,०००/– था सडको की मरम्मत पुलो के

---

9 वही–पृष्ठ ११५–११६

10 वही पृष्ठ–११७–११६

11 वही पृष्ठ १२०–१२७

12 वही पृष्ठ–१३४

निर्माण तथा जनता पर व्यय के लिए राजा को देने का सुझाव दिया।[13] इस सुझाव का आशय राजा द्वारा किये जाने वाले अतिरिक्त माग को कम करना था। राजा की आय मे बढोत्तरी देश के लिए क्षति बताया गया क्योकि जनता को लाभ पहुचाना अधिक आवश्यक था।[14] डकन ने यह भी सुझाव दिया कि भूमि का हस्तान्तरण आवश्यक नही है। जो लोग मौसम की खराबी या अन्य किसी कारण से लगान नही देते उन्हे कलेक्टर दण्डित कर सकता है।[15] बोर्ड ने डकन के सुझाव को स्वीकार कर लिया। यह नियम धारा २, १७६५ के अन्तर्गत स्थायी कर दिया गया।[16]

उसने भूमि की नाप करवायी और ११८७ फसली की दर के अनुसार लगान निर्धारित कर दिया गया। रैयत की शिकायत का आमिलो द्वारा समाधान करवाया। जब स्थायी समझौते की अधिक शिकायते आने लगी तो डकन ने यह अनुभव किया कि उसके जाने के बाद उसके स्थान पर आने वाले अधिकारी को किसानो को दिये गये सुरक्षा पर कम प्रभाव पडेगा। पट्टो मे लगान की दर बदल देने से अनेक झगडे खडे हो गये। किन्तु जहॉ भूमि मालिक ओर किसान सन्तुष्ट और सहमत थे वहॉ १७६४ की धारा ४ नियम पारित किया गया।[17]

जहॉ कोई विवाद या शिकायत नही थी वहॉ पट्टा देना उतना आवश्यक नही था। यदि कही अमीन लोग लगान की दर निर्धारित करने

13 वही पृष्ठ- १२५

14 वही अक्टूबर –१३ १७६४ पृष्ठ--२२६

15 वही अक्टूबर– २०,१७६४, पृष्ठ–२२७

16 बगाल रेग्यूलेशन , प्रथम, पृष्ठ २०६

17 वही मार्च १८, १७६५ पृष्ठ १०५–१०६

मे पक्षपात करते थे सरकार उन्हे वहाँ से हटा देती थी।[18] जमीदार और ताल्लुकेदार की स्थिति इससे भिन्न थी। जमीदारो को अपनी सम्पत्ति बेचने का अधिकार था बशर्ते वे ताल्लुकेदार को निरन्तर जामा की राशि अदा करते रहे।

उन स्थानो मे जहाँ पैतृक जमीदार या ताल्लुकेदार नही थे उस स्थान को लगान वसूलने के लिए आमिलो को पट्टे पर दे दिया जाता था।[19] ऐसे आमिलो की स्थिति प्रत्येक वर्ष राजा की कृपा पर निर्भर होती थी। १७९५ की धारा २, अनुभाग १५ के समझौते से उनकी स्थिति मे कुछ स्थायित्व आया।[20] बनारस मे किया गया समझौता बगाल के समझौते से भिन्न था। बनारस मे भूमि की पैमाइश हुई किन्तु बगाल मे नही हुई। इससे कुछ मतभेद उत्पन्न हुआ। सर जॉन शोर और लार्ड कार्नवालिस जमीदारो को भूमि का मालिक समझते थे। किन्तु हेस्टिंग्स और ग्रान्ट उन्हे लगान वसूलने वाला ही समझते थे। यह पिछली धारणा भारतीय परम्परा से मिलती जुलती थी। इस प्रकार भूमि पर जमीदारो का पैतृक अधिकार नही था। बनारस का समझौता एक प्रकार का सुधार था जिसमे सही भूमि मालिक को स्थायी अधिकार प्रदान किया गया।

---

18 वही जून २६, १७९५ पृष्ठ–२२६–२६७

19 बगाल रेग्यूलेशन–भाग–प्रथम, पृष्ठ २१३–२१४

20. वही पृष्ठ – २२५

समझौते के दोष

बनारस का समझौता जिसे डकन ने बडी ही बुद्धिमानी, योग्यता और उदारता के साथ किया था उसमे कुछ वडे दोष भी थे।[21] जैसे –

(१) जमीदारो मे आन्तरिक कलह होने लगा जिससे बकाया लगान की वसूली मे बाधा पडी।

(२) राज्य का समझौता नाप जोख पर आधारित नही था।

(३) राज्य के बीच मे सीमाए नही बनायी गयीं।

(४) भिन्न–भिन्न सम्मिलित भूमि मालिको के हिस्से की रकम निश्चित करने एव दर्ज करने की नीति नही अपनायी गयी।

(५) नियुक्त किये गये नम्बरदार जमीदारो के सही व्यक्ति नही थे।

(६) महाल बडे–बडे बनाये गये थे।

डकन की इच्छा थी कि प्रान्त मे पैमाइश करवायी जाय किन्तु पुन विचार करने पर यह ज्ञात हुआ कि पहले करायी गयी नाप–जोख अधिक समय बीत जाने पर अव्यवहारिक हो जायेगी। उसने उसके स्थान पर 'डोल' का प्रयोग किया।[22] जमीदार पुन पैमाइश के लिए प्रार्थनापत्र देते थे किन्तु उनकी माग स्वीकार नही की जाती थी। मार्च १७९१ के डकन के रेकार्ड से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि बिना नाप जोख के समझौतो को

---

21 टेनैन्ट्स राइटस एण्ड ऑक्शन रोल्स इन गाजीपुर एण्ड राइट्स बनारस प्राविन्स (बी० आर० सी, जिल्द ६५ पृष्ठ २१)।

22 बोर्ड ऑफ रेवन्यू करसपॉन्डेन्स अप्रैल २६, १७८६ पृष्ठ १८१

स्थायी बनाने मे अधिक बाधा उत्पन्न होती है।[23] कुछ राज्यो को छोडकर (जहॉ कुछ विशेष कार्य हुआ) न तो सीमा निर्धारित हुयी और न ही कोई निशान बनाया गया था। व्यर्थ भूमि के किनारे–किनारे जगल थे। सीमा के लिए निरन्तर लडाई झगडे होते रहते थे जिसके कारण लगान की अदायगी मे बाधा पडती थी। ऐसे व्यक्ति जिनके पास उनके हिस्से से अधिक भूमि थी वे उसकी रक्षा के लिए प्रार्थना करते थे।[24]

डंकन के इस कार्य से यह सही–सही ज्ञात नही हो पाता कि विवाद का निपटारा पैतृक अधिकार को ही मान कर किया गया अथवा नही। इनके लिए कोई निश्चित नियम नही था। सुधार का कोई विधान नही था। पारिवारिक या व्यक्तिगत हिस्से की राशि न कही दर्ज थी और न निश्चित। बराबरी के भागीदारो को अपने झगडो का स्वय निपटारा करने का आदेश प्रदान किया गया। चूॅकि नम्बरदार जमीदार के उचित प्रतिनिधि नही थे इसलिए उनकी जिम्मेदारी डकन पर ही थी। कुछ को छोडकर शेष १७६० से १७६४ के मध्य के सभी पट्टो को स्वीकार कर लिया गया।[25] स्थायी समझौते को अधिकाश मामलो मे सफल बनाने मे सरकार असमर्थ थी। डकन बडे महाल को उचित समझता था किन्तु जितने छोटे महाल होते थे प्रशासन कार्य उतना ही सरलता पूर्वक होता था।[26] बडे–बडे महाल की स्थिति इसी से समझी जा सकती है कि गाजीपुर मे किसी किसी महाल मे २०,००० एकड से अधिक की भूमि थी जिसका लगान

---

23 टेनेन्ट्स राइट्स एण्ड आक्शन सेल्स इन गाजीपुर एण्ड दी बनारस प्राविन्स (बी० आर० सी–जिल्द ४५, पृष्ठ–२२)।

24 वही –

25 वही पृष्ठ- २२ २३

26 वही –

२५०००/– था और इनमे जमीदारो की सख्या कई हजार मे थी। उन्हे नीलाम किया जा सकता था। भाग्यवश अनेक मामलो मे बनारस की प्रान्तीय अदालत मे इनके विक्रय को निरस्त कर दिया गया तथा कुछ मामलो मे सरकार ने नीलामी मे दिये गये राज्य को पुन वापस ले लिया। उनके लिए सही और नये भूमि मालिको से समझौता कर लिया गया।

अगर ऐसा न होता तो समझौता बिल्कुल असम्भव हो जाता। उक्त दोषो के होते हुये भी निसन्देह यह एक उत्तम समझौता था। १८४० मे समझौता अधिकारियो द्वारा प्रान्त के प्रत्येक गाव का निरीक्षण, योग्य योरोपियनो द्वारा भूमि की पुन पैमाइश तथा प्रशिक्षित भारतीयो द्वारा गावो का आन्तरिक बटवारा वास्तव मे आश्चर्यजनक कार्य थे।[27]

स्थायी समझौते का लाभ

विभिन्न पहलुओ को देखते हुए यह कहना अनुचित नही होगा कि डकन द्वारा किया गया समझौता विशेषरूप से श्रेष्ठ था। इससे कम्पनी को लगान स्वरूप प्राप्त होने वाली एक बडी राशि मे सुधार हुआ इससे शासनशक्ति दृढ हुई। इसके कार्यान्वित होने से भूमि मालिको को लाभ हुआ और वे अब राजा के कष्टप्रद शासन को भूल गये।

जमींदारो को सरकारी खजाने मे निर्धारित राशि जमा करनी पडती थी जिसे वे वैध अथवा अवैध रूप से जैसा चाहते थे कृषको से वसूल करते थे। रकम की निश्चित सीमा का प्राय उल्लघन करते थे। इसी सन्दर्भ मे

---

27 ओल्डम – पूर्व उद्धृत–पृष्ठ १७५

प्रसिद्ध समाजशास्त्री राधाकमल मुखर्जी ने लिखा है कि १६वी शताब्दी के अन्तिम चरण तक कृषक अपने उचित लगान का तीस गुना राशि देने लगे थे।[28]

स्थायी समझौते से हॉनि

कम्पनी की माग लगान के लिए स्थायी रूप से निश्चित की गयी जिसे अन्य क्षेत्रो की भाति सरलता से परिवर्तित नही किया जा सकता था। बनारस मे अनेक लोगो की साझीदारी मे कई राज्य थे जिनमे से मात्र दो या तीन लोगो को ही स्वतन्त्रतापूर्वक लगान वसूल करने के लिए चुना जाता था। पट्टे भी उन्ही को मिलते थे। उन्ही का नाम भी मालिक के रूप मे दर्ज किया जाता था। जहॉ उनका प्रबन्ध व्यवस्थित था वहॉ किसी प्रकार की हॉनि नही थी किन्तु जहॉ उनका प्रबन्ध ठीक नही था वहॉ दूसरे साझीदारो के गावो की सम्पत्ति बकाया लगान की सुरक्षा के लिए नीलाम कर दी जाती थी।

इस समझौते के अनुसार छोटे साझीदारो के मालिकाना की सुरक्षा नीलाम के पश्चात् पूर्णत समाप्त हो जाती थी। स्थायी समझौता शासको के लिए बढी हुई भूमि कर को सग्रह करने मे बाधक हुयी। लार्ड कार्नवालिस जितना भी अर्जित हो सकता था उसके लिए प्रयासरत था।

लार्ड विलियम बेन्टिक भारत मे एक उदार गवर्नर जनरल के रूप मे जाना जाता था। उसने गवर्नर जनरल की हैसियत से ८ नवम्बर १८२६

---

28 आर० के० मुखर्जी लैण्ड प्राबलम्स इन इण्डिया--पृष्ठ ३०५

को यह लिखा था कि "यदि विद्रोह के हलचल का निरीक्षण किया जाय तो मै यह कह सकता हू कि यद्यपि स्थायी समझौते की अनेक बातो मे सरकार असफल रही किन्तु इसका सर्वाच्च लाभ यह रहा कि असख्य धनी जमीदार ब्रिटिश राज्य को बनाये रखने मे और जनता पर ब्रिटिश प्रभुत्व स्थापित करने मे सहायक हुये।"[29]

१४ जून १७८६ के अपने आदेश मे डकन ने लगान चुकाने मे असमर्थ होने पर नीलामी, बिक्री का कही सकेत नही किया था किन्तु कुछ समय पश्चात् सरकार ने बगाल तथा उडीसा प्रान्तो की भाति बनारस प्रान्त मे भी समझौते की योजना बनाने का डकन को आदेश दिया। गाजीपुर परगना में भी दसवर्षीय योजना बनाने का आदेश निर्गत हुआ और यही पूरे प्रान्त मे प्रचलित हुआ[30]

बगाल के नियम और बिक्रीकर व्यवस्था को बनारस तक मे लागू करने का प्रस्ताव किया गया। किन्तु, डकन ने इसका विरोध किया। उसने सरकार को परामर्श दिया कि भूमि सम्पत्ति स्थानान्तरण अधिकार के लिए या बकाया लगान जो मौसम की खराबी के कारण रह गया हो, बिक्रीकर लेना आवश्यक नही है। बगाल मे जमीदार को जब तक लगान अदा न कर दे दण्डित किया जाता रहता था।[31] डकन की सलाह पर सरकार ने यह निश्चित किया कि जो भू–स्वामी लगान देने मे असमर्थ थे उनके लिए बिक्रीकर के नियम सामान्य न बना दिये जाय। उसने यह भी सुझाव दिया कि दण्डित करने की अपेक्षा रेजीडेन्ट ऐसे लोगो की भूमि तब तक के

---

29 ए० बी० कीथ, स्पीचेज, एण्ड डाक्यूमेन्ट्स ऑन इण्डियन पॉलिसी–जिल्द–१– पृष्ठ २१५

30 बोर्ड आफ रेवेन्यू कर्स्पॉन्डेन्स अक्टूबर २१, १७८६ पृष्ठ–४१०

31 वही– अक्टूबर २०, १७६४– पृष्ठ २२७–२२८

लिए ले ले जब तक कि वे पूरी राशि न दे दे। इसके अतिरिक्त स्थायी समझौते मे उल्लेखित कोई सन्तोषप्रद जमानत वे दे सकते थे।[32]

इन्ही सुझावो और परामर्श के आधार पर बनारस प्रान्त मे १७६५ का नियम–६ लगान वसूली हेतु बनाया गया। इस नियम के अन्तर्गत वैध प्रणाली निम्नवत थी।[33]

(१) फसल के ऊपर चौकीदारो की नियुक्ति की जाय।

(२) अपराधी के खर्च पर पैदल चलने वाले या घुडसवार के माग की रिपोर्ट जारी हुई।

(३) अपराधियो को गिरफ्तार करके जेल भेजना भी निश्चित किया गया।

(४) नम्बरदारो के पट्टे को हटाकर सीधे–सीधे असामियो से लगान वसूलने की व्यवस्था की गयी।

इन नियमो के लागू करने पर भी वर्ष के अन्त मे कुछ लगान बाकी रह जाता था। १७६५ के नियम–६ अनुभाग १७ के अन्तर्गत कलेक्टरो को बकाया लगान के कारणो का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना पडता था। यदि अवशेष का कारण पैदावार की राशि का गबन सिद्ध होता था तो गवर्नर जनरल को भूस्वामियो के अधिकार रद्द कर देने का अधिकार प्राप्त था।[34]

---

32 वही नवम्बर–७, १७६४, पृष्ठ ७०–७१

33 बगाल रेग्यूलेशन, प्रथम, पृष्ठ २३६–२३९

34 वही– पृष्ठ २४०–२४१

भूमि की बिक्री का आदेश देना गवर्नर जनरल की इच्छा पर आधारित था। अनुभाग–१ मे यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि १७६६ का नियम–६ बनारस तक बढा दिया गया है। यह नियम बनारस के वसूली नियम के अनुरूप था।[35] १७६५ का नियम–६, जो बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के विशेष सिफारिश पर लागू हुआ था, को असाधारण एव विशेष मामलो की निगरानी सीमित कर देने का तब तक आदेश नही था जब तक १८३० का नियम–७ इसके स्थान पर जारी नही हुआ।[36] सामन्यत भूमि बिक्री का कार्य कलकत्ता मे होता था। भूमि मालिको को बिक्री के एक दिन पहले और जिले के कलेक्टर को दस दिन पहले बिक्री की तिथि आदि सूचित कर दिया जाता था।[37]

किसी बिक्री के पूर्व उस नियम के अनुभाग–३२ के अन्तर्गत दूर–दूर तक 'मुनादी' करनी पडती थी जो फारसी, देवनागरी और हिन्दुस्तनी भाषा मे होता था। बिक्री का स्थान समय और तिथि लोगो को बताया जाता था।[38] बिक्री के समय क्रय मूल्य का ५ प्रतिशत जमा करना पडता था। यदि खरीददार नियत समय पर क्रय मूल्य जमा नही कर पाता था तो उसकी जमा की हुई राशि सरकार को दे दी जाती थी और फिर उसी के खर्च से भूमि की बिक्री होती थी।[39] १७६५ मे बनारस की कलेक्ट्री के स्थापित होने के पश्चात डकन द्वारा बडी सावधानी पूर्वक लगान वसूलने

---

35 वही– पृष्ठ ४२०–४२१
36 वही पृष्ठ ४५२
37 वही पृष्ठ–२२६
38 वही – २२६
39 वही – २२६

के बावजूद भी लगान बाकी रह जाता था। बकाया लगान वसूलने का नियम मात्र नीलामी ही था।

कलेक्टरो को इन नीलामियो मे बहुत समय लग जाता था। बनारस के कलेक्टर मि० डब्लू० ओ० सॉलमन ने लिखा था कि उन्हे बिक्री के लिए लगातार कई दिन लगाना पडा। गाजीपुर मे १८१७ मे कलेक्ट्रेट की स्थापना के बाद एक ही माह मे वहॉ के कलेक्टर ने हजार से ऊपर राज्यो की बिक्री का प्रस्ताव किया।[40] इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि नीलामी/बिक्री की प्रणाली जिसे गबन के मामलो मे लागू किया गया था अवैध थी। लम्बरदार अपने साझीदारो से जबरन लगान वसूलने के बाद भी सरकार को अदा नही करते थे। रेवेन्यू सम्बन्धी दस्तावेजो मे ऐसे अनेक प्रकरण देखने को मिलते हैं।[41]

लार्ड मिन्टो ने भी १८०७ के नियमानुसार उक्त प्रणाली को सीमित करने का प्रयास किया। वास्तविक स्थिति स्वाभाविक रूप से भिन्न थी और उसे किसी भी नियम द्वारा बदला नही जा सकता था। यद्यपि मिन्टो के समय मे कठिनाइया कुछ कम हुई थी किन्तु ऐसा जमीदारो के सहयोग और सहानुभूति के कारण था न कि नियम बदलने के कारण। १ फरवरी १८०६ मे बनारस प्रान्त कलकत्ता के नियन्त्रण से अलग कर दिया गया था। १७६५ का कानून जो बंगाल, बिहार और उडीसा मे लागू था वह बनारस मे लागू कानून से भिन्न था।[42]

---

40 टेनेन्ट्स राइट्स एण्ड ऑक्शन सेल्स इन गाजीपुर एण्ड दि प्राविन्स ऑफ बनारस (बी० आर० सी० जिल्द – ६५ पृष्ठ २१)

41 वही–

42 वही– पृष्ठ –३६

लगान के प्रशासन की फिर से व्यवस्था की गयी जिसके फलस्वरूप बनारस मे मात्र १२ (बारह) तहसीलदार ही रह गये। अधिकाश परगनाओ का लगान सरकारी खजाने मे जमा होता था जिसके लिए एक विशेष अधिकारी नियुक्त किया गया था। गाजीपुर का जिला बनारस से अलग कर देने के बाद वहाँ रावर्ट वार्लो कलेक्टर नियुक्त हुए जो वहाँ १८२७ तक रहे।[43]

लगान की अदालत

उचित अदालत न होने के कारण लगान सम्बन्धी मामलो को निपटाने मे अनेकानेक त्रुटिया व्याप्त हो गयी थी। राजा की मुल्की अदालत पर्याप्त नही थी। न्यायाधीश और अधिकारी अधिकाश मुस्लिम थे जो लगान सम्बन्धी कार्य मे दक्ष नही थे तथा पक्षपात की प्रवृत्ति की कारण उचित न्याय भी नही दे पाते थे।

१७६६ फसली के समझौते के अनुसार एक न्यायालय स्थापित हुआ। इसमे दो न्यायाधीश होते थे जिनमे एक रेजीडेन्ट द्वारा तथा दूसरा राजा द्वारा मनोनीत होता था।[44] यह अदालत रेजीडेन्ट के नियन्त्रण मे उसी की अदालत मे लगती थी। रेजीडेन्ट लगान सम्बन्धी मामलो के लिए फोर्ट विलियम के नियन्त्रण मे था। लगान और कर सरकारी खजाने मे जमा होने लगा। यह व्यवस्था तब तक बनी रही जब तक कि गाजीपुर का

---

43 वही –

44 बोर्ड ऑफ रेवन्यू कारसपाण्डेन्स, सितम्बर १२, १७८८ पृष्ठ–१६१

अधिकाश बलिया का कुछ भाग और शाहबाद अलग–अलग नही किया गया।

मिर्जापुर जिले का अधिकांश भाग १७७५ तक अवध के नवाबो के नियत्रण मे रहा। इसके पूर्व उत्तरकालीन मुगलो के समय मे मिर्जापुर चौदह परगनो मे विभाजित था। मुगलकाल मे भू–राजस्व निर्धारित करते समय भूमि के उपजाऊपन, औसत मूल्य तथा पिछले वर्ष की उपज को ध्यान मे रखा जाता था।[45] अवध के नवाब के शासन मे भूमि के अधिकारो पर विशेष ध्यान नही दिया जाता था। उनका उद्देश्य केवल भूमिमालिको से अधिकधिक राजस्व वसूल करना था। अधिकार और कार्य की दृष्टि से आमिल का पद ब्रिटिश–कालीन कलेक्टर या मजिस्ट्रेट की तरह का था। भू–राजस्व की व्यवस्था नियमो पर आधारित थी।[46]

मिर्जापुर १७७५ मे ईस्ट इडिया कम्पनी के नियत्रण मे आया किन्तु १७६४ तक यह भाग राजा बनारस की जमीदारी मे बना रहा। २७ अक्टूबर १७६४ मे राजा महीप नारायण सिह व ईस्ट इडिया कम्पनी के मध्य हुए समझौते के तहत बनारस पर पूरी तरह से कम्पनी का नियंत्रण हो गया।[47] बलवन्त सिह के समय मे अधिकाश आमिल उनके सगे सम्बन्धी ही थे।[48] १७८७ तक आमिलो ने कठोर नियत्रण न होने के कारण भूराजस्व सग्रह मे गडबडी की और भू–राजस्व सोलह प्रतिशत तक बढा दिया। राजस्व सग्रह मे व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए डकन ने पट्टाधारी व्यवस्था

---

45 पी० सरन 'प्राविसियल गर्वन्मेन्ट ऑफ द मुगल्स पृष्ठ ३६१

46 मुफसिल, रेकार्डस, सिरीज–३, वाल्यूम–५

47 मिर्जापुर गजेटियर–पृष्ठ १५६

48 वही –

मे भी सुधार किया। आमूल परिवर्तन के उद्देश्य से ११९६ फसली के तहत नया बदोबस्त करने की स्वीकृति गवर्नर जनरल की परिषद् से प्राप्त हुआ।[49]

एक वर्ष पश्चात जौनपुर भी एक स्वतन्त्र जिला बन गया किन्तु मिर्जापुर १८३२ तक बनारस के अन्तर्गत बना रहा।

समझौतों का प्रबन्ध

लगान वसूली एव कलेक्टरो के ऊपर नियन्त्रण रखने का अधिकार बोर्ड को था। बोर्ड मे एक प्रेसीडेन्सी और चार सदस्य होते थे। न्यायाधीश के फैसले पर पुनर्विचार हेतु अपील करने के लिए एक अदालत की भी व्यवस्था की गयी थी। बोर्ड ऑफ रेवेन्यू को कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा न रखने वाले कलेक्टर को पद से हटा देने का पूरा अधिकार था।[50]

बोर्ड ने एक कोर्ट आफ वार्ड्स की स्थापना किया जिनका कार्य अल्पसख्यक राज्य पर नियन्त्रण रखना तथा उनके हिसाब किताब का निरीक्षण करना था। इसकी रिपोर्ट शासन को निर्धारित समय पर भेजनी पडती थी। शासन के माध्यम से कोर्ट आफ रेवेन्यू को लगान के माध्यम की दशा तथा की गयी कार्यवाही की सूचना भी देनी होती थी। किसानो और भूमिमालिकों को 'तकाबी' बाटने का भी इन्हे अधिकार था।[51] कलेक्टर

---

49 टामस ए०– लैड सिस्टम इन बनारस राज पृष्ठ १३६

50 फिफ्थ रिपोर्ट, प्रथम, पृष्ठ –३१

51 वही बगाल रेग्यूलेशन– प्रथम, पृष्ठ–२२६

को बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के उन सभी मामलो तथा निर्देशो पर ध्यान देना पडता था जिनका सम्बन्ध जनता से होता था।[52]

बोर्ड आफ रेवेन्यू के पथप्रदर्शक नियम

बोर्ड को निर्धारित नियमानुसार कार्य करना होता था। बोर्ड का कार्य अपने अधीनस्थ कर्मचारियो के कार्यों का निरीक्षण करने तथा दोषी पाये जाने पर दण्डित करने का अधिकार था। अपराधी को कार्यालय मे अपराध का कारण आदि बताने के लिए बुलाया जाता था और अपराध सिद्ध होने पर अधिक से अधिक एक माह के वेतन के बराबर उनपर जुर्माना भी लगता था। कभी–कभी उन्हे निलम्बित भी कर दिया जाता था। भ्रष्टाचार लूट, उत्पीडन आदि गम्भीर मामलो की पूरी जॉच होती थी। यदि शिकायत झूठी सिद्ध होती थी तो शिकायत करने वाले को दण्डित किया जाता था और उसे जेल भी होती थी। लगान सम्बन्धी शिकायत कलेक्टर के पास भेजी जाती थी। सम्बन्धित व्यक्ति की जाच होती थी। उन्हे माह के अन्त तक कलेक्टरो को माग, आय और बकाया का हिसाब देना पडता था। प्रतिवर्ष १८ जुलाई तक जिले के समझौते की आय का बकाया का विवरण सुप्रीम काउन्सिल को भेजना पडता था।

उन्हे व्यय के हिसाब का अलग से रजिस्टर रखना पडता था। अपराधियों से बकाया राशि की वापसी और विद्रोही जमीदारो के दमन पर हुये खर्च का ब्योरा भी रखना पडता था। बोर्ड के चालू नियमो को उसे अतिरक्त आदेश देकर कार्यान्वित भी करना होता था। बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के

---

52 वही पृष्ठ – २२७

सभी योरोपियन या भारतीय अधिकारियो के सभी मामलो मे प्रेसीडेट की आज्ञा का पालन करना पडता था। प्रेसीडेन्ट के सभी अधिकार प्रभारी रेजीडेन्ट को भी प्राप्त थे। प्रेसीडेन्ट की अनुपस्थिति मे वरिष्ठ सदस्य उसका कार्य देखता था।[53] १७८८ मे बोर्ड ऑफ रेवन्यू मे दो अन्य सुधार हुये जिनका उद्देश्य भारतीय नियन्त्रण को खालिसा के शासन से हटाकर उसके स्थान पर कम्पनी के नौकरो को रखना था।[54]

प्राप्त शिकायती प्रार्थनापत्रो पर आवश्यक विचार के बाद प्रेसीडेन्ट के निरीक्षणार्थ भेजना पडना था। वे जमीदार, ताल्लुकेदार और भूस्वामियो से किसी प्रकार का उपहार नही ले सकते थे। उन्हे अपनी रिपोर्ट के लिए अग्रेजी या फारसी भाषा मे नियमित डायरी तैयार करनी पडती थी। किसी प्रकार के दावा या झगडा सम्बन्धी मामले को उचित अधिकारी को इन्हे भेजना भी पडता था। किसी रेवन्यू विभाग के योरोपियन या स्थानीय कर्मचारी के विरुद्ध प्रार्थनापत्र को गवर्नर जनरल–इन काउन्सिल के पास आदेशार्थ भेजना पडता था। ऐसे मामलो मे वह मुकदमे से सम्बन्धित गवाह को अदालत मे बुला सकता था और सम्बन्धित पत्रजात भी माग सकता था। वह गवाह की जाच करके रिपोर्ट विचारार्थ प्रेषित कर देता था।उसे अदालत के न्यायाधीशो या कलेक्टर के पास लिखित पूछताछ के प्रश्नो को भेजना पडता था। मुद्रणालय के अतिरिक्त अन्य शिकायतीपत्रो को वह नही स्वीकार कर सकता था। मुद्दयी का जवाब वकालतनामा के विना स्वीकार नही करता था। सभी आदेश और सम्मन हस्ताक्षर और मुहर से

---

53 बोर्ड ऑफ रेवन्यू करसपान्डेन्स, जून २७ १७८८ पृष्ठ–१६३–१७०

54 वही– मई २३, १७८८ पृष्ठ २१६–२३३

ही भेजे जाते थे। किसी मुकदमे मे गवाह की आवश्यकता होने पर वह कलेक्टर को आदेश देने हेतु पत्र लिखता था। गवाह को अदालत मे हाजिर होने का खर्च भी देना पडता था।

उसे मुद्दयी को अदालत मे हाजिर होने हेतु नोटिस निकालनी पडती थी और ऐसे नोटिसो को खालसा के मुख्य स्थानो पर भी लगा दिया जाता था। उसे सभी जमीदारी, तालुकेदारी चौधरी की सनद तैयार करके नजीर के रूप मे रजिस्टर मे दर्ज करना पडता था। उसे जमीदारी, चौधरी और अन्य लगान की भूमि की बिक्री भी करनी पडती थी। यदि उसे गवर्नर जनरल–इन–काउन्सिल या बोर्ड ऑफ रेवेन्यू का आदेश बिक्री के लिए मिल जाता था तो उसे वह रोक नही सकता था। रिपोर्ट तैयार करने वालो का पद अपने अधीनस्थ कर्मचारियो के ऊपर प्रभावकारी था।

कलेक्टर के कार्य

कलेक्टर का कार्य निर्धारित लगान नियत समय पर वसूल करने तक सीमित था। लगान न निर्धारित किये हुये भूमि का समझौता करना तथा आर्थिक सम्बन्धी अन्य कार्य भी उसे सौपा गया था।[55] १७९५ केनियम –५ अनुभाग–७ के अनुसार उनका कार्य नशीले पदार्थो एव उत्तेजक सामान पर कर लगाना, सरकार को लगान देने वाली भूमि का बटवारा करना, अपाहिज, सैनिको को भूमि देना, समय–समय पर अपना लेखा–जोखा महालेखाकर के आदेश से बोर्ड ऑफ रेवेन्यू को निर्धारित प्रपत्र पर भेजना, सरकारी लेनदेन के लिए अग्रेजी, फारसी या हिन्दुस्तानी भाषा मे डायरी

---

55 बोर्ड ऑफ रेवेन्यू करसपॉन्डेन्स सिम्बर १६, १७६४ पृष्ठ–११६

रखना, सम्बन्धित अन्य कर्मचारियो से अपनी आज्ञा का पालन करवाना था।[56]

पूर्व अनुमति के बिना वह कोई बडा कार्य नही कर सकता था। सम्पूर्ण लेनदेन कलेक्टर के एक लिखित हस्ताक्षरित वारट के अन्तर्गत था। बिना किसी लिखित अधिकार पत्र के खजान्ची किसी को रुपया नही दे सकता था। खजाची और रेकार्डकीपर के अतिरिक्त अन्य सभी की नियुक्ति और बर्खास्तगी का अधिकार कलेक्टर को प्राप्त था। किन्तु इन सभी कार्यो की सूचना बोर्ड ऑफ रेवन्यू को भेजनी पडती थी। कलेक्टर की मृत्यु या अन्य किसी कारण से उनकी अनुपस्थिति मे वरिष्ठ सहायक उसके कार्य को देखता था। किसी भी कलेक्टर, सहायक दीवान या भारतीय अधिकारी को भूमि रखने और भूमि लगान चुकाने की आज्ञा नही थी। वे नीलाम की भूमि को भी नही खरीद सकते थे।[57]

कोई भी कलेक्टर या उसका दीवान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार सम्बन्धी लेनदेन नही कर सकता था। कलेक्टर के दीवान को किसी भी भूस्वामी, किसान या रैयत को ऋण देने की मनाही थी। इस नियम के विरुद्ध लिया गया ऋण किसी अदालत से नही वसूल किया जा सकता था। रिकार्ड और हिसाब किताब सम्बन्धी रखरखाव के लिए कलेक्टर उत्तरदायी होता था।[58] उसे लगान वसूली के लिए सिपाही तथा 'तकाबी' बाटने के लिए अग्रिम धनराशि बोर्ड ऑफ रेवन्यू की स्वीकृति पर प्राप्त होता था। खजाने मे लगान जमा करने की रसीद पर अपना तथा राजा

56 बगाल रेग्यूलेशन, प्रथम पृष्ठ –२३१

57 वही पृष्ठ – २२५

58 वही पृष्ठ–२२६

का हस्ताक्षर काराना आवश्यक था। रेकार्ड रखने वालो को एक रजिस्टर मे प्रत्येक रसीद की सख्या लिखकर रखना पडता था और उनपर हस्ताक्षर करके प्रमाणित भी करना पडता था। रजिस्टर की एक प्रति प्रत्येक माह मे बोर्ड ऑफ रेवेन्यू को प्रेषित करना पडता था। कलेक्टर द्वारा प्रदत्त वेतन और भत्ते का माहवार रसीद रेकार्ड रूप मे जमा होता था जिसे रेकार्डकीपर प्रत्येक वर्ष बोर्ड ऑफ रेवन्यू को भेजता था।[59]

तहसीलदार के कार्य

तहसीलदार को राजस्व वसूलने का अधिकार था। भूमि मालिको से सरकार द्वारा निर्धारित लगान वसूल करना और कुछ सीमा तक कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए उसे पुलिस का अधिकार प्राप्त था। अपने क्षेत्र मे वह सम्पूर्ण लगान के लिए जिम्मेदार था। उनको सग्रह किये गये सम्पूर्ण लगान का साढे ग्यारह प्रतिशत वेतन के रूप मे दिया जाता था।[60] इसमे पुलिस शासन का खर्च भी सम्मिलित था। तहसीलदार के अपने क्षेत्र हेतु पुलिस अधिकार को मजिस्ट्रेट बिना गवर्नर जनरल–इन–काउन्सिल की स्वीकृति के बदल नही सकता था।[61] यदि मजिस्ट्रेट किसी तहसीलदार को दुराचारी, अयोग्य या किसी प्रकार से दोषी पाता था तो कारण और तथ्य सहित अपनी रिपोर्ट गर्वनर जनरल–इन–काउन्सिल को भेजता था और फिर उसके आदेश और निर्देश के अनुसार कार्य करता था। १७९५ के नियम १७ अनुभाग–७ के

---

59 वही–

60 बगाल रेग्यूलेशन, प्रथम, पृष्ठ ६५६ एव दस्तूर–उल–आलमगीरी पृष्ठ–११२ ए

61 वही पृष्ठ–२३६

अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को हत्या, चोरी डकैती आदि के लिए दोषी पाता था किन्तु समय से मजिस्ट्रेट को सूचित नही कर पाता था तो सम्बन्धित क्षेत्र के तहसीलदार को इस सम्बन्ध मे कार्यवाही करने का अधिकार था। दोषी व्यक्ति की गिरफ्तारी की सूचना चौबीस घन्टे के अन्दर मजिस्ट्रेट को देनी पडती थी। अभियुक्त के उपस्थित होने पर मजिस्ट्रेट उस पर कार्यवाही प्रारम्भ करता था। चोरी आदि का सामान जिस व्यक्ति के पास निकलता था‡ उसे 'दस्तक' देने का अधिकार था। तहसीलदार को गवाह मुद्दयी आदि को निर्धारित समय पर उपस्थित होने की जमानत लेना पडता था। कुख्यात डाकू को गिरफ्तार करके मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित करने का उत्तरदायित्व तहसीलदार पर ही होता था। मजिस्ट्रेट उसकी जाच आदि का कार्य करता था।[62]

१७९५ के नियम—१७ अनुभाग—१३ के अन्तर्गत गोडइत, चौकीदार एव दसबन आदि कर्मचारी तहसीलदार के अधीन थे जिन्हे स्थानीय पुलिस का अधिकार प्राप्त था। तहसीलदार को प्रत्येक के नाम का एक रजिस्टर रखना पडता था।[63] मृत्यु या किसी अन्य कारण से इनका पद रिक्त होने पर किसी भूमि मालिक को रिक्त स्थान पर नियुक्त कर दिया जाता था। तहसीलदार को किसी डाकू या चोर को पकडने पर १०/— प्रति की दर से पुरस्कार प्राप्त होता था। चोरी का पता लगाने और चोर को पकडवाने तथा जेल भेजने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर चोरी मे गये सामान के मूल्य का १० प्रतिशत तहसीलदार को प्राप्त होता था। १७९५ की धारा—१७

---

62 वही—

63 वही पृष्ठ—२३६

अनुभाग–१८ के अन्तर्गत तहसीलदार बाजार, मेला तथा धार्मिक सभाओ के लिए आवश्यक, प्रबन्ध करता था। उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करता था।[64]

यदि तहसीलदार के अधीनस्थ कोई भी कर्मचारी भ्रष्टाचार, उत्पीडन और लूट आदि के लिए दोषी पाया जाता था तो उसके विरुद्ध दीवानी अदालत मे तहसीलदार मुकदमा चला सकता था। १८०७ के नियम १४ अनुभाग–२ के अनुसार तहसीलदार पुलिस द्वारा कार्य कराने मे सक्षम था। वह पुलिस की आवश्यकतानुसार सहायता ले सकता था। स्थानीय अधिकरियो की मध्यस्थता से कार्य सरलता से सम्भव होता था।[65] तहसीलदार १००/– प्रतिमाह वेतन प्राप्त करता था जो जमीदार देता था। १८०२ मे इनका वेतन १००/– बढाकर १५०/– कर दिया गया।[66] प्रत्येक परगना मे दो कानूनगो होते थे जो तहसीलदार के अधीन कर्मचारी थे कलेक्टर की संस्तुति पर बाद मे उनकी सख्या बढाई गई।[67]

कानूनगो

तहसीलदार के अधीनस्थ कर्मचारी कानूनगो का पद लगान सम्बन्धी कार्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह सरकार और किसान के मध्य एक कडी का कार्य करता था। २६ अक्टूबर १७८७ मे यह पद सरकारी हो गया। उनकी सुरक्षा पर पर्याप्त राशि खर्च होती थी।[68] इससे पूर्व वे

---

64 वही–

65 बोर्ड ऑफ रेवेन्यू करसपॉन्डेन्स (पत्र प्राप्त – १७६६–१८०८) पृष्ठ ५२–५३ एव बगाल रेग्यूलेशन प्रथम पृष्ठ ६५२–६५३

66 गाजीपुर करसपॉन्डेन्स, अक्टूबर २८, १८०२ जिल्द–१, पृष्ठ–५

67 बनारस करसपान्डेन्स, मई ६, १८०८, पृष्ठ १२५–१२७,

६8 बोर्ड ऑफ रेवेन्यू करसपॉन्डेन्स अक्टूबर २६, १७८८ पृष्ठ–१६

आमिलो के आश्रित और सहायक होते थे। रैयत से लगान वसूलने वाला आमिल ही इन्हे पैसे देता था। किन्तु ३ अक्टूबर १७८८ को डकन को सरकार से यह आदेश प्राप्त हुआ कि कानूनगो को सरकारी खजाने से वेतन दिया जाय। इनका पद पैतृक न होकर व्यक्तिगत योग्यता पर आधारित था।[69] कानूनगो का सम्मान ही एक ऐसा आधार था जिसपर डकन का समझौता कार्य आधारित था।[70] कानूनगो खेतो और गावो के पट्टे देते थे और रेजीडेन्ट के पास प्रत्येक परगना के समझौते का हिसाब भेजते थे। मुफस्सिल का लगान गाव के पट्टे पर निर्धारित होता था।[71] जुलाई १७६४ मे वे कलेक्टर के सस्थान के एक अग बन गये।[72] १८०८ के नियम–४ अनुभाग–५ के अनुसार उन्हे सरकार द्वारा निर्धारित वेतन प्राप्त होता था।

कानूनगो की सहायता करने के लिए दो व्यक्ति दिये जाते थे जिन्हे कलेक्टर चुनकर बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के पास नियुक्ति हेतु भेजता था। यह पद पैतृक नही होता था। ये सहायक प्राय कानूनगो के परिवार के अपनी योग्यता, बौद्धिक कुशलता और अच्छे आचरण के कारण चुने जाते थे।[73]

१८०८ मे कानूनगो के कार्यो की व्याख्या इस प्रकार की गई– (१) उन्हे कोई जामा वासिल बाकी की प्रतिलिपिया रखनी पडती थी जिनका समझौता समाप्त हो चुका था। तहसीलदार द्वारा सग्रहित लगान की राशि

---

69 वही अक्टूबर ३, १७८८ पृष्ठ १४–१६

70 वही अप्रैल २६, १७८६ पृष्ठ –१८६–१८७

71 वही–जून १४, १७८६ पृष्ठ–३२४

72 वही – सितम्बर, १६, १७६४ पृष्ठ–१२७

73 बनारस करसपॉन्डेन्स मई ६, १८०८ पृष्ठ १२५–१२७

का हिसाब रखना पडता था। (२) लगान से पैतृक छूट वाली भूमि, बदली गई भूमि सम्पत्ति का हिसाब एक रजिस्टर मे रखना पडता था। बिक्री द्वारा भरोहर पट्टा करके उस पर बिना शुल्क लिए अपना हस्ताक्षर करना पडता था।

(३) प्रत्येक गाव के पटवारी की एक सूची तथा भूमि मालिको द्वारा किये गये पट्टो का हिसाब रखना पडता था। इसके लिए एक रजिस्टर तैयार करना पडता था।

(४) परगना एव स्थानीय भूमि सम्पत्ति के स्थानीय सीमा की सूचना, प्रत्येक गाव का नाम, सख्या, पैदावार के अन्न, लगान की दर एव समस्त स्थानीय सूचनाए कलेक्टर के न्यायालय को भेजना पडता था।

(५) नियमानुसार सूचनाए एव हिसाब तैयार करना पडता था। यह नियम बोर्ड आफ रेवेन्यू और **बोर्ड ऑफ कमीश्नर्स** द्वारा निर्धारित होते थे।

(६) मालगुजार की मृत्यु और उसके उत्तराधिकारी के बारे मे वह सूचना देता था।[74]

नियमानुसार कार्य न करने पर कानूनगो को दण्ड का भागी होना पडता था।

74 बगाल रेग्यूलेशन्स, प्रथम, पृष्ठ ६६२–६६३, बनारस करपॉन्डेन्स मई ६, १८०५, पृष्ठ १२५–१२७

पटवारी

१७६५ के नियम–२७ अनुभाग–६ के अन्तर्गत पटवारी की नियुक्ति होती थी।[75] वे जमीदार के नौकर समझे जाते थे। भूमि सम्बन्धी सूचना देने का कार्य पटवारी करता था। बिक्री का आदेश कलेक्टर द्वारा होने पर वह सम्बन्धित पत्रजात कानूनगो को भेजता था। विभिन्न पत्रजातो का मिलान करता था और यदि इस मिलान की कोई त्रुटि परगनाधिकारी को पता चलती थी तो पटवारी दण्डित भी किया जाता था।

सभी भूमि मालिक और किसान अपनी रैयत का हिसाब किताब रखने के लिए पटवारी रखते थे। पटवारियो की एक सूची होती थी जो कलेक्टर की माग पर प्रस्तुत करना पडता था। पटवारियो को भूमि पैदावार के समस्त पत्रजात रखने पडते थे जिनकी माग होने पर सम्बन्धित गाव के नाम आदि के विवरण के साथ न्यायालय मे देना होता था। यदि विवरण मे किसी प्रकार का परिवर्तन, त्रुटि या जालसाजी का सकेत मिलता था तो पटवारी पर मुकदमा भी चलता था। उन्हे अपना हिसाब निरीक्षणार्थ कलेक्टर के पास भेजना पडता था।[76]

---

75 वीर पृष्ठ–४१५

76 बगाल रेग्यूलेशन्स, प्रथम, पृष्ठ–२५६–२६१

उपसंहार

अध्याय-६

उपसंहार

भारत के पूर्वी उत्तर प्रदेश की वैभवशाली सस्कृति जग प्रसिद्ध है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद अपने प्राचीन गौरव और गरिमा के लिए अपना विशिष्ट स्थान रखते है। इसी प्रदेश का अंग बनारस अस्सी और वरुणा नदियो के निकट गगा के किनारे स्थित ऐतिहासिक वैभव से युक्त आज भी अपनी समृद्धशाली सस्कृति का प्रतीक है। बनारस नगर के निकट जौनपुर, मिर्जापुर और गाजीपुर जिले अठारहवी शताब्दी मे बनारस मण्डल के महत्वपूर्ण अग रहे हैं। इन सभी नगरों की अपनी विशिष्ट सभ्यता और सस्कृति रही है।

अनेक विदेशी आक्रमणकारियो ने बनारस मण्डल के वैभव को नष्ट करने का प्रयास किया। यही नही बादशाह औरगजेब ने तो यहॉ के मदिरो, धार्मिक स्थलो को ध्वस्त करने के बाद इस पवित्र नगर का नाम ही बदल डाला। किन्तु उसके द्वारा दिया गया नाम 'मुसलमानो का शहर मात्र उसके उत्तराधिकारियो द्वारा चलाये गये सिक्को तक ही सिमित रह गया।

मुगल शासन के पतन के बाद १७१६ में फर्रुखसियर की हत्या कर दी गई जिससे बनारस का उत्तरदायित्व क्रमश मुहम्मद शाह, मुर्तजा खॉ, सहादत खॉ, और रुस्तमअली के हाथो से गुजरता हुआ बनारस के भूमिहार ब्राह्मण मनसाराम तक पहॅचा। मनसाराम को बनारस के सत्तारूढ परिवार का सस्थापक कहा जा सकता है। उसकी मृत्यु के बाद

उसका पुत्र बलवत सिह दिल्ली के सम्राट से राजा की उपाधि प्राप्त कर राजसिहासन पर बैठा। बलवत सिह के बाद उसकी पुत्री के पुत्र महीपनारायण और अवैध पुत्र चेतसिह मे गद्दी को लेकर विवाद उठ खडा हुआ। महीपनारायण अवयस्क था। चेतसिह ने रिश्वत आदि देकर साढे बाईस लाख वार्षिक राजस्व पर बनारस का राजसिहासन प्राप्त कर लिया। यह सब वारेन हैस्टिग्स और अवध के नवाब शुजाउद्दौला की आपसी बात चीत से निश्चित किया गया। किन्तु नवाब की मृत्यु के बाद उसके पुत्र आसफउद्दौला ने बनारस प्रान्त अग्रेजो को दे दिया जिसे बडी ही कठिनाई से अग्रेज रेजीडेन्ट के आधीन रह कर चेतसिह ने पुन प्राप्त किया।

राजा चेतसिह द्वारा गर्वनर जनरल के आन्तरिक झगडे मे फ्रासिस का साथदेने के कारण हैस्टिग्स उससे अत्यधिक क्रुद्ध हुआ। इस कारण चेतसिंह अपनी निष्ठा और सेवा भाव के होते हुए भी है हैस्टिग्स की सद्भावना नही प्राप्त कर सका। हैस्टिग्स उसे परेशान और अपमानित करने के लिए दृढ प्रतिज्ञ था।

चेतसिह सरल व्यक्तित्व का स्वतन्त्रताप्रिय व्यक्ति था। किन्तु उसने अपनी स्वामी भक्ति प्रदर्शित करने मे कमी नही किया।। वह राजस्व की रकम निरन्तर जमा करता रहा। हैस्टिग्स द्वारा नित्य नई माग और राजस्व की दिन प्रतिदिन बढती रकम चेतसिह के लिए कठिनाई का कारण बनती गई। एक समय ऐसा भी आया जब उसने हैस्टिग्स की माग पूराकरने मे असमर्थता जतायी। वास्तव मे हैस्टिग्स चाहता भी यही था।

हैस्टिग्स द्वारा २००० घुडसवारो की माग को चेतसिह द्वारा न पूर्ण कर पाना बहुत बडा अपराध निर्धारित किया गया। इसके लिए दण्ड देने हैस्टिंग्स स्वय बनारस पहुँचा। चेतसिह बन्दी बना लिया गया किन्तु उसकी सेना ने बडी बहादुरी और उत्साह से अग्रेजी सेनाको पराजित किया। चेतसिह भाग निकला किन्तु सेनाके इस विद्रोह का अग्रेजो ने शीघ्र ही दमन कर दिया। चेतसिह को महादजी सिन्धिया की शरण लेनी पडी। हैस्टिग्स का चेतसिह के प्रति जो व्यवहार था उससे यह स्पष्ट होता है कि वह उसके स्वतत्रता-प्रिय होने का प्रबल विरोधी था। उसे अपमानित करने के लिए और उसकी शक्ति क्षीण करने के लिए सबसे अच्छा तरीका यही था कि उससे तब तक धन की माग की जाय जब तक कि वह उसका विरोध न करे। हैस्टिग्स की योजना सफल हुई।

यद्यपि हैस्टिग्स इस तथ्य से भी परिचित था कि बाह्य सुरक्षा और समय पर सहायत के लिए बनारस राज्य का विशेष महत्व है। इसी कारण वह बनारस के राजा और कम्पनी के बीच स्थिर मैत्री सम्बन्ध का पक्षपाती था। किन्तु वह इतना अधिक स्वार्थी और चचल मनोवृत्ति का व्यक्ति था कि अपनी बात पर अधिक समय तक टिक नही पाता था। चेतसिह के प्रति वह बदले के भाव से ग्रसित था।

बनारस में कानून व्यवस्था मे कमी, मराठो से गुप्त वार्ता, बढते अपराध, सैनिक विद्रोह आदि कुछ ऐसे कारण थे जिनके लिए हैस्टिग्स का यह विचार था कि चेतसिह की इच्छा से यह सब होता रहा है। उसकी निष्ठा सदिग्ध बतायी गयी जब कि समस्त तथ्यो का अवलोकन करने से यह प्रकट होता हैकि प्रारम्भ मे चेतसिह हैस्टिग्स के प्रति निष्ठावान और

सहृदय था किन्तु वारेन हैस्टिग्स के कपटपूर्ण और द्वेषपूर्ण व्यवहार के कारण वह विद्रोही बन गया।

असीमित धनराशि की माग न पूर्ण करना चेतसिह की स्वेच्छा से अधिक इस कारण भी हुआ क्योकि राजकीय कोष धीरे–धीरे खाली होता जा रहा था। राजा आर्थिक सकट मे था। हैस्टिग्स सन्धि द्वारा निर्धारित रकम प्राप्त करने पर भी सन्तुष्ट नही था। यह उसकी कटुता और चेतसिह को अपमानित करने की स्पष्ट साजिश थी। इन सबसे अलग जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण था,‡ वह था भारत मे एक छत्र राज्य की स्थापना जिसके लिए अग्रेज शासक कुछ भी कर सकने के लिए सदैव तत्पर रहते थे। इस सन्दर्भ की इस तथ्य से पुष्टि होती है कि चेतसिह के बाद महीपनारायण को उत्तराधिकार तो सौपा गया किन्तु न्याय प्रशासन और राजस्व का अधिकार १७६४ मे अग्रेजो ने अपने हाथ मे ले लिया। १७६५ मे बनारस का राज्य प्रशासन बगाल की भाति हो गया। इस प्रकार क्रमश ब्रिटिश शासन द्वारा बनारस के निकट के जनपद भी ले लेने का प्रयास होने लगा। १८०० मे सर्वप्रथम जौनपुर, तत्पश्चात गाजीपुर और फिर मिर्जापुर भी सम्मिलित हो गया।बनारस मडल मे और प्रत्येक जनपद मे प्रशासनिक व्यवस्था कर ली गई।

मध्यकालीन समाज मे व्याप्त जटिल परिस्थितिया,आर्थिक अस्थिरता तथा औरगजेब की अनुदार नीतिया भारत मे मुगलशासन के पतन का कारण थीं। जिन उद्योग धन्धो और व्यवसाय को मुगलकाल मे उन्नति के शिखर पर पहुँचाया गया था उन्हे ही ईस्ट इडिया कम्पनी ने अपने व्यापार का माध्यम बनाया। प्रचलित पूर्वी उत्तर प्रदेश मे उद्योग धन्धे जैसे नील,

अफीम, शोरा, नमक, रेह का उत्पादन तथा धातु निर्मित वस्तुओ एव सूती रेशमी वस्त्रो का निर्माण कार्य उन्नति की दशा मे था।

नील की खेती भारत मे प्रचीन काल से ही होती रही। पूर्वी उत्तर प्रदेश मे गाजीपुर क्षेत्र मे नील का वृहद पैमाने पर उत्पादन और व्यापार होता था। इससे होने वाले लाभ का आकर्षण इतना अधिक था कि कम्पनी के कर्मचारी जैसे गिल्प्रिस्ट और चार्ट्स ने स्वय नील की खेती करना प्रारम्भ कर दिया। इस हस्तक्षेप से स्थानीय उत्पादको और अग्रेज कर्मचारियो के मध्य तनाव की स्थिति भी व्याप्त हुई जिसका निराकरण डकन द्वारा करने का प्रयास किया गया। सभी पहलुओ का अध्ययन करने से यह प्रकट होता है कि यद्यपि नील का उत्पादन साधारण जनता के हितार्थ नही था किन्तु इग्लैण्ड के लिए निश्चित रूप रूप से यह आर्थिक लाभ का एक स्रोत था।

अफीम उद्योग पर बनारस मण्डल का आधिपत्य था। १८वी० शताब्दी के मध्य अफीम उद्योग को लेकर भारतीय और योरोपीय कारखानो मे प्रतिस्पर्धा की भावना व्याप्त हो गई जिससे इसका मूल्य १००/– रु० से १५०/–रु० प्रति पेटी हो गया/१७७३ मे हैस्डिग्स ने इस उद्योग पर पूर्णत सरकारी आधिपत्य स्थापित कर दिया। अग्रेजी सरकार अफीम का अधिक से अधिक लाभ स्वय लेना चाहती थी। उसकी नीतिया मे बराबर परिवर्तन होता रहा। कभी ठेके द्वारा तो कभी प्रतिनिधि द्वारा अफीम का उद्योग कराया जाता रहा। इसकी वृद्धि के लिए तथा तस्करी रोकने के लिए अनेक नियम बनाये गये किन्तु व्यापार मे गिरावट आ गयी। बाद मे एजेन्सी नीति लागू की गई। अफीम की गुणवत्ता मे सुधार किया गया और

अनियमितता बरतने पर कठोर दण्ड का प्राविधान किया गया। अफीम के उत्पादन को सीमित करने के लिए प्रतिवर्ष १५०० मन की सीमा निर्धारित की गई।

१८वी० शताब्दी मे पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुगरा, गरवारा, रारी, सिगरामऊ जफराबाद और गोपालपुर मे तथा जौनपुर और बनारस मे नमक बनाने का कार्य होता था। सरकार की नीति के अनुसार जौनपुर मे साल्ट महल बनाया गया और नमक जैसे छोटे उद्योग पर टैक्सा लगाया गया। इससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पडा।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के बनारस मण्डल के चवसा केवली ग्राम तथा गाजीपुर जिले के खेतीपुर ग्राम मे शोरा का उत्पादन होता था जिसका मुख्य प्रयोग बारूद बनाने मे किया जाता था। १८वी शताब्दी मे योरप के युद्धो मे इसकी माग बढ जाने से इसका आयात बनारस से भी होने लगा।

सम्पूर्ण बनारस नगर कारखानो से सुसज्जित रेशम वस्त्र उद्योग का समृद्ध केन्द्र था। मूल्यवान रेशमी वस्त्र, उच्च कोटि के सूती वस्त्र, सोने चॉदी के हौदे, पालकी, कुर्सी, आभूषण, सोना–चॉदी के तार आदि का निर्माण और व्यापार उन्नतिशील दशा मे थे। आय के इस वृहद स्रोत का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए ब्रिटिश सरकार स्थानीय राजस्व से प्राप्त धन से सम्पूर्ण माल क्रय कर लेती थी। और स्वय उसका व्यापार करती थी। भारतीय उद्योग धन्धो के शोषण का यह एक अग्रेजी नीति या तरीका बन गया था।

पीतल व धातु से निर्मित वस्तुए, केवडा जल, इत्र, गुलाब जल, सुगन्धित तेल का उत्पादन क्रमश बनारस, गाजीपुर, और जौनपुर मे होता था। खोजवा लकडी के बने खिलौनो का प्रमुख केन्द्र था। वहॉ खिलौने का निर्माण एव व्यापार होता था। इसके अतिरिक्त ईट उत्पादन तथा पान और तत् सम्बन्धी सामग्री का व्यापार भी उच्च कोटि के रूप मे जाना जाता था।

१८वी शताब्दी का पूर्वी उत्तर प्रदेश आर्थिक दृष्टि से समृद्ध और आत्मनिर्भर था किन्तु ब्रिटिश नीति के अन्तर्गत दिन प्रतिदिन स्थिति गिरती गई। व्यापार और उद्योग का भरपूर शोषण हुआ। इग्लैण्ड की औद्योगिक क्रान्ति के कारण यहा का सम्पूर्ण कच्चा माल जबरन कम से कम मूल्य मे क्रय करके ईग्लैण्ड भेज दिया जाता था। धीरे–धीरे उद्योगधन्धे बन्द होने लगे। मशीनरीकरण और औद्योगिक क्रान्ति के कारण भारतीय परिवेश के साथ ही साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश मे भी परिवर्तन आया। जिनके पास पूॅजी थी उन्होने अपनी पूॅजी उद्योग स्थापित करने मे लगायी। कारखानो मे मजदूरो के श्रम की आवश्यकता बढी। समाज मे एक धनी वर्ग जिसमे बडे व्यापारी उद्योग पति थे तथा दूसरा श्रमिक वर्ग जिसमे गरीब मजदूर था स्थापित हुआ। इसके अतिरिक्त एक तीसरे वर्ग जिन्हे मध्यम वर्ग कहा जाता था का जन्म हुआ। गरीब और अमीर के बीच का अन्तर बढता गया। मध्यम वर्ग मात्र शोषण का शिकार था। किन्तु धनी जमीदार, उद्योग पति और साहूकार अग्रेजी के प्रति निष्ठवान बने रहे। अग्रेजी आर्थिक शोषण के फलस्वरूप भारत के विभिन्न भागो की तरह पूर्वी उत्तर प्रदेश भी आर्थिक विपन्नता का शिकार बनता गया।

